नई दिल्ली
शुक्रवार 8 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 19
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38.5
न्यून. 26.8

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



सीएम ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना

## 21 नदियों का पवित्र जल ले सोमनाथ यात्रा के लिए 1100 यात्री हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीएम मोदी के नेतृत्व में विरासत से विकास की यात्रा प्रारंभ: मुख्यमंत्री

प्रदेश से पहली बार सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा गुरुवार को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को रवाना किया। दो कलशों में 21 नदियों का पवित्र जल लेकर लेकर 1100 श्रद्धालु सोमनाथ के लिए रवाना हुए हैं। इसी जल से भगवान सोमनाथ का अभिषेक किया जाएगा। ट्रेन रवाना होने से पहले आरकेएमपी के प्लेटफार्म ▶▶ शेष पेज 7 पर

40 साल पुराने पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम की जगह लेगी आधुनिक तकनीक, यात्रियों को मिलेगी ज्यादा सुविधा

# रेलवे रिजर्वेशन सिस्टम में होगी बड़ी ओवरहॉलिंग अगस्त से यात्रियों को होगा फील-गुड का अहसास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे यात्रियों को बेहतर और तेज सुविधाएं देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। रेल मंत्रालय ने घोषणा की है कि अगस्त से ट्रेनों को नए और अत्याधुनिक पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम में शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

रेल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने



अश्वनी वैष्णव



सिस्टम से नए सिस्टम में ट्रेनों के ट्रांसफर के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। रिजर्वेशन सिस्टम को पारदर्शी आधुनिक डिजिटलीकरण से रेल यात्रियों को कन्फर्म टिकट ज्यादा से ज्यादा मिलने की गुंजाइश बन सकेगी।

रेल मंत्रालय का कहना है कि नए रिजर्वेशन सिस्टम से प्रतिदिन यात्रा करने वाले लाखों यात्रियों को सीधा फायदा होगा। नई तकनीक से टिकट बुकिंग का दबाव कम होगा, सिस्टम की स्पीड बढ़ेगी और पीक सीजन में सर्वर पर लोड को बेहतर तरीके से संभाला जा सकेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार नए सिस्टम को ▶▶ शेष पेज 7 पर

### 1986 में शुरू हुआ था मौजूदा सिस्टम

रेलवे का वर्तमान रिजर्वेशन सिस्टम वर्ष 1986 में शुरू किया गया था। पिछले चार दशकों में इसमें कई छोटे बदलाव किए गए, लेकिन अब पहली बार इसे पूरी तरह आधुनिक तकनीक के अनुरूप विकसित किया गया है। रेल मंत्रालय के अनुसार नए सिस्टम की क्षमता पहले की तुलना में काफी बढ़ाई गई है, जिससे टिकट बुकिंग प्रक्रिया अधिक तेज, पारदर्शी और भरोसेमंद बनेगी।

### डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा में बड़ा कदम

भारतीय रेलवे ने वर्ष 2002 में इंटरनेट आधारित टिकट बुकिंग सेवा शुरू करने के बाद लगातार डिजिटल परिवर्तन की दिशा में काम किया है। इसी क्रम में पिछले वर्ष जुलाई में रेलवे ने रेल ऑनलाइन मोबाइल ऐप लॉन्च किया था, जिसे यात्रियों का जबरदस्त समर्थन मिला। रेल मंत्रालय के मुताबिक अब तक इस ऐप को देशभर में 3.5 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। ऐप में इस वर्ष एआई आधारित "कन्फर्मेशन प्रॉबेबिलिटी प्रेडिक्शन" फीचर भी जोड़ा गया, जो यात्रियों को यह अनुमान देता है कि वेटिंग टिकट कन्फर्म होने की कितनी संभावना है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
डीसी — केकेआर
शाम 7.30 बजे से

ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारत ने दिया पाकिस्तान को कड़ा संदेश

# सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं...सीमा पार मौजूद आतंक के किसी ठिकाने की अब खैर नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई सशस्त्र सेनाओं की संयुक्त कार्रवाई, 'ऑपरेशन सिंदूर' को गुरुवार को एक साल पूरा हो गया है। लेकिन इस अवसर पर भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त अंदाज में यह संदेश दे दिया है कि वो कहीं से भी इस अभियान को खत्म हुआ मानने की गलती न करे।

क्योंकि यह तो नई दिल्ली की शुरुआत का महज एक ट्रेलर था। जबकि आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई बदस्तूर जारी रहेगी। यह भारत का 'न्यू नार्मल' है, जिसमें सीमा पार मौजूद कोई आतंकवादी अड्डा अब सुरक्षित नहीं है। उन्हें नष्ट करने के लिए जवाब देने का समय, तरीका, प्रकृति परिस्थितियों के मुताबिक तय की जाएगी। अब हम आतंकवाद के खिलाफ और अधिक आक्रामक रणनीति अपनाएंगे। इतना ही नहीं अगली बार वो भारत ही होगा जो ▶▶ शेष पेज 7 पर

**जयपुर में हुई तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई**

**भारत ने साफ किया अपना कूटनीतिक रुख, आतंकवाद के साथ नहीं होगी कोई बातचीत, आईडब्ल्यूटी स्थगित है**



### 100+ आतंकियों का किया खात्मा

यहां बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले को पाकिस्तान के पाले-पोसे संगठन लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकियों ने अंजाम दिया था। जिसमें उन्होंने बड़ी ही निर्ममता से कुल 26 लोगों (25 भारतीय, 1 नेपाली नागरिक शामिल) की जान ले ली थी। जवाब में भारत ने पिछले साल 7 मई ▶▶ शेष पेज 7 पर

### यूं दोहराई दुष्यंत की पंक्तियां

लेफ्टिनेंट जनरल घई जो वर्तमान में भारतीय सेना के उप-प्रमुख (रणनीति) के पद पर तैनात हैं। उन्होंने सम्मेलन में हिंदी भाषा के कवि दुष्यंत कुमार की प्रसिद्ध पंक्तियों को दोहराते हुए कहा, सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं, मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए। इसके पीछे का मकसद यही है कि आज 12 महीने बीतने के बाद हम न केवल अपने उस अभियान को याद करते हैं। बल्कि उसके पीछे के सिद्धांत को भी स्मरण में रखते हैं। जिसमें यह स्पष्ट है कि हम ▶▶ शेष पेज 7 पर

### निशाना केवल आतंकी कैंप थे

उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर गोल्ड स्टैंडर्ड है, जो देश की संयुक्त सैन्य क्षमता, आत्मनिर्भरता और सटीक युद्ध रणनीति की मिसाल पेश करता है। अभियान में सेना, वायुसेना, नौसेना और बीएसएफ ने एकजुटता से काम किया, आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। स्वदेशी ब्रह्मोस, आकाश व अन्य मिसाइल सिस्टम ने अभियान में अहम भूमिका निभाई। ये हमारी एक बेहद योजनाबद्ध और सीमित सैन्य कार्रवाई थी। जिसमें सेना ने सटीकता से दुश्मन के लक्ष्यों पर ▶▶ शेष पेज 7 पर

### आतंकवाद अब कतई बर्दाश्त नहीं

एयर मार्शल भारती ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने वायुशक्ति को फिर से स्थापित किया है। शांति को कमजोरी समझने वालों को करारा जवाब दिया गया। इस अभियान पर अभी फिलहाल अस्थायी रोक लगी हुई है। यह पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। आवश्यकता पड़ने पर इसे किसी भी क्षण शुरू किया जा सकता है। जो हमारी आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) की नीति का हिस्सा है। यह तथ्य हमेशा याद रखा जाना चाहिए कि युद्ध बयानों पर नहीं, तथ्यों से जीते जाते हैं। पाकिस्तान भारत को कोई बड़ा नुकसान ▶▶ शेष पेज 7 पर



अस्पताल में जमा भीड़

पीए चंद्रनाथ की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा

## सुवेंदु के पीए का सीना चीरकर पार निकल गईं थी 3 गोलियां

**हत्यारों का अभी तक कोई सुराग नहीं**

**अत्याधुनिक ग्लॉक 47 एक्स पिस्टल का इस्तेमाल**



सुवेंदु भी मौके पर पहुंचे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के 42 वर्षीय पीए चंद्रनाथ रथ की बुधवार रात कोलकाता से अपने घर लौटते हुए मध्यमग्राम में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाइक सवार हमलावरों ने बेहद करीब से चंद्रनाथ की स्कॉर्पियो कार पर फायरिंग की थी। उनके ड्राइवर बुद्धदेब बेरा की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। जांच के लिए सीआईडी और फॉरेंसिक ▶▶ शेष पेज 7 पर

### सुवेंदु बोले- मैंने ममता को हराया, इसलिए मेरे पीए की हत्या हुई

सुवेंदु अधिकारी ने अपने पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या का आरोप टीएमसी पर लगाया है। उन्होंने कहा कि मैंने पश्चिम बंगाल की भवानीपुर सीट से ममता बेनर्जी को हरा दिया, इसलिए उन्होंने मेरे सहयोगी चंद्रनाथ ▶▶ शेष पेज 7 पर

खबर संक्षेप

### देशभर में पब्लिक वाई-फाई के लिए एक पासवर्ड होगा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार देशभर में एक नए और एडवांस्ड पब्लिक वाई-फाई सिस्टम पर काम कर रही है। नए सिस्टम के तहत यूजर्स को अब हर वाई-फाई हॉटस्पॉट पर अलग-अलग ओटीपी के जरिए लॉगिन नहीं करना पड़ेगा। एक बार ओटीपी या पासवर्ड के जरिए लॉगिन कर सकेंगे। ट्राई ने एक कंसल्टेशन पेपर जारी किया है और लोगों से सुझाव मांगे हैं। देशभर में मौजूद लगभग 4 लाख वाई-फाई हॉटस्पॉट्स का इस्तेमाल कर सकेंगे। इस दिशा में टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी फाई फ्रेमवर्क में सुरक्षा को भी प्राथमिकता दे रही है।

### मैसूर में बस स्टैंड के पास लगवाई शीशे वाली दीवार



मैसूर। भारत के शहरों की सड़कों पर अक्सर लोग खुले में पेशाब करते हैं। इस वजह से अन्य लोगों और महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए कर्नाटक के मैसूर प्रशासन ने भी एक अनोखा तरीका ढूंढ निकाला है, जिससे लोग खुले में पेशाब करने से पहले कई बार सोच रहे हैं और यह आइडिया लोगों को खूब पसंद आ रहा है। जब वीडियो वायरल हुआ तो लोग तरह-तरह के कमेंट भी कर रहे हैं। मैसूर सिटी कॉर्पोरेशन ने मैसूर सेंट्रल बस स्टैंड के पास एक खास चमकदार दीवार प्रोजेक्ट शुरू किया है। जो चर्चा में आ गया है।

शपथ ग्रहण समारोह में मोदी से खास अंदाज में मिले नीतीश

## पीएम ने नीतीश का हाथ पकड़ा और पास बुलाया, दिखी गर्मजोशी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ पटना

बिहार में गुरुवार को सम्राट चौधरी सरकार का कैबिनेट विस्तार हुआ। शपथ ग्रहण के समापन के बाद जब पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में आए लोगों का अभिवादन कर रहे थे, तभी मंच पर कुछ ऐसा हुआ जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। दरअसल, पीएम मोदी ने अपने से कुछ दूरी पर खड़े पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बुलाया और हाथ पकड़कर अपनी तरफ ले आए। इसके बाद दोनों नेता मुस्कुराते नजर आए और फिर नीतीश कुमार ने अपने हाथ पीएम नरेंद्र मोदी के कंधों पर हाथ रखते हुए कुछ कहते नजर आए और इस दौरान सीएम सम्राट चौधरी, कैबिनेट मंत्री विजय सिन्हा उनकी बातों को ध्यान से सुनते दिखाई दिए।



किसानों की आय बढ़ाने को बनेगा फल सेक्टर का एक्शन प्लान

## फलों की गुणवत्ता, शेल्फ लाइफ और निर्यात पर सरकार का बड़ा फोकसः चौहान

**गुणवत्ता से ग्लोबल मार्केट तक : फलों पर राज्य के साथ मिलकर केंद्र सरकार का बड़ा विजन**

**यूपी बनेगा प्रीमियम फल उत्पादन और निर्यात का बड़ा हब; लखनऊ में "फ्रूट होराइज़न 2026" में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने की सहभागिता**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लखनऊ के आईसीएआर– केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) में आयोजित "फ्रूट होराइज़न 2026" में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह



चौहान ने साफ कहा कि अब केवल ज्यादा उत्पादन से बात नहीं बनेगी, बल्कि भारत को वैश्विक फल बाजार में मजबूत पहचान दिलाने के लिए गुणवत्ता, शेल्फ लाइफ, प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स और निर्यात मानकों पर गंभीरता से काम करना होगा। उन्होंने जोर दिया कि खेती को खेत तक सीमित नहीं रखा जा सकता; अब उत्पादन से लेकर ▶▶ शेष पेज 7 पर

खांडसा रोड पर पदयात्रा और जनसभा के जरिए भाजपा पर हमला बोलेंगे विपक्ष के नेता

## गुरुग्राम में राहुल गांधी की 'सद्भाव यात्रा' आज, हरियाणा कांग्रेस में नई ऊर्जा भरने की कोशिश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज गुरुग्राम में कांग्रेस की 'सद्भाव यात्रा' में शामिल होंगे। हरियाणा की राजनीति में इसे कांग्रेस के लिए एक बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी नेताओं का मानना है कि राहुल गांधी की मौजूदगी न केवल कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरेगी, बल्कि राज्य में बिखरी हुई कांग्रेस इकाइयों को एक मंच पर लाने का भी संदेश देगी। कांग्रेस द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार राहुल गांधी शुक्रवार शाम 4:30 बजे हरि नगर स्थित सब्जी मंडी से खांडसा रोड पर स्थित एस.डी. स्कूल तक 'सद्भाव यात्रा' में भाग लेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे एस.डी. स्कूल परिसर में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह यात्रा पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा निकाली जा रही राज्यव्यापी 'सद्भाव यात्रा' का हिस्सा है, जो पिछले कई महीनों से हरियाणा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से गुजर रही है। यात्रा का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द, भाईचारा और भाजपा सरकार के खिलाफ जनमत तैयार करना बताया जा रहा है।

### गुटबाजी के बीच शक्ति प्रदर्शन

हरियाणा कांग्रेस लंबे समय से अंदरूनी खींचतान और गुटबाजी से जूझ रही है। ऐसे में राहुल गांधी की यात्रा को पार्टी नेतृत्व द्वारा संगठनात्मक एकजुटता के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि इस कार्यक्रम में राज्य कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता ▶▶ शेष पेज 7 पर

### 'भारत जोड़ो यात्रा' की तर्ज पर राजनीतिक संदेश

कांग्रेस इस यात्रा को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर जनसंपर्क अभियान के रूप में प्रस्तुत कर रही है। पार्टी नेताओं के अनुसार यात्रा के दौरान बेरोजगारी, महंगाई, किसान मुद्दे, कानून-व्यवस्था, सामाजिक ध्रुवीकरण और चुनावी पारदर्शिता जैसे विषय प्रमुख रूप से उठाए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राहुल गांधी का गुरुग्राम दौरा ऐसे समय हो रहा है जब हरियाणा में कांग्रेस लगातार भाजपा सरकार पर "वोट चोरी" और लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग के आरोप लगा रही है। हाल ही में राहुल गांधी ने हरियाणा सरकार को "घुसपैठियों की सरकार" बताते हुए चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लगाए थे।

GLA UNIVERSITY
Accredited with A+ Grade by NAAC
Mathura | Greater Noida
28 Years
ADMISSION OPEN 2026-27
COURSES OFFERED
B.Tech.
Computer Science & Engineering
AIML
AI and Analytics in collaboration with intel. | NEC
Electronics | Electrical | Mechanical
Civil | Biotechnology
MULTI-DISCIPLINARY EDUCATION
Engineering | Management | Commerce | Economics | Agriculture | Law | Biotechnology | Pharmacy | Education | Science & Humanities
SCHOLARSHIPS UPTO 90% FOR JEE MAIN ACHIEVERS
SCAN FOR REGISTRATION
Mathura Campus: 17km Stone, NH-44, Mathura -Delhi Road, P.O. Chaumuhan, Mathura-281406 (U.P.) India
Gr. Noida Campus: 15 A, Knowledge Park - II, Greater Noida - 201310 (U.P.) INDIA
EMPOWER YOUR GROWTH WITH GLA ONLINE | Find details at: online.gla.ac.in
+91-9027068068 | Visit us: www.gla.ac.in

### अपराधियों के खिलाफ चलाया अभियान

# पाकिस्तानी आतंकी और गैंगस्टर शहजाद भट्टी के छह शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



स्पेशल सेल के नेतृत्व में दिल्ली पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया है। इस ऑपरेशन के दौरान सैकड़ों अपराधी सलाखों के पीछे धकेले गये हैं। इस एक्शन में पाकिस्तानी आतंकी और गैंगस्टर शहजाद भट्टी के छह शूटर भी गिरफ्तार हुये हैं। भट्टी का नाम पंजाब में हुए कई ग्रेनेड हमलों में भी सामने आ चुका है। उसने लारेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल बिश्नोई को भी जान से मारने की धमकी दी थी।

एडिशनल सीपी पी एस कुशवाहा ने एक प्रैसवार्ता में बताया कि राजधानी को अपराध मुक्त बनाने व संगठित अपराध के नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए दिल्ली पुलिस ने एक बार फिर 'ऑपरेशन गैंग बस्ट-2' चलाया। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर स्पेशल सेल और सभी जिलों की टीमों ने मिलकर 48 घंटे का मेगा सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान दिल्ली समेत उत्तर भारत के पांच राज्यों में 1014 ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस कार्रवाई में 481 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को सबसे बड़ी कामयाबी आईएसआई समर्थित गैंगस्टर शहजाद भट्टी के नेटवर्क को ध्वस्त कर मिली है, जो दिल्ली व उत्तर प्रदेश में सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने की फिराक में था। 'ऑपरेशन गैंग बस्ट-1' जनवरी में चलाया गया था। इस बार का ऑपरेशन उससे अधिक केंद्रित और टारगेटेड था। पुलिस ने पहले ही 483 ऐसे अपराधियों की पहचान कर ली थी जो संगठित अपराध नेटवर्क का हिस्सा थे।

इन 48 घंटों में दिल्ली के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी दबिश दी गई। भट्टी के गुर्गे यूपी के अमरोहा, रामपुर, मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ व जम्मू-कश्मीर के राजौरी से पकड़े गए हैं। इस नेटवर्क के लिए हथियार सप्लाई करने वाले तीन गन-रनर पंजाब के फिरोजपुर, मोगा व अमृतसर से दबोचे गए। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई में 30 ऐसे शातिर अपराधी पकड़े गए हैं जो दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टरों के लिए काम करते थे। इनमें अर्श डल्ला, हाशिम बाबा, नासिर, गोगी गैंग, इरफान छेनू, कपिल सांगवान उर्फ नंदू, काला जठेड़ी, नीरज बवाना, सद्दाम गौरी, कौशल चौधरी व टिल्लू ताजपुरिया गैंग के गुर्गे शामिल हैं। पुलिस इन गैंग्स के खिलाफ मकोका के तहत भी कार्रवाई कर रही है। इस बार के ऑपरेशन में 130 घातक हथियार (पिस्तौल), 214 कारतूस, 73 चाकू, 19 लाख रुपये नकद, 24 गाड़ियां व करीब 19 किलो मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं।

## 'अस्पतालों, एवं टीपीए के कुचक्र से मरीजों को राहत दिलाना आवश्यक'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

- प्रवीन खंडेलवाल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर डिस्चार्ज में बीमा कंपनियों एवं अस्पतालों के बीच होने वाली अनावश्यक देरी को समाप्त करने की मांग की

दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को गुरुवार को एक पत्र लिखकर अस्पतालों से डिस्चार्ज के समय टीपीए (थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर), बीमा कंपनियों एवं अस्पतालों के बीच होने वाली अनावश्यक देरी को समाप्त करने हेतु तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। खंडेलवाल ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, महंगे बीमा प्रीमियम और कैशलेस इलाज की व्यवस्था के बावजूद यदि मरीज को अस्पताल से छुट्टी पाने के लिए घंटों या पूरा दिन प्रतीक्षा करनी पड़े, तो यह पूरी व्यवस्था की संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इलाज पूरा होने और डॉक्टर द्वारा फिट घोषित किए जाने के बाद भी मरीजों को केवल फाइलों, ई-मेल, दस्तावेजों और औपचारिक अनुमोदनों के नाम पर अस्पतालों में रोके रखना किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। इस संबंध में खंडेलवाल ने इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) के चेयरमैन को भी अलग से पत्र भेजकर बीमा कंपनियों और टीपीए के लिए सख्त एवं समयबद्ध दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि लोग स्वास्थ्य बीमा इसलिए लेते हैं ताकि बीमारी के समय उन्हें आर्थिक सुरक्षा और मानसिक राहत मिल सके, लेकिन आज स्थिति इसके ठीक विपरीत हो गई है।

बीमा सुविधा अब राहत का माध्यम बनने के बजाय अनेक मामलों में प्रशासनिक प्रताड़ना का कारण बनती जा रही है। खंडेलवाल ने कहा कि देशभर में लाखों बीमाधारक मरीजों को उपचार पूरा होने और डॉक्टर द्वारा छुट्टी दिए जाने के बावजूद घंटों तक अस्पतालों में केवल इसलिए रोके रखा जाता है क्योंकि टीपीए, बीमा कंपनियां और अस्पताल आपस में औपचारिकताओं, दस्तावेजों और स्वीकृतियों के नाम पर फाइलें घुमाते रहते हैं।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 08260025 | ग्रीन एस्पेक्ट एल इ डी सिगनल लाइटिंग | 2184 नग | 03-06-26 |
| 02 | 08261529 | स्टील वायर रोप | 577400 मीटर | 09-06-26 |
| 03 | 08260024 | येल्लो एस्पेक्ट एल इ डी सिगनल लाइटिंग | 3462 नग | 09-06-26 |
| 04 | 07260246 | फ्लेक्सबल्ल केबल शोर्ट विथ एंड कनेक्शन | 183 नग | 16-06-26 |
| 05 | 02261299 | मेअसुरिंग मोनिटरिंग रिले (एच टी एम एम आर) | 1061 नग | 29-06-26 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 10 / 2026–2027 दिनांक 07.05.2026 1526/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बाबू शाह, पुत्रः हरे राम राय, निवासीः झुग्गी नंबर–508, सफेदा झुग्गी, गीता कॉलोनी, दिल्ली** ने **FIR No.: 133/23, U/s: 356/379/411 IPC, पुलिस थाना गीता कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बाबू शाह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बाबू शाह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना गीता कॉलोनी, दिल्ली** के अभियुक्त **बाबू शाह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 08.07.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रेरणा राय
जेएमएफसी–02, कमरा नंबर 15,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5941/SHD/2026



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल, पुत्रः रमजान, पताः डब्ल्यूजेड–118, गांव सकुरपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 585/2019, U/s 420/392/394/395/411/34 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 585/2019, U/s 420/392/394/395/411/34 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री वंदना
अतिक्ति सत्र न्यायाधीश–02, उत्तर
कमरा नं. 202, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5999/ON/2026


### दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी किया नोटिस

# यमुना बाजार कॉलोनी के 310 परिवारों को घर खाली करने का निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में यमुना किनारे बसे लोगों को लेकर प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। निगम बोध घाट के पास स्थित यमुना बाजार कॉलोनी में रहने वालों को 15 दिन में जगह खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। इस आदेश के बाद इलाके में रहने वाले लोगों में चिंता बढ़ गई है। यह कॉलोनी यमुना नदी के किनारे बाढ़ क्षेत्र (फ्लडप्लेन) में स्थित है, जिसे प्रशासन ने ओ-जोन, यानी बेहद संवेदनशील बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित किया है। सरकार का कहना है कि यह इलाका हर साल बारिश और यमुना में पानी बढ़ने के दौरान बुरी तरह जलमग्न हो जाता है, जिससे लोगों की जान, मवेशी और संपत्ति को गंभीर खतरा पैदा होता है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमीन पर बने इस लगभग 310 मकानों वाले रिहायशी क्लस्टर को लेकर यह नोटिस दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की ओर से जारी किया गया है।

आदेश में साफ कहा गया है कि लोगों को 15 दिनों के भीतर यह इलाका खाली करना होगा। नोटिस में यह भी कहा गया है कि यह कदम आपदा प्रबंधन कानून के तहत लिया गया है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। प्रशासन का कहना है कि हर साल बाढ़ आने पर राहत और बचाव कार्यों में भारी संसाधन खर्च होते हैं और आम जनता को भी बड़ी परेशानी झेलनी पड़ती है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अगर लोग समय सीमा के भीतर जगह खाली नहीं करते हैं, तो प्रशासन बिना किसी और नोटिस के अवैध निर्माणों को हटाने और लोगों को हटाने की कार्रवाई करेगा। पिछले साल जब दिल्ली में बाढ़ आई थी, तब यह इलाका पूरी तरह पानी में डूब गया था। उस समय लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा था। कई परिवारों को राहत शिविरों में रहना पड़ा था और काफी नुकसान भी हुआ था।

#### लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया फैसला : अधिकारी

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौके पर पहुंची थीं और प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी स्थिति का जायजा लिया था। उन्होंने प्रशासन को राहत कार्य तेज करने के निर्देश भी दिए थे। अब प्रशासन ने इस इलाके को गंभीर खतरे वाला क्षेत्र मानते हुए स्थायी कदम उठाने की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि यह फैसला लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है, क्योंकि यमुना का जलस्तर हर साल मानसून में तेजी से बढ़ जाता है।

## बंगाल में हाल की घटनाएं बेहद दुखद और चिंताजनक : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बंगाल में हुई हिंसक घटनाओं पर गुरुवार को कहा कि बंगाल में हाल की घटनाएं बेहद दुखद और चिंताजनक हैं। हमारे एक भी कार्यकर्ता का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि बंगाल में हाल की घटनाएं बेहद दुखद और चिंताजनक हैं। हमारे वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी के सहयोगी की हत्या कानून व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर गंभीर चिंता पैदा करती है। राजनीतिक मतभेदों के बीच हिंसा की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। हम विश्वास करते हैं कि दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई होगी तथा पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। हमारे एक भी कार्यकर्ता का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। बंगाल में शांति, सुरक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सीएम ने किया सशस्त्र बलों को सलाम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को सशस्त्र बलों के साहस, शौर्य एवं वीरता को सलाम किया। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में, भारत ने पिछले साल सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए गए और कम से कम 100 आतंकवादियों को मार गिराया गया। रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना के अदम्य साहस, वीरता और शौर्य को सलाम। पिछले साल सात से 10 मई के बीच, तीनों रक्षा बलों ने बीएसएफ के साथ मिलकर पश्चिमी सीमा पर सैन्य अभियान चलाया था, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी एवं सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया था। यह अभियान 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में चलाया गया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इनमें से ज्यादातर पर्यटक थे।

## बारिश से प्रभावित किसानों को 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दे सरकार : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने रेखा गुप्ता सरकार से बेमौसम बारिश से प्रभावित राष्ट्रीय राजधानी के किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा देने की मांग की है। पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने मुख्यमंत्री को भेजे एक ज्ञापन में दिल्ली को कृषि राज्य का दर्जा देने की भी मांग की है।

ज्ञापन की एक प्रति उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू को भी भेजी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुप्ता सरकार किसानों और ग्रामीणों के मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। नरेश ने कहा कि दिल्ली के लगभग 197 गांवों में करीब 52 हजार हेक्टेयर भूमि पर खेती की जाती है, लेकिन यहां के किसानों की हालत देश के अन्य राज्यों के किसानों से भी बदतर हो चुकी है। नरेश ने आरोप लगाया कि किसानों को खाद, बीज और कीटनाशक तक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिसके कारण उन्हें हरियाणा और उत्तर प्रदेश से महंगे दामों पर ये चीजें खरीदनी पड़ रही हैं। उन्होंने मांग की कि किसानों को खाद, बीज और कीटनाशकों पर सब्सिडी दी जाए, कृषि शिक्षा के लिए बंद की गई प्रायोजित योजना को फिर से शुरू किया जाए तथा बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपये मुआवजा दिया जाए। नरेश ने चेतावनी दी है कि यदि दिल्ली सरकार ने किसानों की मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस गांव-गांव जाकर सरकार के खिलाफ बड़ा जन जागरण अभियान चलाएगी और किसानों के साथ हो रहे अन्याय को जनता के बीच उजागर करेगी।

## केजरीवाल दल पूरी तरह से हताश : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरुवार को कहा है कि सांसद संजय सिंह का भाजपा के मिशन पंजाब को वहां हुए बम धमाकों से जोड़ने की निंदा करते हुए इसे आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीतिक हताशा का परिणाम बताया है। सचदेवा ने कहा कि बंगाल, तमिलनाडु एवं केरलम अरविंद केजरीवाल ने जहां जिस पार्टी का साथ दिया वो राजनीतिक हाशिये से साफ हो गई और हाल ही के गुजरात नगर निकाय में खुद आप भी साफ हो गई और उसी के चलते आज केजरीवाल दल पूरी तरह हताश है। सचदेवा ने कहा है की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आज पंजाब में मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान से जुड़े कुछ बिल्डरों के दलालों के यहां ईडी रेड हुई तो करोड़ों रुपये से भरे बैग हवा में उड़ते देखे गये जिसने पंजाब के अनेक अधिकारियों, नेताओं एवं बिल्डरों के नेटवर्क की ओर इशारा किया है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली एवं पंजाब की जनता चाहती है की भाजपा के चुनावी मिशन पंजाब को शर्मनाक रूप से बम धमाकों से जोड़ने वाले संजय सिंह पंजाब में आज सरदार भगवंत मान के करीबियों द्वारा रेड पड़ने पर करोड़ों रुपये हवा में उड़ाने पर भी कुछ जवाब दें।

### श्रमिकों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच की पहल के लिए प्रधानमंत्री का आभार : कपिल

# 'केंद्र सरकार की सभी ऐतिहासिक पहलों को लागू करने में दिल्ली बनेगी रोल मॉडल'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



'श्रमेव जयते' संकल्प की दिशा में देश में नई श्रम संहिता के अंतर्गत 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच की पहल पर दिल्ली सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्री कपिल मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का दिल्ली सरकार की ओर से आभार व्यक्त किया। गुरुवार को ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बसई दारापुर से इस पहल के शुभारम्भ के दौरान कपिल मिश्रा ने कहा कि श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं दिल्ली सरकार की प्राथमिकता हैं। मिश्रा ने कहा कि योजना के अंतर्गत 40 वर्ष से ऊपर सबसे संवेदनशील आयु वर्ग होता है। अगर पहले से ही स्वास्थ्य परीक्षण हो जाएगा तो समय रहते उसका उपचार होगा। इससे श्रमिक भाइयों-बहनों के साथ ही उनका परिवार बड़ी विपत्ति से बच जायेगा। मिश्रा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पूरे देश में श्रमिकों के लिए जिस प्रकार की नीतियों का निर्माण किया जा रहा है, इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जा रहा है, कानून बनाए जा रहे हैं, उनमें प्रधानमंत्री का विशेष विजन रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में केंद्र सरकार की सभी योजनाएं पूरी तत्परता और प्रभावशाली तरीके से दिल्ली में लागू होंगी, और इन सभी ऐतिहासिक पहलों को लागू करने में दिल्ली एक रोल मॉडल के तरह कार्य करेगा। दिल्ली सरकार भी सभी लेबर कोड्स को तुरंत लागू करने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री लगभग हर महीने लेबर डिपार्टमेंट और कंस्ट्रक्शन वर्कर्स बोर्ड की बैठक लेकर समीक्षा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देशों और सुझावों पर दिल्ली सरकार लगातार सुधारों पर कार्य कर रही है। दिल्ली की महिला श्रमिक बहनों के लिए बहुत सारे नियमों में परिवर्तन किए हैं। उन्हें 24 घंटे काम करने में जो कानूनी बाधाएं आती थीं, उन सभी बाधाओं को दिल्ली सरकार ने दूर किया है। अब रात में भी दिल्ली की महिला श्रमिक बहनें चाहें तो विभिन्न प्रतिष्ठानों में काम कर सकती हैं।

मंत्री कपिल ने कहा कि दिल्ली में लिकर शॉप को छोड़कर अन्य प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने का भी फैसला लिया गया है। दिल्ली में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत पुलिस, नगर निगम और अन्य विभागों की आवश्यक अनुमतियों जैसी कई प्रक्रियाओं को सरल किया गया है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर पूर्णतया स्वचालित कोगुलोमीटर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 06.05.2026<br>20.05.2026 | रु.1,10,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर डिजिटल पीएच मीटर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 06.05.2026<br>20.05.2026 | रु.27,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2027/60/44974/I/88/7 दि. 07.05.26



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर माइक्रोपिप्पेट की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 07.05.2026<br>21.05.2026 | रु.45,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर डाई-इलैक्ट्रिक ट्यूब सीलर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 07.05.2026<br>21.05.2026 | रु.92,50,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2027/60/44981/I/88/7 दि. 07.05.26

## खबर संक्षेप

### मोती बाग फ्लाईओवर पर एम्बुलेंस में आग के बाद ऑक्सीजन सिलेंडर फटा

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के मोती बाग फ्लाईओवर पर गुरुवार शाम एक एम्बुलेंस में आग लग गई। इसके बाद ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया। आग से पास खड़ी एक मोटर साइकिल में भी आग लग गई। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। पुलिस के अनुसार सफदरजंग अस्पताल की एक कैट एम्बुलेंस समालखा में एक मरीज को छोड़ने के बाद वापस सफदरजंग अस्पताल लौट रही थी। शाम करीब 7:20 बजे, जब वह धौला कुआं से मोती बाग फ्लाईओवर के पास पहुंची, तो शॉर्ट सर्किट के कारण कंडक्टर की तरफ वाली सीट पर आग लग गई। ड्राइवर ने एम्बुलेंस को किनारे खड़ा कर दिया, लेकिन अचानक आग तेजी से फैल गई और अंदर रखा एक ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया। इसकी वजह से पास खड़ी एक मोटरसाइकिल में भी आग लग गई और वह जलकर खाक हो गई। एम्बुलेंस खाली थी इसलिए किसी के घायल होने की खबर नहीं है। आग बुझाने के लिए मौके पर दमकल की दो गाड़ियां पहुंची। कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया है।

### निर्माणाधीन इमारत की छत पर रेत के ढेर से मजदूर का सड़ा गला शव बरामद

**नई दिल्ली।** शाहदरा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक निर्माणाधीन इमारत की छत पर रेत के ढेर से मजदूर का सड़ा गला शव बरामद हुआ। बदबू आने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया है। मृतक की उम्र 35-40 वर्ष मानी जा रही है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के इलाके में पूछताछ कर तफ्तीश कर रही है। पुलिस के अनुसार बुधवार को शाहदरा थाने में निर्माणाधीन इमारत संख्या जे-4, नवीन शाहदरा से बदबू आने के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने चौथी मंजिल पर रेत बजरी के नीचे दबा हुआ अज्ञात पुरुष का सड़ा-गला शव बरामद किया। क्राइम और एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी भेजा गया है। प्रथम दृष्टया, यह मामला हत्या का प्रतीत होता है, जिसमें सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को छिपाया गया था। शाहदरा थाने में बीएनएस की धारा 103(1)/238(ए) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मृतक की पहचान स्थापित करने और आरोपी व्यक्ति को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सौतेले पिता ने नाबालिग को किया गर्भवती

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के बेगमपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से बलात्कार का मामला सामने आया। आरोपी और कोई नहीं बल्कि पीड़िता का सौतेला पिता पाया गया। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में बुधवार को बेगमपुर थाने में एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि एक नाबालिग लड़की गर्भवती है और उसने इसके लिए अपने सौतेले पिता पर आरोप लगाया है। इस जानकारी पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, महिला पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचीं और पीड़िता को एक सुरक्षित और शांत माहौल में ले जाया गया। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बताया कि उसका सौतेले पिता पिछले लगभग एक साल से उसके साथ बार-बार जबरदस्ती यौन संबंध बना रहा था, जिसके कारण वह गर्भवती हो गई। तुरंत पीड़िता को महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में सुरक्षित देखरेख में लिया गया और अस्पताल पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने यौन उत्पीड़न की पुष्टि की और बताया कि पीड़िता लगभग पांच महीने की गर्भवती है। इसके बाद उचित धाराओं के तहत एक केस दर्ज किया गया। पुलिस की एक विशेष टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह कार्टन गत्ते के बॉक्स बनाने का काम करता है।

### हर साल 250 एमबीबीएस सीटों पर होंगे दाखिले, कैंपस में होंगे आधुनिक हॉस्टल और रेजिडेंशियल ब्लॉक


# द्वारका में 805.99 करोड़ रुपये से बनेगा अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार द्वारका स्थित इंदिरा गांधी अस्पताल परिसर में अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज और छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल की स्थापना करेगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कुल अनुमानित लागत 805 करोड़ 99 लाख रुपये है। इस परियोजना को व्यय एवं वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंजूरी दे दी है। इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य वर्ष 2028 तक रखा गया है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस परियोजना के तहत मेडिकल कॉलेज के साथ छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल, फैकल्टी आवास और एक आधुनिक अकादमिक ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना दिल्ली में डॉक्टरों की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। मेडिकल कॉलेज को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। इससे यहां प्रति वर्ष 250 एमबीबीएस सीटों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। प्रारंभिक चरण में 150 छात्रों के साथ शिक्षण कार्य शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस परियोजना को चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में अकादमिक ब्लॉक, छात्रों के हॉस्टल और शिक्षकों के लिए आवास बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पहले चरण में करीब 1 लाख 17 हजार 246 वर्ग मीटर क्षेत्र में निर्माण होगा। इसमें लगभग 34 हजार वर्ग मीटर का बेसमेंट बनाया जाएगा, जहां पार्किंग और अन्य जरूरी सुविधाएं होंगी। अकादमिक ब्लॉक बहुमंजिला होगा, जिसमें क्लासरूम, लैब और अन्य आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। हॉस्टलों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था होगी, जबकि फैकल्टी के लिए भी आधुनिक और सुविधाजनक आवास तैयार किए जाएंगे। निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) करेगा, जबकि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग इसकी निगरानी करेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना की गुणवत्ता और समयसीमा का सख्ती से पालन किया जाए। इसके लिए क्वालिटी एश्योरेंस की व्यवस्था की जाएगी और कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में लागत वृद्धि और अनावश्यक देरी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही, सभी प्रक्रियाएं निर्धारित वित्तीय और प्रशासनिक नियमों के तहत पारदर्शी ढंग से पूरी की जाएंगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए आवश्यक उपकरणों की खरीद, स्टाफ की नियुक्ति, विश्वविद्यालय से संबद्धता और अन्य व्यवस्थाएं एनएमसी के मानकों के अनुरूप आगामी चरण में पूरी की जाएंगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह परियोजना केवल एक मेडिकल कॉलेज का निर्माण नहीं है, बल्कि दिल्ली के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक दूरदर्शी पहल है। सरकार का लक्ष्य है कि राजधानी के हर नागरिक को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिलें और इसके लिए डॉक्टरों की संख्या बढ़ाना बेहद जरूरी है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से न केवल दिल्ली बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भी बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और यह संस्थान भविष्य के कुशल डॉक्टर तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



#### बिल्डिंग को भूकंप से सुरक्षित बनाया जाएगा

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना में आधुनिक और टिकाऊ निर्माण तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। बिल्डिंग को भूकंप से सुरक्षित बनाया जाएगा और इसे ऊर्जा बचाने वाले डिजाइन के साथ तैयार किया जाएगा। ग्रीन बिल्डिंग मानकों के तहत यहां सोलर पावर, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, वॉटर रिसाइकिल, पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी और अच्छी हवा आने-जाने की व्यवस्था की जाएगी। परिसर को पूरी तरह दिव्यांगजन के अनुकूल बनाया जाएगा, जहां रैंप, लिफ्ट, ब्रेल संकेत और व्हीलचेयर के लिए आसान रास्ते उपलब्ध होंगे। साथ ही, सुरक्षा के लिए फायर सेफ्टी सिस्टम, सीसीटीवी निगरानी, फायर अलार्म और अन्य आधुनिक सुविधाएं भी लगाई जाएंगी।

### केंद्र सरकार द्वारा 25 हजार डाकघरों के नवीनीकरण का निर्णय दूरदर्शी सोच का परिचायक : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा देशभर में 25 हजार डाकघरों के नवीनीकरण का निर्णय दूरदर्शी सोच का परिचायक है और इन डाकघरों के पुनर्विकास अभियान की शुरुआत दिल्ली से होना राजधानी के लिए गर्व की बात है। यह बातें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को नेहरू प्लेस स्थित पुनर्विकसित पोस्ट ऑफिस 'जन सेवा कनेक्ट' के उद्‌घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर के साथ शामिल हुईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक डाकघर केवल पत्र और पार्सल सेवा तक सीमित माने जाते थे। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डाकघर बहु-उद्देशीय जनसेवा केंद्र के रूप में विकसित हो चुके हैं। अब डाकघरों में बैंकिंग, बचत योजनाएं, आधार सेवाएं, पासपोर्ट सेवाएं और डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आम नागरिकों को एक ही स्थान पर अनेक सेवाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जन सेवा कनेक्ट' की अवधारणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागरिक केंद्रित सुशासन के विजन को साकार करती है। डाकघरों को आधुनिक स्वरूप देने के साथ-साथ नागरिकों के अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया गया है। डाक कर्मचारियों की कार्य व्यवस्था, बैठने की सुविधा, आधुनिक डिजाइन और ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में जो परिवर्तन देखने को मिला है, वह अत्यंत प्रभावशाली है। डाकघर भारतीय समाज के भावनात्मक और सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। इस विशाल नेटवर्क को बंद करने के बजाय आधुनिक तकनीक और नई सेवाओं के माध्यम से पुनर्जीवित करना केंद्र सरकार की दूरदर्शी सोच और संवेदनशील नेतृत्व का उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में पुनर्विकसित डाकघर नागरिकों के लिए आधुनिक सुविधाओं, डिजिटल सेवाओं और विश्वसनीय जनसेवा के मजबूत केंद्र बनकर उभरेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि दिल्ली सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर इन सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने और अधिक से अधिक नागरिकों को इससे जोड़ने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

## नकली जीवन रक्षक दवाओं के अंतरराज्यीय रैकेट का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- क्राइम ब्रांच ने चार आरोपी किये गिरफ्तार, अवैध फैक्ट्री का पता चला

क्राइम ब्रांच ने नकली जीवन रक्षक दवाएं बनाने और बेचने में शामिल एक संगठित अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा किया है। मुखर्जी नगर से रैकेट चलाने वाले सरगना सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस रैकेट में प्रयागराज, यूपी से सरकार द्वारा सप्लाई की गई दवाओं को दूसरी जगह भेजना, उन पर नए लेबल लगाना और फिर दिल्ली एनसीआर तथा उसके बाहर अवैध रूप से बेचना शामिल था। पुलिस ने एक एक फैक्ट्री का भी पता लगाया है, जहां से बड़ी मात्रा में नकली दवाएं और मशीनरी बरामद की गई। जांच में पता चला कि इस नेटवर्क की सप्लाई चेन भारत के पूर्वोत्तर हिस्सों तक फैली हुई थी। आरोपी टीके, एंटीसीरम, इंसुलिन और एल्ब्यूमिन जैसी महत्वपूर्ण दवाओं के नकली संस्करण बेच रहे थे, जिससे जन स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा हो गया था।

पुलिस के अनुसार पकड़े गये आरोपियों के नाम मनोज कुमार जैन (56), राजू कुमार (57), विक्रम सिंह उर्फ सन्नी (32) और वतन (35) पता चले। दरअसल 22 अप्रैल को क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज-1 की टीम को दिल्ली क्षेत्र में नकली/सरकारी सप्लाई वाली दवाओं पर नजर रखने और उनके बारे में जानकारी इकट्ठा करने का निर्देश दिया गया था। इस कोशिश के दौरान एक संगठित गिरोह की गतिविधियों के बारे में सूचना मिली। यह गिरोह सरकारी सप्लाई वाली दवाओं को गैर-कानूनी तरीके से दूसरी जगह भेजने और उन्हें अवैध रूप से बेचने में लगा हुआ था। सूचना से पता चला कि यह गिरोह सरकारी वितरण के लिए तय दवाओं को सुनियोजित तरीके से इकट्ठा करता था। इसके बाद उनके असली लेबल और पहचान के निशान हटा देता था और धड़ल्ले से दिल्ली एनसीआर क्षेत्र और भारत के पूर्वोत्तर हिस्सों में बिना अनुमति के व्यावसायिक बिक्री के लिए उन्हें बेचता था। यह जानकारी तुरंत दिल्ली सरकार के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट को जरूरी तालमेल और कार्रवाई के लिए भेजी गई। इस जानकारी पर कार्रवाई करते हुए एक रेडिंग टीम बनाई गई। टीम मुखर्जी नगर में बत्रा सिनेमा के पास वाले इलाके में गई, जहां मुखबिर रेडिंग टीम से मिला और मकान नंबर साझा किया। इसके बाद इंदिरा विकास कॉलोनी के उक्त मकान नंबर की दूसरी मंजिल पर छापा मारा गया। ड्रग इंस्पेक्टर रवि कुमार यादव और मुकेश कुमार ने परिसर की तलाशी ली। रेड के दौरान मनोज कुमार जैन (56) मौके पर मौजूद मिला। उसे पकड़ परिसर की पूरी तरह से तलाशी लेने पर भारी मात्रा में दवाएं और उनसे संबंधित सामग्री बरामद हुई। मनोज की निशानदेही पर अन्य तीन लोग पकड़े गये।

## मच्छरों का प्रजनन पाए जाने पर एमसीडी ने 16 हजार 261 कानूनी नोटिस एवं 856 किए चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। एमसीडी ने डीएमसी एक्ट 1957 के अंतर्गत मलेरिया एवं मच्छर जनित रोग उपनियम के अंतर्गत जन स्वास्थ्य विभाग ने मच्छरों का प्रजनन पाए जाने पर 16 हजार 261 कानूनी नोटिस एवं 856 चालान भी किए हैं। वहीं निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के 4100 एमटीएस कर्मचारियों द्वारा 1 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक 121.5 लाख बार घरों का दौरा कर मच्छरों के प्रजनन की जांच की गई। निगम के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 79 हजार 298 घरों में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव किया गया है। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक सप्ताह नालियों,जलाशयों इत्यादि में लार्वारोधी दवा का छिड़काव किया जा रहा है। दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा मच्छरों के प्रजनन के संभावित स्थलों जैसे मालखानों, निर्माण स्थलों, विद्यालयों, कालोनियों, जलाशयों,नालों इत्यादि पर विशेष निरीक्षण अभियान चलाए जा रहे हैं और अब तक 8 ऐसे अभियान चलाए जा रहे हैं। मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम के लिए दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न जन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3 हजार 582 आरडब्ल्यूए सभाओं एवं 1 हजार 392 रैलियों का आयोजन किया गया है। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 हजार 2 स्टीकर चिपकाए गए एवं 1 हजार 792 बैनर प्रदर्शित किए गए। प्रत्येक वार्ड में मच्छरों के प्रजनन संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए व्हाट्सएप ग्रुपों का संचालन किया जा रहा है।

जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू,मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए अंतर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 20 फरवरी को दिल्ली में मलेरिया उन्मूलन के लिए मलेरिया सुपरवाइजर की बैठक का आयोजन किया गया एवं 26 फरवरी को कीट विज्ञानियों की तकनीकी बैठक का आयोजन किया गया।



#### कीटनाशक दवा का प्रचुर मात्रा में स्टॉक उपलब्ध

दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के पास मच्छर रोधी एवं लार्वा रोधी दवा जैसे एमएलओ, टैमीफॉस ग्रेन्यूल्स, बाईफेनथ्रिन, डाईफ्लूबेनज्यूरोन इत्यादि का स्टॉक प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

## पुल प्रहलादपुर में मुठभेड़ के बाद वांछित अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी दिल्ली के पुल प्रह्लादपुर इलाके में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। अपराधी के पैर में गोली लगी है। आरोपी सुनील उर्फ शेट्टी उर्फ देवा (50) को बुधवार देर रात एक डीडीए पार्क के पास से दबोचा गया। पुलिस के अनुसार मिली एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक टीम ने सुनील को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था। वह इस साल की शुरुआत में दर्ज लूट और गैर-इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में वांछित था। बुधवार रात करीब 10 बजे टीम ने उसे रोका तो देवा ने कथित तौर पर पुलिस कर्मियों पर गोली चला दी। आत्मरक्षा में पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक गोली उसके बाएं पैर में लगी। सुनील गोविंदपुरी पुलिस थाने का सूचीबद्ध बदमाश है और 1999 से ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। उसके कब्जे से एक देसी कट्टा और चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इसके खिलाफ दिल्ली में हत्या, हत्या के प्रयास, लूट और आर्म्स एक्ट से जुड़े 16 आपराधिक मामले दर्ज पाये गये हैं। सात मामलों में इसे दोषी भी ठहराया जा चुका है।



## तिहाड़ जेल के हत्या केस में वांछित आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपराध शाखा ने तिहाड़ जेल के भीतर हुई हत्या के सिलसिले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नजफगढ़ निवासी राकेश उर्फ टिंकू (32) का संबंध ज्योति बाबा गिरोह से बताया गया है।

पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि आरोपी अपनी अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने के बाद फरार हो गया था और अदालत ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। राकेश के कब्जे से एक सेमी ऑटोमेटिक ब्रेटा पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुये हैं। पुलिस के अनुसार पांच मई को अपराध शाखा की टीम को ज्योति बाबा गिरोह के इस गुर्गे की गतिविधियों के बारे में पुख्ता जानकारी मिली थी। एक टीम ने जाल बिछाकर उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते राकेश ने अपने साथी सचिन उर्फ छिकारा और अन्य के साथ मिलकर तिहाड़ जेल के अंदर राम निवास नामक व्यक्ति की हत्या की थी। इस संबंध में हरि नगर थाने में हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। राकेश के खिलाफ दिल्ली के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, लूट और शस्त्र कानून सहित 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ शस्त्र कानून की धाराओं के तहत एक नया मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



## शास्त्री पार्क इलाके में अधेड़ की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में बुधवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते एक अधेड़ उम्र के शख्स की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार शास्त्री पार्क थाने को बुधवार देर रात करीब 1:30 बजे चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम बुलंद मस्जिद के नजदीक मछली बाजार के पास घटनास्थल पर पहुंची। पता चला कि फखरुद्दीन (50) नामक व्यक्ति को चाकू मारा गया था। घायल को उसके परिवार वाले जेपीसी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शास्त्री पार्क थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। अधिकारियों ने बताया कि इंस्पेक्टर मंजीत तोमर एसएचओ शास्त्री पार्क के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान कबीर नगर, बाबरपुर निवासी मोहसिन (34) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसका पीड़ित के साथ पुराना विवाद था। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोहसिन पहले भी चोरी, झपटमारी और मारपीट जैसे सात आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## उपराज्यपाल ने डीडीए के 1,647 नव नियुक्त कर्मचारियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अध्यक्ष सरदार तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को डीडीए के 1,647 नव नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस पहल के अंतर्गत अभ्यर्थियों को प्राधिकरण में 26 विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। वर्तमान में डीडीए में लगभग 3,000 कर्मचारी कार्यरत हैं, और इस नई भर्ती से प्राधिकरण के कार्य बल में लगभग 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे विभिन्न विभागों की प्रशासनिक एवं परिचालन क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। यह उल्लेखनीय है कि हरित क्षेत्रों के विस्तार, सुदृढ़ आवास बिक्री, धरोहर संरक्षण, भविष्य उन्मुख योजना निर्माण तथा नरेला, द्वारका एवं रोहिणी में सब-सिटी के विकास के क्षेत्र में डीडीए द्वारा हाल ही में की गई पहलों के सफल कार्यान्वयन हेतु अधिक कार्मिकों की आवश्यकता थी। इस अवसर पर डीडीए के उपाध्यक्ष एन. सरवण कुमार, डीडीए के वरिष्ठ अधिकारीगण, नव नियुक्त कर्मचारियों के परिवारजन तथा अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। नव नियुक्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल संधू ने कहा कि आप केवल एक सार्वजनिक संगठन से नहीं जुड़ रहे हैं, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी के विकास और भविष्य की दीर्घकालिक दृष्टि के संरक्षक भी बन रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते दिल्ली की एक विशिष्ट पहचान है, जहां शासन व्यवस्था से अपेक्षाएं अत्यधिक एवं विविधतापूर्ण हैं। यह विश्व के समक्ष देश का प्रतिनिधि स्वरूप है। अतः आपकी भूमिका व्यक्तिगत दायित्वों तक सीमित न होकर शहरी एवं राष्ट्रीय परिवर्तन की व्यापक संरचना का हिस्सा बन जाती है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि योग्यता ही सफलता का एकमात्र आधार है तथा लोक सेवा को केवल व्यावसायिक दायित्व नहीं, बल्कि जनता के प्रति एक गंभीर संकल्प के रूप में परिभाषित किया।



### बुराड़ी मुकुंदपुर के खुले नाले में गिरकर गई बच्ची की जान शासन प्रशासन की लापरवाई का सबूतः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मुकुंदपुर के ईशु विहार, राम जानकी पथ में दो दिन पहले हुए दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही और शहर की बदहाली को उजागर कर दिया है। दो वर्षीय मासूम बच्ची खेलते-खेलते घर के बाहर खुले नाले में गिर गई और कीचड़ में फंसकर अपनी जान गंवा बैठी। परिवार और स्थानीय लोगों ने घंटों तलाश के बाद बच्ची का शव नाले में से बरामद किया। इस घटना ने पूरे इलाके में शोक और गुस्से की लहर दौड़ा दी। पूर्व में भी इस तरह की खबरें संज्ञान में आती रही हैं। लेकिन सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा। इस मामले पर दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सरकारी विभागों की लगातार लापरवाही का नतीजा है। करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने भी कार्यकर्ताओं संग जाकर परिवार से मुलाकात कर संवेदना जताई और मुआवजे व दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मांग की कि पूरे शहर में सभी खुले नालों पर तत्काल ढक्कन लगाए जाएं, बैरिकेडिंग की जाए और दोषी अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। उनका कहना था कि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के खुले नाले पर ढक्कन नहीं लगाने की वजह से यह मासूम बलि चढ़ गई। आदेश ने पिछली कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष में दिल्ली में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। अगस्त 2025 में नजफगढ़ में आठ वर्षीय बच्चे की खुले नाले में गिरकर मौत हो गई थी, जबकि मई में खजूरी खास में तीन वर्षीय बच्चे की भी यही दशा हुई। सरकारी रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले दो वर्षों में खुले नालों, नहरों और जलभराव वाले इलाकों में बहुत लोगों की जान जा चुकी है। इनमें ज्यादातर बच्चे और आम नागरिक शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पार कर रही मां-बेटी की मौत



**गुरुग्राम।** यहां गढ़ी हरसरू रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से ट्रैक पार कर रही मां-बेटी की मौत हो गई। ट्रेन की चपेट में आने से महिलाओं के शव कई हिस्से हो गए और करीब सौ मीटर तक शवों के टुकड़े बिखर गए थे। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और हादसे के बाद बिखड़े पड़े शवों के टुकड़ों को एकत्रित किया। दोपहर को दोनों मृत महिलाओं के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी अनुसार, वीरवार की सुबह रेवाड़ी से दिल्ली रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में दो महिलाएं आ गई। दोनों के शव टुकड़ों में बिखर गए। जीआरपी मौके पर पहंची और मृत महिलाओं की पहचान गुरुग्राम के बास हरिया गांव निवासी ममता देवी (48) और उनकी मां मधुबाला (82) निवासी राणिला गांव, चरखी दादरी के रूप में हुई है। परिवार वालों ने जीआरपी को बताया कि मधुबाला अपने बेटे बसंत व बेटी बबली के साथ बास हरिया गांव में शादीशुदा बेटी ममता के पास आई हुई थी।

### गुरुग्राम के साइबर सिटी में धंसी सड़क



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में एक बार फिर सड़क धंसने का मामला सामने आया है. दरअसल गुरुग्राम सोहना एलिवेटेड रोड पर करीब 20 फीट गहरा गड्ढा बन गया है आपको बता दें कि 2022 में रोड को चालू किया गया था और तब से अब तक 4 सालों में छह बार यह रोड धंस चुका है। गुरुग्राम के सुभाष चौक के पास एलिवेटेड रोड के नीचे से मास्टर सीवर लाइन जा रही है, जिसकी वजह से अक्सर रोड धंस जाता है. 2000 करोड़ रुपए की लागत से बने गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड रोड पर कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत यह रही के जिस वक्त यह रोड धंसा उसे समय यहां से कोई वहां नहीं गुजर रहा था।हर रोज इस सड़क से लाखों वाहन गुजरते हैं, लेकिन रोड धंसते समय गाड़ियां पीछे थी जो समय रहते रुक गईं। इसी दौरान किसी वाहन चालक ने गुरुग्राम पुलिस को सूचना दी।

## लाइसेंसधारी के चयन के लिए आमंत्रित कीं निविदाए

# एनसीआरटीसी ने नमो भारत कॉरिडोर के 21 स्टेशनों पर विशेष सेमी-नेमिंग/को-ब्रांडिंग अधिकारों के लिए कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

एनसीआरटीसी ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 21 स्टेशनों पर विशेष सेमी-नेमिंग/को-ब्रांडिंग अधिकारों के लिए लाइसेंसधारी के चयन के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। यह एक रणनीतिक मार्केटिंग पहल है जो विभिन्न ब्रांडों को भारत की पहली नमो भारत ट्रेन और यात्रियों के पसंदीदा वाहन के रूप में उभर रहे इस अत्याधुनिक सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क द्वारा अपनी विजिबिलिटी बढ़ाने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत, चयनित भागीदारों को स्टेशन के नामों के साथ अपने ब्रांड का नाम संबद्ध (स्टेशन के नाम के आगे या पीछे) करने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे स्टेशन की पहचान के साथ ब्रांड



का नाम एक लंबे समय तक जुड़ा रहेगा। ब्रांडों को स्टेशन के आंतरिक हिस्सों, कॉनकोर्स, प्लेटफॉर्म लेवल के साथ-साथ प्रवेश-निकास द्वारों और बाहरी स्तंभों (पियर्स) तक अपनी को-ब्रांडिंग करने का अवसर मिलेगा। इससे यात्रियों और सड़क यातायात, दोनों तक ब्रांड की निरंतर उपस्थिति बनी रहेगी और व्यापक पहुंच सुनिश्चित होगी। इन व्यापक अवसरों के अतिरिक्त, ट्रेनों में होने वाली उद्घोषणाओं में भी 'को-ब्रांडेड' स्टेशन का नाम शामिल किया जाएगा, जिससे इन ब्रांडों के साथ यात्रियों की इंगेजमेंट बढ़ेगी। स्टेशनों के मानचित्र पर ब्रांड लोगो को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही, 'कियोस्क' के लिए स्टेशन पर समर्पित स्थान भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे अनुभवात्मक मार्केटिंग और उपभोक्ताओं के साथ गहरा जुड़ाव संभव होगा।

उल्लेखनीय है कि इस पहल के तहत गुलधर नमो भारत स्टेशन के लिए सेमी-नेमिंग अधिकार पहले ही आवंटित किए जा चुके हैं। विशेष सेमी-नेमिंग/को-ब्रांडिंग अधिकारों के लिए चिन्हित स्टेशनों में सराय काले खां, न्यू अशोक नगर, आनंद विहार, साहिबाबाद, गाजियाबाद, दुहाई, मुरादनगर, मोदी नगर साउथ, मोदी नगर नॉर्थ, मेरठ साउथ, परतापुर, रिठानी, शताब्दी नगर, ब्रह्मपुरी, मेरठ सेंट्रल, भैसाली, बेगमपुल, एमईएस कॉलोनी, डौरली, मेरठ नॉर्थ और मोदीपुरम शामिल हैं। इनमें नमो भारत और मेरठ मेट्रो, दोनों स्टेशन सम्मिलित हैं।

### नमो भारत ने 3 करोड़ से अधिक कम्यूटर ट्रिप्स की उपलब्धि हासिल की

नमो भारत स्टेशनों को रणनीतिक रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में निर्मित किया गया है। ये प्रमुख बाजारों, शैक्षणिक संस्थानों और आवासीय केंद्रों के करीब स्थित हैं, जिससे ब्रांड एकीकरण के लिए बेहतर एक्सपोजर मिलता है। उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर 2023 से नमो भारत कॉरिडोर पर चरणबद्ध रूप से परिचालन शुरू होने के बाद से अब तक, नमो भारत ने 3 करोड़ से अधिक कम्यूटर ट्रिप्स की उपलब्धि हासिल कर ली है।

## अनिल विज ने वर्चुअल माध्यम से दिया संदेश, कहा-श्रमिकों के हित में केंद्र और राज्य सरकार का बड़ा कदम

# मोदी सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को दिया सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधारः मंत्री गुर्जर

**ईएसआईसी के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच अभियान का पैन-इंडिया शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत ईएसआईसी द्वारा आयोजित निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम के पैन-इंडिया शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि श्रमिक देश की प्रगति का आधार हैं और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे स्वस्थ रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया की भावना के तहत ईएसआईसी ने 40 वर्ष से अधिक आयु के कामगारों के लिए विशेष वार्षिक स्वास्थ्य जांच अभियान शुरू



किया है। इसके अंतर्गत सीबीसी, एलएफटी, केएफटी, टीएसएच, ब्लड शुगर, ईसीजी और चेस्ट एक्स-रे जैसी महत्वपूर्ण जांचें निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि समय पर बीमारियों की पहचान से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं तथा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना और ई.श्रम पोर्टल के माध्यम से श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम के पहले ही दिन 400 से अधिक बीमाकृत व्यक्तियों ने पंजीकरण कर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।

### विज ने इस योजना के लिए पीएम का आभार व्यक्त किया

हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने वर्चुअल माध्यम से इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से श्रमिकों के हित में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। केवल स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम नहीं, बल्कि श्रमिकों के प्रति सरकार की जिम्मेदारी और सम्मान का प्रतीक है। व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्तें संहिता 2020 के तहत श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। 40 वर्ष से अधिक आयु के बीमित श्रमिकों के लिए लिपिड प्रोफाइल, थायरॉइड, किडनी, लिवर, ब्लड शुगर और ईसीजी जैसी जांचें निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार का उद्देश्य स्वस्थ श्रमिक, सुरक्षित परिवार सुनिश्चित करना है। एनआईटी फरीदाबाद के विधायक सतीश फागना, ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के डीन चवण कालीदास, पार्षद गायत्री देवी, चिकित्सकगण, श्रमिक तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद ने किया 33 वर्षीय महिला की प्रसव के दौरान लगी दुर्लभ चोट का सफल उपचार

**चोट की वजह से तकलीफ से गुजर रही महिला की लाइफ क्वालिटी की बहाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के डॉक्टरों ने दुर्लभ और जटिल मामले में बिहार की 33 वर्षीय महिला का सफल उपचार कर उनकी जीवन की गुणवत्ता लौटायी है। मरीज पिछले कुछ वर्षों से काफी दर्द और मल असंयम तथा सामाजिक अलगाव की स्थिति से गुजर रही थी जो कि 5 साल पहले प्रसव के दौरान लगी चोट के कारण पैदा हुई थी।


इस मामले में उपचार के लिए डॉ अनीता सोनी और डॉ इशा वधावन की देखरेख में मरीज की सर्जरी की गई जो करीब 1.5 घंटे चली। यह प्रक्रिया सफल रही और स्थिर अवस्था में 2 दिनों के बाद मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मरीज को 5 साल पहले एक कठिन प्रसव के दौरान पेरिनियम टियर से गुजरना पड़ा था, यह उनकी दूसरी डिलीवरी का मामला था। अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने पाया कि वह काफी समय से पेरिनियल टियर से जूझ रही थी, यह करीब 6.7 सेमी आकार का था और इसकी वजह से मांसपेशियों को काफी नुकसान पहुंच चुका था। विस्तृत क्लीनिकल परीक्षणों और ऑपरेशन पूर्व जांच के बादए मेडिकल टीम ने उनकी जटिल सर्जिकल रिपेयर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। डॉ अभिषेक शर्मा फैसिलिटी डायरेक्टर फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल फरीदाबाद ने कहा कि इस प्रकार के मामले समय पर डायग्नॉसिस और प्रसवोपरांत समुचित देखभाल के महत्व को उजागर करते हैं।

किसी भी महिला को इस प्रकार की परेशानी से चुपचाप नहीं गुजरते रहना चाहिए। सही वक्त पर सही क्लीनिकल देखभाल मिलने से इस तरह के पुराने मामलों में भी समाधान संभव है और हमारे अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने सटीक तरीके से सर्जरी कर इस बात को फिर साबित कर दिखाया है।

# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने क्लींजिंग थेरेपी को दी मान्यता

**थेरेपी के प्रणेता हैं डॉक्टर पीयुष सक्सेना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद




क्लींजिंग थेरेपी से इलाज करने व कराने वाले लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। अब स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसंधान विभाग ने अब पूरे भारतवर्ष में क्लींजिंग थेरेपी को दी मान्यता प्रदान कर दी है। अब आरएमपी चिकित्सक इससे जुड़ सकते हैं। अभी इस डिटॉक्स थेरेपी के माध्यम से अनेकों रोगों को दूर करने में मदद मिलेगी,और उनका व्यवसाय भी बढ़ सकेगा। डॉ पीयुष सक्सेना मान्यता के लिए पिछले 23 वर्षों के प्रयासरत थे। पीयुष सक्सेना का कहना है कि यह केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक बड़े उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत है।

### प्रसिद्ध योगाचार्य व क्लींजिंग थेरेपी के एक्सपर्ट

देवेंद्र हितकारी ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि डॉ पीयुष सक्सेना हमारे प्रेरणा स्रोत है आपकी विनम्रता,शालीनता,अपनों से अपनेपन का व्यवहार हमारे साहस व मनोबल को बढ़ा देता है,

अनेकता में एकता देखने की दृष्टि आपकी विशाल है आपकी प्रतिबद्धता,नेतृत्व क्षमता, प्रशासनिक अनुभव, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सशक्त समर्पण निस्संदेह राष्ट्र को मजबूत करेगा। आपके नेतृत्व में आपकी पूरी टीम की उत्कृष्ट सेवाओं ने एक मिसाल कायम करी है, आप कुशल प्रशासक एवं प्रखर व्यक्तित्व के धनी हैं।



## 28 राज्यों, 200 से ज्यादा शहरों में पार्टनर आउटलेट'

# आईएजीईएस का देशभर में विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

इंडियन एसोसिएशन फॉर गोल्ड एक्सीलेंस एंड स्टैंडर्ड्स (आईएजीईएस) ने देशभर में अपना नेटवर्क तेजी से बढ़ाते हुए 100 से ज्यादा मान्यता प्राप्त पार्टनर्स का आंकड़ा पार कर लिया है। संस्था अब 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 200 से अधिक शहरों में 550 से ज्यादा पार्टनर आउटलेट्स के साथ मौजूद है। आईएजीईएस के सीईओ कौशलेंद्र सिन्हा ने कहा कि हम कश्मीर से कन्याकुमारी और मुंबई से कोलकाता तक फैले अखिल भारतीय नेटवर्क का प्रतिनिधित्व करते हैं। हमारा उद्देश्य पूरे उद्योग में एक समान व्यवहार के नियम लागू करना है, ताकि सभी व्यवसाय एक ही बेहतर मानकों के तहत काम कर सकें। उन्होंने कहा कि बड़े राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ छोटे और मध्यम व्यवसायों की बढ़ती भागीदारी आईएजीईएस की स्वीकार्यता दिखाती है। आईएजीईएस की मान्यता उन्हीं सदस्यों को दी जाती है जिनके पूरे व्यवसाय का मूल्यांकन एक स्वतंत्र थर्ड-



पार्टी एजेंसी द्वारा किया जाता है। यह जांच पूरी वैल्यू चेन को ध्यान में रखकर होती है। ज्वेलर्स के लिए यह उनके नैतिक व्यवहार और ग्राहकों के भरोसे को दर्शाती है। वहीं ग्राहकों के लिए इसका मतलब है कि रिटेलर सख्त गुणवत्ता और पारदर्शिता के मानकों को पूरा करने के बाद ही सोने की खरीद और निर्माण करता है।

## फैक्ट्रियों के मालिक श्रम विभाग के आदेशों का कर रहें उल्लघंन

# वेतन वृद्धि की मांग को लेकर सीटू ने श्रमिकों में हैंडबिल वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में वृद्धि की मांग को लेकर सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू)जिला कमेटी फरीदाबाद ने गुरुवार को डीएलएफ औद्योगिक क्षेत्र में हैंडबिल वितरित किए। सीटू की मांग है कि प्रत्येक मजदूर को सरकार द्वारा बढ़ाया गया वेतन मिलना चाहिए। लेकिन कई कंपनियों के प्रबंधक श्रमिकों को वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दे रहे हैं। आज का अभियान कामरेड विजय झा, के पी सिंह, रवि ने संयुक्त रूप से चलाया। यह जानकारी सीटू के जिला प्रधान निरंतर पराशर और जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग के अधिकारियों ने अप्रैल माह के वेतन का भुगतान संशोधित दरों से करने का आश्वासन सीटू प्रतिनिधि मंडल को दिया था। लेकिन बहुत सारी फैक्ट्रियों के मालिक श्रम विभाग के आदेशों



का उल्लंघन कर रहे हैं। फैक्ट्री का मजदूर वेतन वृद्धि को लेकर मैनेजमेंट से कई बार बातचीत कर चुका है। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। प्रबंधक वेतन वृद्धि के मुद्दे पर टालमटोल की नीतियां अपना रहे हैं। जिसकी वजह से मजदूरों में निराशा पैदा हो रही है। कारखाने का एच आर संतोष जनक जवाब नहीं दे पा रहा है। महंगाई लगातार बढ़ रही है।

## सातवें दिन भी जारी रही निगम कर्मचारियों की हड़ताल

# सरकार ने मांगें नहीं मानी, नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल 11 मई तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने 11 मई 2026 सोमवार तक बढ़ाई हड़ताल सरकार को चेतावनी दे दी है। नगर निगम के कर्मचारियों की हड़ताल आज सातवें दिन भी जारी रही।

हड़ताल के चलते शहर में सफाई सीवर का काम पूरी तरह से बंद शहर के मुख्य बाजारों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं एवं कॉलोनी की गलियों में नालियों का पानी सडक़ों पर आया बदबू और गंदगी से जनता का हुआ बुरा हाल। निगम कर्मचारियों ने नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आज नगर निगम मुख्यालय पर सफाई कर्मचारियों की वायदा खिलाफी के नारे लगाकर रोड पर निकाला विशाल जलूस। इस प्रदर्शन में हरियाणा अग्निशमन विभाग के राज्य प्रधान राजेंद्र सिंनद ने नगर निगम मुख्यालय पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सरकार को दी चेतावनी और कहा कि सरकार पालिका, परिषद, निगमों एवं फायर कर्मचारियों का शोषण कर रही है। फायर के कर्मचारी जो पिछले 30 दिनों से हड़ताल पर है, उन कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने एवं शहीद भवी चंद व रणबीर को न्याय देने की सरकार की मंशा नहीं है। प्रदर्शन एवं जलूस की अध्यक्षता जिला प्रधान दलीप बोहत ने की तथा मंच का संचालन जिला सचिव अनिल चिंडालिया एवं महेंद्र कुडिय़ा ने संयुक्त रूप से किया।

आज नगर निगम के कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन नगर निगम चालक यूनियन ने जलूस बनाकर हड़ताल में शामिल होकर किया एवं स्वास्थ्य विभाग बादशाह खान के कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ हरियाणा के कर्मचारी भी हड़ताल के समर्थन में आए। इनके अलावा रात्रि सफाई में लगे ओल्ड, बल्लभगढ़, एनआईटी जोन के सफाई कर्मचारियों ने भी हड़ताल का समर्थन किया।

## पूर्व विधायक नीरज शर्मा ने मजदूरों के हक में उठाई आवाज

# न्यूनतम मजदूरी में मामूली वृद्धि को बताया ऊंट के मुंह में जीरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

एनआईटी 86 से पूर्व विधायक नीरज शर्मा ने प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी में की गई वृद्धि को नाकाफी और मजदूरों के साथ मजाक करार दिया है। इसी मांग को लेकर पूर्व विधायक नीरज शर्मा आज उप श्रम आयुक्त कार्यालय फरीदाबाद पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि सरकार का रुख मजदूरों के प्रति कभी भी सकारात्मक नहीं रहा है। एनआईटी 86 फरीदाबाद के पूर्व विधायक नीरज शर्मा ने हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में न्यूनतम मजदूरी में की गई वृद्धि को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि सरकार का मजदूरों के प्रति रवैया हमेशा से नकारात्मक रहा है और यह मामूली बढ़ोतरी पिछले 10 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद की गई है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार सरल क्र. 01 हेतु दिनांक 14.05.2026, सरल क्रं. 2 से 3 हेतु दिनांक 19.05.2026 एवं सरल क्रं. 4 से 5 हेतु दिनांक 25.05.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र / दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 18 | जिला रायगढ़ अंतर्गत रामलीला मैदान रायगढ़ में स्थित शास.उ.मा. विद्यालय (स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय) के शेष निर्माण कार्य। **चतुर्थ आमंत्रण। रायगढ संभाग रायगढ़। मद संख्या 8443 जमा मद** | 119.54 |
| 2 | 19 | जिला रायगढ़ के ग्राम भुईयांपानी में सर्व सुविधा युक्त सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ संभाग रायगढ़। मद संख्या 8443 जमा** | 89.40 |
| 3 | 20 | जिला रायगढ़ अंतर्गत विकासखण्ड लैलूंगा के भवन विहिन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बसंतपुर में नवीन भवन निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या 8443 जमा कार्य।** | 67.50 |
| 4 | 21 | नवगठित जिला-गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में कार्यालय सहायक संचालक उद्यान भवन निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। पेण्ड्रा संभाग पेण्ड्रा। मद संख्या 8443 जमा कार्य।** | 63.71 |
| 5 | 22 | जिला रायगढ अंतर्गत कोड़ातराई में स्वामी आत्मानंद उच्चतर हिन्दी माध्यम विद्यालय के भवन निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या 67-4202-3490 | 120.07 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

**G-262700582/5**

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

सोमनाथ
अनंत ऊर्जा का अनुभव

हरियाणा सरकार

सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥

# सोमनाथ
## विरासत के 75 साल



सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है।
1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है।
75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ।
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है।

## इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें

### मुख्य गतिविधियां
कलश यात्रा | भजन संध्या | ॐकार मंत्र का जाप
सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन | सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन

**श्री सोमनाथ मंदिर परिसर, प्रभास पाटन | 8 से 11 मई, 2026**

सोमनाथ की दिव्यता व भव्यता में दें योगदान और बनें
गौरवशाली इतिहास का हिस्सा।
स्कैन करें।

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

फीलिंग्स

# माय मम्मी इज द बेस्ट

हर मां अपने बच्चों से बेइंतहा प्यार करती है। बच्चों की केयर में कोई कसर नहीं छोड़ती। बच्चे भी अपनी मां से बहुत प्यार करते हैं, उनकी दुनिया मां के इर्द-गिर्द रहती है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** से शेयर कर रहे हैं, मां से जुड़ी अपनी फीलिंग्स, उनसे जुड़ी खास मेमोरी। ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस मदर्स-डे पर इनकी क्या प्लानिंग्स हैं, इनका अपनी मां के लिए क्या मैसेज है?

## हमेशा मिलता है मम्मी का प्यार-सपोर्ट: हरिति जोशी



**इन दिनों** सन नियो के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार हरिति जोशी निभा रही है। अपने अभिनय से उसने दर्शकों का मन मोह रखा है। हरिति अपनी मम्मी को लेकर अपनी फीलिंग्स शेयर करती है। वह बताती है, 'मेरी मम्मी की सबसे अच्छी क्वालिटी है, उनका प्यार और हर वक्त सपोर्ट में खड़े रहना। वो मेरे लिए दुनिया की बेस्ट मम्मी हैं।' हरिति अपनी मम्मी से रिलेटेड एक मेमोरी शेयर करती है, 'जब मैं बहुत छोटी थी, तब एक बार मुझे बहुत तेज बुखार हो गया था। मैं बस चुपचाप लेटी थी। मम्मी मेरे पास ही बैठी थीं। वो बार-बार मेरे माथे पर ठंडी पट्टी रखतीं। मुझे अपनी गोद में सुला लेतीं। रात को जब सब सो गए, तब भी मम्मी नहीं सोईं। मैं आधी रात को जब उठी तो देखा कि वो मेरे बाल सहला रही हैं। उस दिन मुझे एहसास हुआ कि मम्मी मुझसे कितना प्यार करती हैं।' इस बार मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को कैसे स्पेशल फील कराएगी, पूछने पर वह बताती है, 'इस मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए अपने हाथ से एक प्यारा-सा कार्ड बनाऊंगी, जिसमें अपनी और उनकी पिक्चर लगाऊंगी। मैं उनकी कोई फेवरेट डिश बनाऊंगी। घर के कामों में भी उनका हाथ बंटाऊंगी ताकि मम्मी को आराम मिले।'

मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेगी, पूछने पर वह बताती है, 'मैं मम्मी से कहूंगी कि मम्मी, आप दुनिया की सबसे अच्छी मम्मी हैं। आप मेरे लिए इतना कुछ करती हैं, उसके लिए थैंक यू! मैं आपसे बहुत-बहुत प्यार करती हूं।' *



## मम्मा के पास हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन होता है: संवेग कौदान



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में संवेग कौदान, अंश पटेल की भूमिका निभा रहा है।

अपनी मम्मी के बारे में संवेग बताता है, 'मेरी मम्मा इस दुनिया में सबसे अच्छी मम्मा हैं। वो मेरी हर बात मानती हैं। जो बात नहीं मानने वाली होती है, वह मुझे समझाती हैं कि यह बात क्यों नहीं मान रही हैं? मेरी मम्मा मुझ पर बहुत ट्रस्ट करती हैं। जब कोई मेरे बारे में यह बोलता है कि इससे यह काम नहीं होगा, तब मम्मा कहती हैं, मेरा बेटा सब काम कर सकता है। माय मम्मा इज हेल्पिंग, केयरिंग एंड सपोर्टिव।' मम्मा के साथ कोई मेमोरेबल इंसिडेंट के बारे में पूछने पर संवेग एक मजेदार इंसिडेंट के बारे में बताता है, 'एक बार दिल्ली मेट्रो से सफर करने के लिए मैं अपनी मम्मा के साथ स्टेशन पर पहुंचा। कुछ क्रैकर्स मेरे बैग में रखे हुए थे। जब मैंने वहां चेकिंग कर रहे सीआईएसएफ जवान को देखा तो डर गया, मैं रोने लगा। मम्मा ने मुझे बहुत चुप कराया लेकिन मैं चुप ही नहीं हो रहा था। तो फिर मम्मा ने सीआईएसएफ जवान को कंविंस किया। उसके बाद वह जवान मुस्कुराते हुए मेरे पास आए और प्यार से बोले- इस बार तुम्हारी गलती माफ। आगे से फायर क्रैकर्स लेकर मेट्रो या



किसी पब्लिक प्लेस पर मत जाना। मैंने उनसे प्रॉमिस किया। इसके बाद मैं रिलैक्स हो गया। मम्मा के पास हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन होता है।' इस बार मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मी को एक स्पेशल सरप्राइज देने की प्लानिंग कर रहा है। वह बताता है, 'मम्मा मेरे लिए पापा और दीदी से दूर रहती हैं। इसलिए मम्मा को बिना बताए मैं पापा-दीदी को यहीं बुला लूंगा। इस सरप्राइज से वह बहुत खुश होंगी।' मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मा को यह मैसेज देना चाहता है, 'मुझे आपका हमेशा ख्याल रखना है, कभी आपका साथ नहीं छोड़ना है। आई लव यू मम्मा।' *

## मम्मी से मिलती है इंस्पिरेशन: आयशा विंधारा



**सोनी सब** के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया की भूमिका निभा रही आयशा विंधारा को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। आयशा अपनी मम्मी की बेस्ट क्वालिटीज के बारे में बताती है, 'मेरी मम्मी हमेशा मेरी हर बात बहुत ध्यान से सुनती हैं। मुझे वे यह भी बताती हैं कि मैं कोई काम सही कर रही हूं या गलत। वे मुझे हमेशा गाइड करती हैं। अपनी मम्मी के प्यार और सपोर्ट की वजह से ही मैं हमेशा सिक्योर और कॉन्फिडेंट फील करती हूं।'



इस मदर्स-डे पर मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए आयशा क्या कुछ खास करने वाली है, पूछने पर वह एक्साइटेड होते हुए बताती है, 'मैं इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के साथ किसी रेस्टोरेंट में लंच करने जाऊंगी। उस दिन घर में उनके लिए अपने हाथों से ब्रेकफास्ट तैयार करूंगी। मैं अपनी मम्मी को अपने हाथों से बनाया हुआ एक बहुत सुंदर-सा ग्रीटिंग कार्ड दूंगी। साथ ही, मैं उन्हें एक परफ्यूम या उनकी पसंद की शेड वाला लिपस्टिक गिफ्ट करूंगी। मैं अपनी मम्मी और अपनी बहन के साथ इस बार जोरदार तरीके से मदर्स-डे सेलिब्रेट करूंगी।'

इस मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के लिए आयशा क्या मैसेज देना चाहेगी? पूछने पर वह बताती है, 'मम्मी, आप हमेशा मुझे सही राह दिखाती हैं, सही सलाह देती हैं। आप हमेशा खुद को मोटिवेट करती हैं, दूसरों की हेल्प करती हैं। आपकी इन बातों से मुझे इंस्पिरेशन मिलती है। आप हमेशा वैसी ही बनी रहें जैसी आप हैं।' *

## मम्मी मुझे हमेशा मोटिवेट करती हैं: अकदास खान



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का किरदार निभाकर अकदास खान ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अकदास अपनी मम्मी के बारे में बताता है, 'मेरी मम्मी दुनिया की बेस्ट मॉम हैं। वो हमेशा मेरा ख्याल रखती हैं। मम्मी मुझे हर बात को बहुत अच्छे से समझाती हैं। वो हमेशा मुझे मोटिवेट करती हैं, कहती हैं- अपनी मजबूत इच्छाशक्ति और मेहनत से हम लाइफ में कुछ भी अचीव कर सकते हैं।'

अकदास अपनी मम्मी से रिलेटेड एक प्यारी-सी मेमोरी शेयर करता है, 'एक बार मैं शूट के दौरान बहुत थक गया था। मेरा मन काम करने का नहीं था। तब मम्मी सेट पर आईं। उन्होंने मुझे हग किया और मुझे मेरी



फेवरेट चॉकलेट दी। फिर हम दोनों ने साथ में थोड़ा टाइम बिताया। मम्मी ने मुझे स्पेशल फील कराया। मैं फिर से खुश हो गया।'

इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए अकदास अपनी प्लानिंग बताता है, 'मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए एक हैंडमेड कार्ड बनाऊंगा। उन्हें एक छोटा-सा गिफ्ट भी दूंगा। अगर उस रोज मेरी शूटिंग नहीं हुई, तो मैं उनके साथ पूरा दिन बिताऊंगा।'

मदर्स-डे पर अकदास अपनी मम्मी को क्या खास मैसेज देना चाहता है, पूछने पर बताता है, 'मैं मम्मी से कहूंगा कि मैं आपको बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे लिए सबसे स्ट्रॉन्ग और बेस्ट हो। आप हमेशा मेरे साथ रहिएगा। मैं बड़ा होकर आपको बहुत प्राउड फील कराऊंगा।' *

**प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां


बच्चो, हाल में ही प्रेरित करती बाल कथाओं की किताब 'बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल बारह कहानियां संकलित हैं। इस किताब की लेखिका डॉ. करुणा पांडे हैं। ये सभी कहानियां जीवन से जुड़ी शिक्षाएं देती हैं। पहली कहानी 'आत्मनिर्भर बनो' में शिक्षक अपनी कक्षा के बच्चों को एक चिड़िया की कहानी सुनाकर आत्मनिर्भरता का महत्व बताते हैं। दूसरी कहानी 'मेहनत का खजाना' में तुम पढ़ोगे कि कैसे आलसी लड़के गोविंद को मेहनत का महत्व पता चलता है, जब उसके पिता का देहांत हो जाता है। एक और आलसी बच्चे तिम्मा की कहानी तुम 'गौरैया का उपाय' में पढ़ सकते हो कि कैसे उसे एहसास होता है कि बिना मेहनत किए कोई भी जीव अपना भोजन प्राप्त नहीं कर सकता है। 'दोस्ती की पहचान' एक किसान और उसके नासमझ बेटे गोपाल की कहानी है, जो अपने सच्चे दोस्तों की पहचान नहीं कर पाता है और उनके साथ अपना समय बरबाद करता रहता है। लेकिन जब वह उनसे मदद मांगने जाता है तो उसे सच्चाई का पता चलता है। 'अदभुत जीव' एक साहसी युवक की कहानी है, जो अपनी बुद्धिमानी और वीरता से खतरनाक जीव को मार देता है। 'अंतरात्मा की आवाज' एक ईमानदार बच्चे अतुल की कहानी है, जो अपनी मां की दी हुई शिक्षा को कभी नहीं भूलता है। यह कहानी बताती है कि लालच से हमेशा दूर रहना चाहिए। इनके अलावा इस किताब में संकलित 'साहसी लड़की', 'स्वार्थी मित्र', 'मेहनत की कमाई' और 'उन्नति का रास्ता' कहानियां भी तुम्हें अच्छी लगेंगी। ये कहानियां रोचक तरीके से तुम्हें स्वावलंबी और अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित करती हैं। *




**किताब:** बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां (बाल कथा संग्रह), **लेखिका:** डॉ. करुणा पांडे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** श्वेता बुक एजेंसी, पिलानी राजस्थान

---

## जीके क्विज-204



1. आईपीएल के इतिहास में 800 बाउंड्री शॉट से रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. विद्युत का सबसे अच्छा सुचालक कौन-सी धातु होता है?
4. बच्चों की पसंदीदा किताब 'द जंगल बुक' के लेखक कौन हैं?
5. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी?
6. किस भारतीय को 'साबरमती का संत' कहा जाता है?
7. अंकोरवाट मंदिर कहां स्थित है?
8. भारत का प्रथम और अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल कौन था?
9. पश्चिम बंगाल की राजधानी कहां है?
10. कौन-सा पोषक तत्व हमारी हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है?



**बच्चो, जीके क्विज-204 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-203 का उत्तर :** 1 अरोण्यक घोष, 2. हरिवंश नारायण सिंह, 3. रवींद्रनाथ टैगोर, 4. यूनेस्को, 5. टेनिस, 6. रानी लक्ष्मीबाई, 7. लखनऊ, 8. 23.5 डिग्री, 9. उत्तर प्रदेश, 10. सागरमाथा

**जीके क्विज-203 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जियाना-रायगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, पूर्वी-रोहतक, संकेत-दिल्ली, कुसुम-महासमुंद, तेजस-बलौदा बाजार, किंशुक-दुर्ग

---




कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

हर किसी को अपनी मां की कद्र करनी चाहिए, उसे प्यार-सम्मान देना चाहिए। नहीं तो मां के ना रहने पर उसी तरह पछतावा, दुख होगा, जैसे चंदन को होता है। उसने एक दिन नोटबुक में वह सब लिख डाला, जो उसने मां के ना रहने पर महसूस किया। मां हमारे जीवन में कितना महत्व रखती है, बता रही है यह कहानी।

## मां, आपको पता है न?



एआई इमेज

पापा घर में घुसे तो सन्नाटा पसरा था। रीतू तो बैठक में फर्श पर ही सो गई थी। चंदन सोफे पर सोया हुआ था। उलटे, औंधे मुंह। नोटबुक उसका तकिया बनी हुई थी। पापा मन ही मन बोले, 'अच्छा! तो बच्चू पढ़ते-पढ़ते सो गए हैं।' पापा ने बड़े प्यार से उसकी पीठ को सहलाया फिर आहिस्ते से उस नोटबुक को खींचा। चंदन पर कोई असर न पड़ा। वह बेसुध सोया हुआ था।

पापा मुस्कुराए। उसके गालों का पसीना पोछा। नोटबुक का पन्ना भी तो भीगा हुआ था। पापा ने एक बार फर्श पर सोई हुई रीतू के माथे को भी प्यार से सहलाया। रीतू की नींद खुल गई, 'अरे! पापा, आप आ गए। मैं पानी लाती हूं।'

रीतू आंखें मलती हुई किचेन में चली गई। पापा के हाथ में चंदन की नोटबुक थी। वह उसे मेज पर रखने ही जा रहे थे कि उस पर बड़ी ही खूबसूरत लिखावट में लिखे पांच शब्दों पर दृष्टि रुक गई। लिखा थाः मां, आपको पता है न?

इसके बाद तो कितना कुछ लिखा हुआ था। पापा की आंखों की कोरें गीली हो गईं। उन्होंने बैठक में ठीक सामने लगी चंदन की मां की फोटो को निहारा। चंदन की मां अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्हें गए एक साल से ऊपर हो गया। पापा ने तो पूरी कोशिश की कि दोनों बच्चों को उनकी कमी महसूस न हो। दोनों को खूब प्यार देते हैं। समय भी खूब देते हैं !

पापा ने नोट बुक को पढ़ना शुरू किया।

मां, आपको पता है न? मैं इस बार कक्षा पांच में आ गया। मुझे कक्षा में सबसे ज्यादा नंबर मिले हैं। मैं आपकी सारी बातें याद रखता हूं। समय से उठता हूं। खूब मन से पढ़ता हूं। आप थीं तो मैं कितना जिद्दी था। उफ! आपको कितना परेशान किया मैंने। कितनी मिस्टेक कीं। कभी सॉरी भी नहीं कहा, लेकिन आपने हमेशा मुझे माफ किया। मेरा हमेशा ही कितना ख्याल रखा। अब आप नहीं हैं तो समझ में आता है कि आप मेरे लिए कितनी जरूरी थीं। कितना कुछ करती थीं। कभी आराम नहीं। कभी मैंने भी तो आपको आराम नहीं दिया। कभी आप थकी-हारी मुझसे कुछ मांगती भी थीं तो कैसे बहाने से मना कर देता था। और आप हंसकर सब कुछ भूल जाती थीं। आप बीमार थीं, तब भी तो कितना काम करती थीं। अब आप नहीं हैं तो आपकी कीमत समझ आती है। अब लगता है, मुझे आपकी हेल्प करनी चाहिए थी। रीतू दीदी तो आपका कितना हाथ बंटाती थी। वह अब पापा का खूब ख्याल रखती है। मैं भी रखता हूं। आपको पता है न?

मां, स्कूल में मेरे दोस्त कहते थे कि तेरे पापा अब नई मां ले आएंगे। कुछ दोस्त कहते हैं कि नई मां बहुत गंदी होती है। बिल्कुल भी प्यार नहीं करती। कुछ कहते हैं, ऐसा नहीं है। उनकी नई मां तो उन्हें बहुत चाहती है, लेकिन एक साल से ऊपर तो हो गया। पापा नई मां नहीं लाए। वे कहते हैं, 'बेटे! अब मैं ही तेरी मां हूं।' सच, वे बिल्कुल आपकी ही तरह हमें बहुत प्यार करते हैं। मां, आपको पता है न? अभी एक दिन क्रिकेट खेलते हुए मुझे चोट लग गई थी। मैंने पापा को नहीं बताया। चुपचाप मेडिसिन वाली स्ट्रिप लगा ली। सोचा उन्हें बताऊंगा तो परेशान होंगे। लेकिन जब उन्हें पता चला तो ज्यादा परेशान हुए। बिल्कुल आपकी तरह बोले- परेशानियों को शेयर जरूर करना चाहिए। दुःख आपस में बांट लो तो कम हो जाता है। मां, आपको पता है न, अब मुझे लगता है कि मैं बड़ा हो गया हूं। छोटे-छोटे कामों के लिए आपको परेशान करने वाला ये चंदन अब सारे काम खुद कर लेता है। काश! ये सब मैं पहले करता, जब आप थीं तो कितना खुश होतीं। दादी, पापा से कितना खुश होती हैं। पापा उनके सामने बिल्कुल बच्चा बन जाते हैं। सही कहते हैं कि जिनके पास बड़े हैं, वे हमेशा बच्चे हैं।

'पापा! पापा! पापा...!' हाथ में गिलास लिए रीतू खड़ी थी। बोली, 'पापा क्या पढ़ रहे हैं? कब से आपको पुकार रही हूं, आप सुनते ही नहीं।'

पापा को जैसे झटका-सा लगा, 'अरे!'

चंदन भी जाग गया था, 'पापा! आप कब आए?' और फिर उसने आंखें मलते-मलते ही जब अपनी नोट बुक पापा के हाथ में देखी तो तेजी से उनसे ले लिया। धीरे से पूछा, 'पापा। क्या आपने पढ़ा इसे?'

पापा ने चंदन की आंखों को देखा। बोले, 'तुम रोए थे चंदन? ये नोट बुक आंसुओं से भीगी है न?'

चंदन पापा से लिपट गया, 'अब नहीं। अब नहीं रोऊंगा पापा। क्या करूं, मां की याद आती है तो खुद को रोक नहीं पाता।'

पापा देर तक चुप बैठे रहे। फिर रीतू के हाथ से गिलास लिया। पानी पिया। बोले, 'तुम दोनों के लिए एक सरप्राइज है। अभी तक इस घर में दो बच्चे थे। अब तीन हो जाएंगे।' 'तीन! वह कैसे?' रीतू और चंदन ने एक साथ पूछा। पापा ने चंदन के गालों को सहलाते हुए बताया, 'क्योंकि अब आपकी बड़ी मां आ रही हैं। अब वे यही रहेंगी। हम तीनों बच्चे उनके साथ खूब मजे करेंगे।'

'वाह! दादी आ रही हैं। वेरी गुड।'

दोनों पापा से लिपट गए।

सामने मां का मुस्कुराता हुआ फोटो और ज्यादा सुंदर लग रहा था। *

---

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव चमन



एआई इमेज

## मीठी-मीठी लोरी मां

काली हो या गोरी मां।
बहुत तेज या भोरी मां।
तन की चाहे जैसी भी हो
होती मन की कोरी मां।
रसगुल्ले-सी मीठी-मीठी
या कि शहद की बोरी मां।
अपने बच्चों की खातिर है
माखन भरी कटोरी मां।
परी देश की कथा-कहानी
किस्से चांद-चकोरी मां।
झूठी डांट, डपट और झिड़की
मीठी-मीठी लोरी मां।
अगर जरा भी ठेस लगे तो
मुंह से निकले- मोरी मां।
आती रहती है सपनों में
चुपके, चोरी-चोरी मां।

---

## रंग भरो-201

**रंग भरो-201** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



अद्विक, रायपुर



इरा, कोरबा



आयांश, दुर्ग



प्रगति, बिलासपुर



साक्षी, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, हर्ष-जगदलपुर, काशवी-रायपुर, काव्या-रायपुर, माही-महासमुंद, विशेष-रायपुर, प्रिया-रायगढ़, संचिता-दुर्ग, जतिन-भोपाल, हर्ष-बलौदा बाजार, याशिका-रायपुर, कुसुम-कोरबा, प्रियांशु-रोहतक, अंकित-बालोद, मनीष-महेंद्रगढ़

---

## रंग भरो 202



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपनी मम्मी से गले मिलकर उन्हें मदर्स-डे विश कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

राजनीति में कई नए और दिलचस्प राजनीतिक

# बिहार में 3 मंत्री पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे, 2 नेताओं के परिजन नई टीम में अनुभव और नए चेहरों दोनों को महत्व दिया गया

भारतीय जनता पार्टी नीत एनडीएम यूं तो विपक्षी दलों के परिवारवाद पर जमकर जुबानी हमला करती है लेकिन अब विपक्ष को इस पर हमला करने का मौका मिल गया है...

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सरकार के गठन के साथ बिहार की राजनीति में कई नए और दिलचस्प राजनीतिक समीकरण सामने आए हैं। नई सरकार में तीन ऐसे नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली है, जिनके पिता बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

इनमें पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ मिश्रा के बेटे नीतीश मिश्रा, पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे संतोष कुमार सुमन शामिल हैं। खास बात यह रही कि नीतीश कुमार और जीतन राम मांझी अपने बेटों के शपथ ग्रहण के दौरान मंच पर मौजूद भी रहे।



इस लिस्ट में सीएम सम्राट चौधरी, डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी भी शामिल हैं। सम्राट चौधरी के पिता शकुनी चौधरी सांसद और बिहार विधानसभा के स्पीकर रह चुके हैं। वहीं डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी के उनके पिता, जगदीश प्रसाद चौधरी, एक स्वतंत्रता सेनानी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता और दलसिंहसराय निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधानसभा के तीन बार सदस्य थे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्रियों के बेटा-बेटी भी शामिल


इसके अलावा, मंत्रिमंडल में दो ऐसे चेहरे भी शामिल हुए हैं, जो पूर्व केंद्रीय मंत्रियों के संतान हैं। श्रेयसी सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. दिग्विजय सिंह की बेटी हैं, जबकि दीपक प्रकाश जनता दल यूनाइटेड के संस्थापक नेताओं में शामिल रहे उपेंद्र कुशवाहा के बेटे हैं। इस तरह नई सरकार में राजनीतिक विरासत का असर साफ तौर पर दिखाई दिया। उपेंद्र कुशवाहा फिलहाल भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन वाली केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं।

### निशांत को स्वास्थ्य, विजय सिन्हा को मिला कृषि मंत्रालय

पहली बार मंत्री बने निशांत कुमार को सरकार ने बड़ा और महत्वपूर्ण विभाग सौंपा है। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा को कृषि मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। नई जिम्मेदारियों के ऐलान के बाद बिहार की राजनीति में कई तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## खबर संक्षेप

### झारखंड में गुटखा, पान मसाला पर प्रतिबंध



**रांची।** राज्य सरकार ने तंबाकू, निकोटीन युक्त गुटखा और पान मसाला के निर्माण, भंडारण, बिक्री व वितरण पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने यह फैसला खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम-2006 की धारा 30(2)(ए) और खाद्य सुरक्षा एवं मानक (बिक्री पर निषेध और प्रतिबंध) विनियमन 2011 के नियम के तहत लिया है।

### नहर में डूबने से 3 युवकों की मौत, 2 बचाए गए



**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हर्षपुर में गुरुवार को नहर में नहाने गए पांच युवकों में से तीन की डूबने से मौत हो गई, जबकि दो को स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित निकाल लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नहाते समय एक युवक गहरे पानी में जाने लगा, जिसे बचाने के प्रयास में अन्य साथी भी डूबने लगे।

सहारनपुर में बोले सीएम योगी आदित्यनाथ

# बंगाल, असम, पुडुचेरी में भाजपा ने सरकार बना विभाजनकारी सोच वालों को दिखाया आईना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर में कहा कि असम, पुडुचेरी और बंगाल में भाजपा की जीत ने विभाजनकारी सोच रखने वालों को आईना दिखाया है। जड़ौदा जट्ट क्षेत्र में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ने ₹2131 करोड़ की 325 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इनमें 500 करोड़ की 184 परियोजनाओं का लोकार्पण और 1631 करोड़ की 141 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल रहा।

फतवों पर ली चुटकी, देवबंद में 2131 करोड़ की सौगातें

एजेंसी ⏭ सहारनपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि असम में तीसरी बार, पुडुचेरी में दूसरी बार और बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने सरकार बनाकर उन सभी राजनीतिक विश्लेषकों को आईना दिखाया जो विभाजनकारी सोच रखते हैं। सीएम ने यह विचार गुरुवार को देवबंद तहसील के गांव जड़ौदा जट्ट में जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो जनप्रतिनिधि और सरकार जनभावनाओं का सम्मान करेगी, वह रीपीट करेगी। यदि ऐसा नहीं करेगी तो जनता जवाब देगी। यह चुनाव परिणाम उनके लिए आइना है। यह बताता है कि समाज विभाजित नहीं होगा। बल्कि विभाजनकारी ताकतों का नाश करके अपना अखंड शंखनाद करेगा।

### अब उत्तर प्रदेश बीमारू नहीं

सीएम ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश बीमारू नहीं है। अब उत्तर प्रदेश ग्रोथ इंजन है।



याद कीजिए पहले जब आप जाते थे अपनी पहचान छिपानी पड़ती थी। अब आप गर्व से कहते हैं कि यूपी से सहारनपुर से बताते हैं। पहले जो यूपी का नाम सुनकर नाक-मुंह सिकोड़ते थे अब वह अपनेपन से चमक उठता है। यह पहचान बनाए रखने की जरूरत है। हमने बिना रुके, बिना झुके, बिना डिगे प्रत्येक तबके को विकास और योजनाओं को लाभ दिया। वंचितों को पिछड़ों को वरीयता मिली है। उसका परिणाम सामने है। उत्तर प्रदेश विकास कर रहा है।

### फतवे की कुसंस्कृति से सहारनपुर मुक्त

उन्होंने कहा कि सहारनपुर में मां शाकंभरी के नाम पर विश्वविद्यालय है, जिसका जल्द भव्य उद्घाटन होगा। एयरपोर्ट अंतिम चरण में है। बेहट में स्पोर्ट्स कालेज, दूषित जल से मुक्ति और मां शाकंभरी के दर्शन के लिए एलिवेटेड हाईवे बन रहा है। मां शाकंभरी कारिडोर में बेहतरीन काम हो रहा है। फतवे की कुसंस्कृति से मुक्त होकर सहारनपुर खुद को गति-प्रगति देकर भारत की समृद्धि में सहयोग कर रहा है। पूरा उत्तर प्रदेश एक साथ विकास की गति से आगे बढ़ रहा है। विकास में बाधक तत्व जाति के नाम पर बांटने का काम करेंगे। तुष्टिकरण की राजनीति करेंगे। फतवे की संस्कृति का विश्वास करने वाले, गुंडों को आश्रय देने वाले जाति के नाम पर बांटने का काम करेंगे, लेकिन बंटना नहीं है। ऐसे लोग समाज में अलगाव पैदा करने का कुत्सित प्रयास किया जाता है। माफिया को संरक्षण देकर युवाओं के सामने पहचान का संकट पैदा किया जाता है।

### डबल इंजन की सरकार ने बदली तस्वीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2013-14 में मुजफ्फरनगर-शामली में दंगे हो रहे थे। 2016 में इसी सहारनपुर में दंगे हुए थे। कैराना में पलायन हो रहा था। पश्चिम उत्तर प्रदेश जल रहा था। 2017 में प्रदेश में सरकार बनी डबल इंजन की सरकार। इसके बाद तस्वीर बदली। सहारनपुर की काष्ठ कला को विश्वस्तरीय पहचान मिली है। गत 14 अप्रैल को देहरादून-सहारनपुर-शामली-बागपत के एक्सप्रेसवे का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया। अब दो घंटे में दूरी तय हो जाती है। दिल्ली-देहरादून के बीच सहारनपुर में इंडस्ट्रीयल लाजिस्टिक सेंटर बनाने जा रहे हैं।

भागलपुर में कई एजेंसियों का स्टॉक खत्म

# विक्रमशिला सेतु के बंद होने से रसोई गैस संकट गहराया




एजेंसी ⏭ भागलपुर

भागलपुर की जीवनरेखा माने जाने वाले विक्रमशिला सेतु के बंद होते ही अब असर सीधे आम लोगों की रसोई तक पहुंच गया है। शहर में रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। पहले से अंतरराष्ट्रीय तनाव और युद्धजनित परिस्थितियों के कारण गैस की मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं हो पा रही थी, ऊपर से विक्रमशिला सेतु के ध्वस्त होने जैसी स्थिति ने वितरण तंत्र की कमर तोड़ दी है। हालत यह है कि कई एजेंसियों में सिलिंडर का स्टॉक समाप्त होने लगा और उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

### सेतु बंदी ने तोड़ी सप्लाई की रीढ़

दरअसल, भागलपुर शहर में एचपीसीएल की गैस आपूर्ति का मुख्य आधार पूर्णिया बाटलिंग प्लांट रहा है। यहां से गैस लदे ट्रक सीधे विक्रमशिला सेतु होकर शहर के वितरकों तक पहुंचते थे। लेकिन सेतु बंद होने के बाद अब पूरी परिवहन व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई है। मुंगेर मार्ग से होकर गैस सिलिंडर की गाड़ियां मंगाई जा रही हैं, लेकिन लंबी दूरी, भारी वाहनों का दबाव और जगह-जगह लग रहे जाम के कारण आपूर्ति समय पर नहीं पहुंच पा रही। कई ट्रक घंटों सड़क पर रेंगते रहते हैं। इसका सीधा असर शहर के उपभोक्ताओं पर पड़ा है।

### उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी नहीं

शहर की प्रमुख एजेंसियों में कई दिन तक सिलिंडर का संकट बना रहा। उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी नहीं हो पाई। बुकिंग के बाद लंबा इंतजार करना पड़ा।

## पेज एक का शेष

### रेलवे रिजर्वेशन सिस्टम ...

चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा ताकि ट्रांजिशन के दौरान सेवाएं प्रभावित न हों। इसके लिए रेलवे की तकनीकी और संचालन टीमों को विशेष दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।

एआई तकनीक से बढ़ी टिकट कन्फर्मेशन भविष्यवाणी की सटीकताः रेलवे के अनुसार पहले वेटिंग टिकट कन्फर्म होने की भविष्यवाणी की सटीकता लगभग 53 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 94 प्रतिशत तक पहुंच गई है। अधिकारियों का कहना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित यह तकनीक यात्रियों को यात्रा की बेहतर योजना बनाने में मदद करेगी और टिकट संबंधी अनिश्चितता को कम करेगी।

### 21 नदियों का ...

नंबर-1 पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, सीएम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद 21 नदियों के जल कलशों की भी पूजन अर्चना की।

श्री सोमनाथ मंदिर आत्मसम्मान का प्रतीकः इस मौके पर विधायक रामेश्वरम शर्मा, भगवान दास सबनानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान सोमनाथ के चरणों में कोटि-कोटि वंदन। सोमनाथ का संबंध देश के स्वाभिमान के साथ है। द्वारकाधीश भगवान श्री कृष्ण ने जब अधर्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी, तब पूरा समय चक्र ही बदल गया। हम सभी जानते हैं कि, एक हजार साल पहले भारत को काली छाया का ग्रहण लग गया था। उस समय बाबा सोमनाथ ने इस ग्रहण को नष्ट किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास में कई बार विदेशी आक्रमणों का सामना करने के बावजूद सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति और आत्मसम्मान का प्रतीक बना रहा। सोमनाथ हमारे विकास का पर्याय भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत से विकास की यात्रा प्रारंभ हुई।

### सिर्फ हंगामा खड़ा...

युद्धक्षेत्र भी तय करेगा। यह जानकारी 7 मई को जयपुर में हुए सेनाओं के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ऑपरेशन सिंदूर अभियान के दौरान सेना की कार्रवाई का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने दी है। उनके साथ अभियान में वायुसेना और नौसेना का नेतृत्व करने वाले अधिकारी भी मौजूद रहे। जिनमें वायुसेना के हवाई अभियान संचालन के पूर्व प्रमुख (डीजीएओ) एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती, नौसेना के अभियान प्रमुख वाइस एडमिरल ए.एन.प्रमोद शामिल हुए। एकीकृत रक्षा स्टाफ के उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन.ए.मिनवाला की भी मौजूदगी रही। उधर, जयपुर में ही तीनों सेनाओं का संयुक्त कमांडर सम्मेलन (जेसीसी) भी हुआ। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस, तीनों सेनाओं के प्रमुख व अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी शामिल हुए।

**पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकतेः**

उधर, सिंदूर की पहली वर्षगांठ को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, आज इस अभियान की पहली वर्षगांठ है। लेकिन दुनिया ने देखा है कि किस बर्बरता के साथ पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिया था। जिसके जवाब में हमने यह अभियान चलाया। समूचा विश्व इस बात को भी अच्छी तरह से जानता है कि कैसे पाकिस्तान एक राज्य प्रायोजित नीति के तहत सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल भारत के खिलाफ करता है? वहीं, भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई के मामले में पूरी तरह से खरा उतरा है। हम लगातार इस संबंध में वैश्विक लड़ाई को लेकर बन रही सहमति के मामले में मजबूती के साथ अपना समर्थन प्रदान करने के लिए काम करते रहेंगे। लेकिन आतंकवाद को लेकर हमारा रुख बिलकुल साफ है कि इसके साथ-साथ किसी तरह की कोई बातचीत नहीं हो सकती है। इसके अलावा सिंधु नदी समझौता (आईडब्ल्यूटी) आज भी स्थगित है।

### यूं दोहराई दुष्यंत...

अपने देश की संप्रभुता, आम लोगों की रक्षा और सुरक्षा पूरी दृढ़ता, जिम्मेदारी और पेशेवर अंदाज में करेगा। ये अभियान बीती करीब आधी सदी में भारत द्वारा सीमापार आतंकवाद को समर्थन देने को लेकर पड़ोसी दुश्मन देश पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए चलाया गया अब तक का सबसे व्यापक सैन्य अभियान था। जिससे घबराकर भारत के सामने संघर्षविराम करने के लिए पाकिस्तान गिड़गिड़ाया था।

### निशाना केवल आतंकी ...

वार किया। हमारे केंद्र में केवल आतंकवाद से जुड़े ढांचे और बाद में पड़ोसी देश के रणनीतिक ठिकाने ही थे। भारत की कार्रवाई सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ जवाब में रूप में उठाया गया कदम नहीं था। बल्कि पड़ोसी देश की आतंकी मंशा, सीमा पार से जारी आतंकी हमलों के विरूद्ध दिया गया एकदम खरे संदेश के रूप में था। कई आतंकवादी लांच कैंप, प्रशिक्षण शिविर आज भी नियंत्रण रेखा, अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार सक्रिय हैं। इनकी लोकेशन समय-समय पर बदली जाती है, जिससे इन्हें निगरानी से बचाया जा सके। लेकिन देश की सुरक्षा एजेंसियों की इन पर लगातार नजर बनी हुई है। सुरक्षा कारणों के चलते सार्वजनिक खुलासा संभव नहीं है। ले.जनरल घई ने पाक-चीन के रक्षा सहयोग पर भी चिंता जताई है।

### आतंकवाद अब कतई...

नहीं पहुंचा सका, हमारे किसी सैन्य या नागरिक ढांचे को कोई क्षति नहीं पहुंची। सम्मेलन में उनसे पूछा गया कि इस कार्रवाई को क्यों रोका गया? जवाब में उन्होंने कहा, आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का हमारा लक्ष्य पूरा हो गया था। इसलिए कार्रवाई रोक दी गई। इसके पहले जब पाकिस्तान ने आतंकियों का साथ देने की कोशिश की तो हमारी प्रतिक्रिया बेहद निर्णायक थी। उन्होंने इस अभियान में वायुसेना द्वारा नष्ट किए गए दुश्मन के कुछ ठिकानों, आतंकी अड्डों के बारे भी बताया। जिसमें कहा, हमने उनकी 11 एयरफील्ड पर हमला बोला, जिसमें 13 विमानों को नष्ट किया। वायुसेना ने 300 किलोमीटर से ज्यादा की रिकॉर्ड दूरी से पाक की एक अहम हवाई संपत्ति को ध्वस्त कर दिया था। 7 मई को अभियान के आगाज के साथ हमने पाकिस्तान, पीओके में मौजूद आतंकियों के कुल 9 ठिकानों को तहस नहस कर दिया था। ज

### 100+ आतंकियों ...

को ऑपरेशन सिंदूर किया और पाक व उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में मौजूद आतंकियों के कुल 9 ठिकानों, उनमें मौजूद 100 से ज्यादा आतंकवादियों को पलक झपकते ही मौत के घाट उतार दिया था। बौखलाए पाक ने पश्चिमी सीमा पर बड़ी तादाद में ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। लेकिन उसका एक भी वार सफल नहीं रहा। देश की सेनाओं की कार्रवाई से उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी। अंत में उसने भारत के सामने युद्धविराम के लिए हाथ जोड़े और 10 मई 2025 की शाम 5 बजे से यह समझौता लागू कर दिया गया। जो आज भी जारी है।

### सुवेंदु के पीए...

टीम जुटी हुई हैं। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार चंद्रनाथ रथ के सीने में करीब से 3 गोलियां मारी गईं, जो हृदय को चीरते हुए पार निकल गईं। गंभीर रूप से घायल होने के बाद शरीर से अत्यधिक खून बह जाने के कारण उनके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। हमलावरों ने बेहद योजनाबद्ध तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया। चंद्रनाथ रथ की कार को पहले एक कार ने रोकने की कोशिश की। इसके बाद बाइक सवार हमलावर कार के करीब पहुंचे और बेहद नजदीक से कई राउंड फायरिंग कर दी। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हमलावरों ने संभवतः अत्याधुनिक ग्लॉक 47 एक्स पिस्टल का इस्तेमाल किया था। इस तरह के हथियार आम अपराधियों के पास नहीं होते, इसलिए पेशेवर शूटरों की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। इस मामले की जांच के दौरान हत्या से पहले के कई सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं।

### सुवेंदु बोले- मैंने ...

रथ को मार दिया। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द गुनहगारों को पकड़ा जएगा। सुवेंदु ने बताया कि हमालवरों ने बहुत नजदीक से उन्हें गोली मारी है। जो भी हमलावर से उन्हें अच्छे से पता थी कि कहां गोली मारने से उनका तुरंत मौत हो जाएगी। अधिकारी ने बताया उनके शरीर से चार गोली निकली। यह हत्या पूरी तरह से नियोजन करके की गई है।

### फलों की गुणवत्ता,...

प्रोसेसिंग, बाजार और निर्यात तक पूरी वैल्यू चेन को मजबूत करना समय की मांग है।

अब फोकस सिर्फ उत्पादन नहीं, गुणवत्ता पर भीः इस महत्वपूर्ण आयोजन में किसानों के साथ ही फल उत्पादन तथा निर्यात सहित इसके कारोबार से जुड़े सभी हितधारकों के साथ सीधा संवाद करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि भारत अगर दुनिया के फल बाजार में आगे बढ़ना चाहता है, तो फलों की गुणवत्ता सुधारना सबसे जरूरी है।

**किसानों की आय बढ़ाने को बनेगी टास्क फोर्सः** कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया कि आईसीएआर के वैज्ञानिक संस्थान, निर्यातक, एपीडा और अन्य संबंधित एजेंसियां मिलकर एक टास्क फोर्स बनाएंगी।

यूपी को मिलेगा क्लीन प्लांट मिशन का बड़ा लाभः चौहान ने कहा कि किसानों की जरूरतों को देखते हुए भारत सरकार ने क्लीन प्लांटिंग मैटेरियल कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश को विशेष रूप से मजबूत बनाने का फैसला किया है। इसी क्रम में सीआईएसएच, लखनऊ में आधुनिक क्लीन प्लांट सेंटर स्थापित किया जा रहा है, जहां आम, अमरूद, लीची और एवोकाडो जैसी फल फसलों के लिए रोगमुक्त और नस्ल-शुद्ध पौध सामग्री तैयार और संरक्षित की जाएगी।

### गुटबाजी के बीच...

शामिल होंगे। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस इस कार्यक्रम के जरिए शहरी मतदाताओं, युवाओं और मध्यवर्ग तक अपनी पहुंच मजबूत करने की कोशिश करेगी। गुरुग्राम, जो कॉर्पोरेट और शहरी राजनीति का बड़ा केंद्र माना जाता है, वहां राहुल गांधी की पदयात्रा को प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

ऊषा चेतन स्मृति आयुर्वेद चिकित्सा

# शिविर में उमड़े मरीज, 275 का उपचार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के दम पर दुनिया को स्वास्थ्य की अनमोल सौगात देने वाले भारत में फिर से लोग मेडिकल साइंस के आधार (आयुर्वेद) से जुड़ने लगे हैं। रविवार को पीतमपुरा के सी डी ब्लॉक स्थित शिव मंदिर में आयोजित ऊषा चेतन स्मृति निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़ देखकर तो ऐसा ही लगा। पौने तीन सौ से अधिक मरीज अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों से इलाज करवाने पहुंचे। शिविर आयोजन का समय सुबह दस से दोपहर दो बजे तक का था लेकिन मरीज निर्धारित समय से काफी देर बाद तक आते रहे। गहन चिकित्सा जांच के बाद सभी मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित की गई। बता दें कि श्रीमती ऊषा चेतन नारी सशक्तिकरण का वह हस्ताक्षर थीं जिन्होंने हर नारी में स्वाभिमान जगाने का मिशन चलाया व समाज सेवा की नई परिभाषा गढ़ी। उत्तर भारत की प्रमुख समाजसेवी संस्था भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) के इस आयोजन की मरीजों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। पूजा बंसल इस शिविर की संयोजिका रहीं।

संस्था के अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि राजेश चेतन ने बताया कि पीतमपुरा के इसी शिव मंदिर में अब हर दो माह बाद भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद की सेवा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के मिशन को संस्था लगातार विस्तार दे रही है।

जिम में लगे खुफिया कैमरे

# ट्रेनर के फोन से मिले बड़े घरों की कई महिलाओं के वीडियो

धमकी देकर 50 लाख रुपए रंगदारी मांगने का आरोप

एजेंसी ⏭ बरेली

बरेली के सिविल लाइंस स्थित जिस अल्टीमेट फिटनेस जिम में प्री-वर्कआउट ड्रिंक में महिलाओं को नशा देकर यौन शोषण किया जा रहा था, वह एक जनप्रतिनिधि के भाई के भवन में संचालित है। जांच में चीजें स्पष्ट हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। जनप्रतिनिधि के भाई ने इस कॉमर्शियल भवन का निर्माण कराने के बाद किराए पर उठा दिया है। इधर, आरोपी जिम संचालक अकरम और उसके भाई आलम के मोबाइल फोन से बड़े घरों की कई महिलाओं के वीडियो भी मिले हैं।

एक महिला डॉक्टर ने नशा देकर यौन शोषण करने, वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की



धमकी देकर 50 लाख रुपए रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए जिम संचालकों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने अकरम और आलम को गिरफ्तार कर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। उनको वहां से जेल भेज दिया गया था। दोनों भाइयों के मोबाइल फोन कब्जे में ले लिए थे।

जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि जिम में दोनों भाइयों ने खुफिया कैमरे लगा रखे थे। इन कैमरों के जरिये भी वे महिलाओं के वीडियो बनाने के बाद उनको पेन ड्राइव और मोबाइल फोन में ले लिया करते थे। इनके जरिये भी महिलाओं को ब्लैकमेल करते थे।

टीएमसी नेता की पनाह में छिपा था आरोपी

# 1600 करोड़ रुपए के फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड महफूज आलम गिरफ्तार

16 अलग-अलग बैंकों में 100 से ज्यादा खातों का इस्तेमाल

एजेंसी ⏭ कानपुर

कानपुर में करोड़ों रुपए के फर्जीवाड़े और हवाला नेटवर्क से जुड़े बड़े सिंडिकेट का खुलासा हुआ है। पुलिस ने कथित मास्टरमाइंड महफूज आलम उर्फ पप्पू छुरी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी फरारी के दौरान कोलकाता में एक टीएमसी नेता की पनाह में छिपा हुआ था। चुनाव परिणाम आने के बाद जैसे ही वह कानपुर लौटा, पुलिस ने उसे दबोच लिया।

मामला श्याम नगर चौकी क्षेत्र में हुई 24 लाख रुपए की लूटकांड की जांच के दौरान सामने आया। पुलिस जब लूट की रकम और उससे जुड़े खातों की पड़ताल कर रही थी, तभी करोड़ों रुपए के संदिग्ध लेनदेन का बड़ा नेटवर्क उजागर हुआ। जांच में पता चला कि महफूज आलम ने 16 अलग-अलग बैंकों में 100 से ज्यादा खातों का इस्तेमाल कर करीब 3200 करोड़ रुपए से अधिक का ट्रांजेक्शन किया। पुलिस के अनुसार इनमें से लगभग 1600 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े के सीधे प्रमाण मिले हैं।



### गरीब लोगों के नाम पर खुलवाला था म्यूल अकाउंट

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी भोले-भाले मजदूरों, बेरोजगार युवकों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के नाम पर फर्जी फर्म और बैंक खाते खुलवाता था। आरती इंटरप्राइजेज, राजा इंटरप्राइजेज समेत कई कंपनियों का इस्तेमाल संदिग्ध लेनदेन के लिए किया गया। इन खातों के जरिए हवाला कारोबार, GST फ्रॉड और स्लॉटर हाउस से जुड़े आर्थिक अपराधों के लिंक भी सामने आए हैं।

### टेरर फंडिंग एंगल से भी जांच जारी

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के साले महताब आलम और बेटे मासूम को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल के मुताबिक मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ED), आयकर विभाग, RBI समेत कई केंद्रीय एजेंसियां भी जांच में जुट गई हैं। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की टेरर फंडिंग एंगल से भी जांच कर रही है।

## चिंतन

# बंगाल हिंसा के दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद एक बार फिर हिंसा की आग में झुलसता दिखाई दे रहा है। चुनाव के बाद जिस तरह हत्या, आगजनी, तोड़फोड़ और राजनीतिक प्रतिशोध की घटनाएं सामने आई हैं, वह बेहद चिंताजनक हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर आम जनता कब तक राजनीतिक संघर्ष की कीमत अपनी जान और सुरक्षा से चुकाती रहेगी। चुनाव परिणाम चाहे किसी के पक्ष में आए हों, लेकिन हिंसा किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी हार होती है। जीते या हारे दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इस हिंसा में कई लोग जान गंवा बैठे हैं। इनमें भाजपा के प्रमुख नेता सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रकांत रथ समेत कई लोगों की हत्याएं हो गई हैं। कुल मिलाकर राज्य में डर का माहौल है। बंगाल चुनाव के दौरान या बाद में हिंसा कोई नई नहीं है। अब मुख्य मुद्दा यह है कि चुनाव में विजयी हुई भाजपा ने जनता से जो वादे किए हैं, उन पर खरा उतरे और यह दिखने भी चाहिए। राज्य में केंद्रीय बलों की संख्या बहुत है। साथ ही अब एक तरह से राज्य का पूरा तंत्र भी भाजपा के ही हाथ में है। इससे पहले की देर हो, उसे दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। हिंसा के दोषियों को पकड़कर सख्ती से निपटना चाहिए, ताकि लोग बदलाव महसूस कर सकें। प्रदेश का माहौल शांत हो और विकास कार्य गति पकड़ सकें। राज्य में कानून व्यवस्था में यह बदलाव दिखाई देना चाहिए। एक दो दिन में नई सरकार की ताजपोशी भी हो ही जाएगी। उससे पहले कानून व्यवस्था को पटरी पर लाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। हालांकि यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आम नागरिक को कष्ट नहीं हो और दोषी किसी भी हाल में बचे नहीं। चुनाव आयोग को भी हालात की गंभीरता को देखते हुए 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनानी पड़ी और बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया गया, लेकिन केवल गिरफ्तारी कर लेना पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि हिंसा के पीछे जो लोग हैं, उन्हें राजनीतिक संरक्षण से ऊपर उठकर कानून के दायरे में लाया जाए। वर्षों से राज्य की राजनीति में राजनीतिक वर्चस्व स्थापित करने के लिए हिंसा का इस्तेमाल एक दुर्भाग्यपूर्ण परंपरा बन चुका है। सत्ता बदलती रही, लेकिन राजनीतिक संघर्ष का तरीका नहीं बदला। यही कारण है कि हर चुनाव के बाद तनाव, डर और असुरक्षा का माहौल बन जाता है। यदि नई सरकार शुरुआत में ही उपद्रवियों को सख्त संदेश देने में सफल रहती है, तो इससे भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। यदि कार्रवाई केवल राजनीतिक विरोधियों तक सीमित रही और वास्तविक दोषियों को संरक्षण मिला, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। नेताओं को अपने समर्थकों को संयम और शांति का संदेश देना चाहिए। राजनीतिक लाभ के लिए नफरत और प्रतिशोध की राजनीति अंततः समाज को ही कमजोर करती है। जनता विकास, रोजगार, शिक्षा और बेहतर कानून व्यवस्था चाहती है, न कि भय और असुरक्षा का माहौल। चुनाव खत्म हो चुके हैं, अब समय है कि राजनीतिक दल जनता की आकांक्षाओं को समझें और राज्य को स्थिरता तथा विकास की दिशा में आगे बढ़ाएं। लोकतंत्र की असली ताकत शांतिपूर्ण सहअस्तित्व और कानून के सम्मान में होती है। यदि चुनाव परिणाम के बाद भी लोगों को अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगे, तो यह किसी भी लोकतंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है। इसलिए बंगाल में हिंसा के दोषियों पर सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई होना लोकतंत्र की रक्षा के लिए भी अनिवार्य है।

## उम्मीद

बृजमोहन अग्रवाल



# मोदी की भाजपा बंगाल का पुराना वैभव लौटाएगी

देश का विरोध करते-करते भगवान राम का विरोध करने वालों का यही हश्र होना था। यशस्वी प्रधानमंत्री शनरेंद्र मोदी और चुनावी रणनीति में बेहद चौकन्ने और अब तक के सर्वोच्च कुशल संगठनकर्ता केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की शानदार, दमदार और जानदार राजनयिक जुगलबन्दी ने कश्मीर से धारा 370 को हटाने के बाद अब बंगाल पर विजय हासिल करके देश को चौतरफा विकास की ओर आगे बढ़ा दिया है। भाजपा पश्चिम बंगाल की 293 सदस्यीय विधानसभा में 206 सीटों की जीत के साथ बंग भूमि को प्राचीन काल की तरह और उर्वर बनाने के लिए बेहद पुख्ता ढंग से काबिज हो गई है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की कश्मीर नीति का प्रखर विरोध करते हुए अपनी जान तक गंवाने वाले मां भारती के अजर अमर लाल और पश्चिम बंगाल में ही जन्में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा आज बंगाल में हर तरफ़ भगवा लहराने से संतृप्त हुई होगी। मैं डॉक्टर साहब के अमर बलिदान को याद करते हुए यही कहना चाहूंगा वंदे मातरम, तेरा वैभव अमर रहे मां...अब हम सभी बड़े गर्व से कह सकेंगे कि जहा जन्में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वह बंगाल भी हमारा है। अब गंगोत्री से गंगासागर तक हम सभी को पतित पावनी मां गंगा का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। चुनाव परिणाम बंगाल के लोगों की सामूहिक राष्ट्रीय चेतना का भव्य प्रदर्शन है। यह जीत देश की राजनीति के लिए एक निर्णायक मोड़ है। ये जीत सिर्फ बंगाल की जीत नहीं है, ये पूरे देश की जीत है, ये सनातन की जीत है और घुसपैठ के विरोध की जीत है। यह जीत बंगाल में व्याप्त अनार्की (अराजकता) और कानून-व्यवस्था के समाप्त होने के विरुद्ध जनता का जनादेश है। पिछले 15-20 सालों से बंगाल का विकास रुक गया था और जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर थी, जिससे अब उन्हें मुक्ति मिली है। पश्चिम बंगाल की धरती पर भाजपा की यह प्रचंड विजय केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि उस विचार, उस संकल्प और उस बलिदान की गूंज है, जिसकी नींव अखंड भारत के शाश्वत प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने रखी थी। यह जीत उन सपनों की जीत है, जो उन्होंने एक अखंड, सशक्त और आत्मसम्मान से भरे भारत के लिए देखे थे। यह जीत उस राष्ट्रवाद की जीत है, जिसके लिए उन्होंने हर संघर्ष को स्वीकार किया और अंततः अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी तपस्या, त्याग और बलिदान आज हर कार्यकर्ता की प्रेरणा बनकर खड़ा है। यह विजय जन-जन के विश्वास, समर्थन और लोकतंत्र के प्रति उनकी अटूट आस्था का परिणाम है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से अभिनंदन है, जिनके अथक परिश्रम, निष्ठा और जनसेवा के भाव ने इस ऐतिहासिक जीत को संभव बनाया है। भाजपा के नव नियुक्त अध्यक्ष नितिन नवीन के कुशल मार्गदर्शन से पार्टी को ऐसी सुनहरी जीत मिल सकी है। बूथ स्तर से लेकर प्रत्येक क्षेत्र तक कार्यकर्ताओं ने जिस ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य किया, वही इस सफलता की असली ताकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि आज से बंगाल भयमुक्त हुआ है। पार्टी कार्यकर्ताओं और जन जन में यह विश्वास है कि भाजपा बंगाल को उसका पुराना वैभव देने में अवश्य कामयाब होगी। पहले कांग्रेस फिर वामपंथी दलों और बाद में ममता बनर्जी की अत्याचारी और हिंदू दमनकारी सरकार की वज़ह से कुंद हो चुके हिंदुत्व ने आपसी प्रेम बंधुत्व और भाई चारे के माहौल में अपनी धर्म संस्कृति और संस्कारों के साथ ख़ुशी-ख़ुशी जीना शुरू कर दिया है। बंगाल के हिंदुओं के चेहरे में एक अपरिमित ख़ुशी झलक रही है। सबसे पहले अंग्रेजों ने उर्वर बंगाल की भूमि का विभाजन कर देश की आर्थिक-सामाजिक संस्कृति को चोट पहुंचाई। कालांतर में वामपंथियों ने 34 साल तक पश्चिम बंगाल में शासन किया और नतीजा यह रहा कि जो राज्य कभी देश की राजधानी हुआ करता था और विकसित राज्यों की श्रेणी में था, वह आज नीचे से भी कहीं नहीं रहा। और फ़िर ममता बनर्जी का आतंक सिंडीकेट माफियाओं ने इस राज्य के लोगों के अमन चैन और ख़ुशहाल संस्कृति का सत्यानाश कर डाला। गत 45 साल यहां के धर्मिक और सामाजिक साथ ही मेहनती और लगनशील लोगों की आवाज को इन्हीं तथाकथित प्रगतिशील लोगों ने दबाकर रखा था जो बंगाल चुनाव परिणाम के रूप में साकार हुई है। बंगाल अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कुशल प्रशासनिक ढांचे में सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ साथ धार्मिक संस्कारों में फलीभूत होते हुए फ़िर से अपनी उर्वरता हासिल करते हुए देश को और विकसित करने में अपना शाश्वत योगदान देता रहेगा।

(लेखक रायपुर से भाजपा सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## वर्षगांठ

नरेंद्र मोदी

> सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

# सोमनाथ से मिलती है एकता की सीख

वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं, जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता है। हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा हैः प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा। यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंदपाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी।

ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की। महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की। इसके साथ ही हमारी यह धरती वीर हमीरजी गोहिल, वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों से धन्य हुई है। उनके साहस और बलिदान को आज भी याद किया



जाता है। 1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, ''इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।'' उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया।

भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद, डॉ. प्रसाद ने समारोह में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। मुझे अक्टूबर 2001 का वह समय आज भी अच्छे से याद है, जब मैंने मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभाला था। 31 अक्टूबर 2001 को, सरदार पटेल की जयंती पर गुजरात सरकार ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की 50वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया। 11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप लोगों के जीवन में समृद्धि भी लानी होगी। इसको लेकर उनके संदेश अत्यंत प्रेरणादायी रहे हैं।

पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्रयंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, हमने अपने आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। इसके साथ ही उनकी पारंपरिक पहचान को भी बनाए रखा है। आज बेहतर कनेक्टिविटी से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आ पा रहे हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है, आजीविका सुरक्षित हो रही है, साथ ही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और सशक्त हो रही है। सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर पवित्र सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता के साक्षात दर्शन करें। जब आप सोमनाथ के तट पर खड़े होंगे, तब उसकी प्राचीन प्रतिध्वनियों को अपने भीतर महसूस करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

# बुरा मित्र जानवर से ज्यादा खतरनाक



संकलित

## दर्शन

गौतम बुद्ध कहते हैं कि एक बुरा मित्र किसी जानवर से भी ज्यादा खतरनाक होता है, क्योंकि एक जानवर सिर्फ हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाता है। लेकिन बुरा मित्र हमारे दिमाग को नुकसान पहुंचाता है। गौतम बुद्ध कहते हैं कि जिसे जान-बूझकर झूठ बोलने में लज्जा नहीं, वह कोई भी पाप कर सकता है, इसलिए तू यह हृदय में अंकित कर ले कि मैं हंसी-मजाक में भी कभी असत्य नहीं बोलूंगा। क्रोध को प्रेम से जीतें, बुराई को भलाई से जीतें। यह विचार प्रतिशोध के चक्र को तोड़कर करुणा और क्षमा को अपनाने का मार्ग दिखाता है। गौतम बुद्ध कहते हैं कि हम चाहें कितनी ही अच्छी किताबें पढ़ लें, कितने भी अच्छे शब्द सुनें, लेकिन जब तक उन्हें अपने जीवन में नहीं उतारते हैं, तब तक उसका कोई फायदा नहीं है। गौतम बुद्ध कहते हैं, सभा में, परिषद में और एकांत में किसी से झूठ न बोलें। झूठ बोलने के लिए दूसरों को प्रेरित न करें और न झूठ बोलने वाले को प्रोत्साहन दें। असत्य का सर्वांश में परित्याग कर देना चाहिए। गौतम बुद्ध कहते हैं अतीत पर ध्यान मत दो, भविष्य के बारे में मत सोचो, अपने मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।

# ईश्वर कैसे होते हैं प्रसन्न



संकलित

## प्रेरणा

एक बार दुर्वासा मुनि, देवताओं की नगरी अमरावती में गए। पूरा शहर उत्सव की शोभा से दमक रहा था। दुर्वासा ने वहां उपस्थित नारद से इसके बारे में पूछा, इस उत्सव का क्या कारण है? देवर्षि नारद ने जवाब दिया, आज पूर्णिमा का दिन है। देवताओं के राजा इंद्र, माता अदिति की पूजा कर रहे हैं। उत्सव की वैभवपूर्ण तैयारियों को देखकर दुर्वासा मुनि आश्चर्य चकित हुए। सैकड़ों सुवर्ण थालियों में फूलों को सजाकर मां की पूजा के लिए रखे जा रहे थे। दुर्वासा मुनि इन तैयारियों के बारे में मां को स्वयं बताना चाह रहे थे। वे मां के द्वार पर गए। द्वारपालकों ने मुनि से कहा 'हे मुनिवर! मां बीमार हैं। आप उनसे अभी मिल नहीं सकते। द्वारपालकों की बातों को नजरंदाज कर मुनि सीधे मां के कक्ष में गए, जहां देव माता अदिति शैय्या पर लेटी हुई थीं। मुनि ने देवी से पूछा, 'मां! आप अस्वस्थ क्यों हैं? आप तो इससे परे हैं न?' देव माता ने नारद के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा, 'यह सब देवेंद्र के कारण हुआ है, जो अपनी संपदा के दिखावे के लिए मेरी पूजा स्वर्ण पुष्पों से कर रहा है। उन स्वर्ण पुष्पों से ही मेरे शरीर पर घाव हो रहे हैं। दुर्वासा ने देवी से फिर पूछा, यह बताइए मां, आपका यह रोग कैसे ठीक होगा? मां ने जवाब दिया, वाराणसी के विशालाक्षी मंदिर में एक व्यक्ति है, जो मेरी चिकित्सा करने में समर्थ है। दुर्वासा तुरंत वाराणसी गए।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है– एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। – *गज्जू राम यादव, दुर्ग*

## ट्रेंड

### शासन का मूल्यांकन



हम यहां व्यवस्था का प्रबंधन करने नहीं, बल्कि उसे बदलने के लिए आए हैं। शासन का मूल्यांकन फाइलों की हेराफेरी या प्रस्तुत रिपोर्टों से नहीं, बल्कि प्राप्त परिणामों और बेहतर हुए जीवन से होता है।

- **एन चंद्रबाबू नायडू,** सीएम, आंध्र प्रदेश

### कानून-व्यवस्था



बंगाल में हाल की घटनाएं बेहद दुखद और चिंताजनक हैं। हमारे वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी के एक करीबी सहयोगी की हत्या से कानून-व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। राजनीतिक मतभेदों के बीच हिंसा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### ऑपरेशन सिंदूर



ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर, भारतीय सेना के वीर सैनिकों को हार्दिक सलाम। आपके अद्वितीय शौर्य ने राष्ट्र का सिर गर्व से ऊंचा किया है। आपकी बहादुरी ने उन कायर आतंकवादियों को दिखा दिया है कि हमारे देश पर किए गए घिनौने आतंकवादी हमलों का क्या अंजाम होता है।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### ईडी की रेड



ईडी ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के ओएसडी राजबीर के करीबी सहयोगियों के घरों पर छापा मारा। ईडी को आते देख इन लोगों ने नौवीं मंजिल से नोटों से भरे बैग फेंकना शुरू कर दिया। यही लोग सीएमओ में बैठकर दलाली करते हैं।

- **स्वाति मालीवाल,** राज्यसभा सदस्य

## करंट अफेयर

# शुभेंदु के सहयोगी की हत्या से बंगाल में बढ़ी हिंसा की आशंका



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का नतीजा सत्ता परिवर्तन के रूप में सामने आने के महज 48 घंटे बाद वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी की हत्या ने राज्य को ऐसी स्थिति में धकेल दिया है जहां चुनाव बाद की हिंसा के लोकतांत्रिक परिवर्तन पर भारी पड़ने का खतरा पैदा हो गया है। भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद छिटपुट झड़पों के रूप में जो शुरू हुआ था, वह अब तेजी से एक बड़े टकराव का रूप ले चुका है, जिसमें भय, प्रतिशोध का विमर्श और राजनीतिक रूप से संवेदनशील जिलों में क्षेत्रीय वर्चस्व की लड़ाई शामिल है। बंगाल में अपनी पहली सरकार बनाने की तैयारी कर रही भाजपा के लिए यह हत्या एक चुनौती होने के साथ–साथ एक राजनीतिक अवसर भी है। चुनौती भावनात्मक रूप से आवेशित भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से जवाबी हिंसा को रोकने की है जबकि अवसर भगवा खेमे के लंबे समय से चले आ रहे इस आरोप को पुष्ट करने का है कि तृणमूल शासन के तहत धमकियां, लक्षित हमले और मजबूत स्थानीय सत्ता नेटवर्क बंगाल की राजनीति में हिंसा की संस्कृति को दर्शाते रहे हैं। घटना को 'पूर्व नियोजित' बताते हुए, अधिकारी ने आरोप लगाया कि उनके करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की मध्यग्राम में गोली मारकर हत्या करने से पहले कई दिन तक उनकी रेकी की गई।

## ऑफ बीट

# स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने कार्यबल का दिया प्रस्ताव



नीति आयोग ने देश में स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर कार्यबल गठित करने की वकालत की है। साथ ही रचनात्मक और छात्र केंद्रित शिक्षा के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) को एकीकृत करने का सुझाव दिया है। 'भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली : समयगत विश्लेषण एवं गुणवत्ता सुधार के लिए नीति ढांचा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में आयोग ने स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए 13 सिफारिशें दी हैं। पांच शैक्षणिक सिफारिशों में शिक्षण पद्धति, मूल्यांकन एवं सीखने में बुनियादी बदलाव, समग्र शिक्षा एवं छात्र कल्याण पर जोर, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल एकीकरण की पुनर्कल्पना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) को मजबूत करना और शैक्षणिक नवाचार में एआई का एकीकरण शामिल हैं। इसके अलावा, आठ प्रणालीगत सिफारिशों में समग्र विद्यालयों एवं साक्ष्य–आधारित युक्तिकरण के माध्यम से विद्यालय संरचना में सुधार करना, विद्यालय के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, शासन सुधार एवं प्रशासनिक क्षमता निर्माण करना, विद्यालय की गुणवत्ता पर राज्य व जिला स्तर पर कार्यबलों के जरिये 'समाज के समग्र दृष्टिकोण' को संस्थागत रूप देना तथा स्कूल प्रबंधन समितियों को सशक्त करना शामिल है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# तमिलनाडु में सरकार बनाने में फंसा पेंच, विजय को भी नहीं मिला बहुमत का स्पष्ट आंकड़ा डीएमके ने अलापा स्थिर सरकार का राग, राज्यपाल बोले- शपथ के पहले 118 की संख्या दें

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने डीएमके को नकार दिया और टीवीके को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में मत दिया है। हालांकि अभी तक विजय बहुमत के लिए जरूरी विधायक नहीं जुटा सके हैं। अब डीएमके एक्टिव हो गई है। डीएमके ने कहा कि हमारा प्राथमिक लक्ष्य एक और चुनाव को टालना और एक स्थिर सरकार का गठन करना है। डीएमके ने आपातकालीन निर्णय लेने के लिए एमके स्टालिन को अधिकृत किया है। डीएमके विधायकों को चेन्नई में ही रहने को कहा गया है। राज्यपाल ने 118 का आंकड़ा दिखाने के बाद ही शपथ की इजाजत देने की बात कही है। माकपा ने लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करने की अपील की है। सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते टीवीके को मौका दिया जाना चाहिए।

डीएमके ने आपातकालीन निर्णय लेने स्टालिन को अधिकृत किया

माकपा ने कहा- परंपरा निभाएं और टीवीके को मौका दिया जाना चाहिए

### बहुमत न मिलना जटिल संकट बना


राज्यपाल को समर्थन का पत्र सौंपते एक्टर विजय। गवर्नर ने दी सलाह।

डीएमके ने टीवीके को बहुमत नहीं मिलने को जटिल संकट बताया है। साथ ही पार्टी ने आपातकालीन निर्णय लेने का अधिकार एमके स्टालिन को दिया गया है पार्टी की ओर से अपने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को चेन्नई में ही रहने के लिए कहा गया है। डीएमके ने कहा कि हमारा प्राथमिक लक्ष्य एक और चुनाव को टालना और एक स्थिर सरकार का गठन करना है। हम सांप्रदायिक ताकतों को कोई अवसर नहीं देना चाहते हैं।

### राज्यपाल ने किसी दल को नहीं दिया न्योता

टीवीके प्रमुख विजय ने राज्यपाल से मुलाकात जरूर की है, लेकिन वे उन्हें बहुमत के आंकड़े को लेकर संतुष्ट नहीं कर पाए हैं। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने टीवीके प्रमुख विजय को गुरुवार को समझाया कि उनकी पार्टी के पास सरकार बनाने के लिए आवश्यक समर्थन नहीं है। यही कारण है कि राज्यपाल ने अभी तक किसी भी दल को सरकार बनाने का न्योता नहीं दिया है।

### एआईएडीएमके ने विधायकों को रिसॉर्ट में भेजा

विजय की पार्टी ने कांग्रेस के 5 विधायकों के समर्थन साथ गवर्नर को 112 का पत्र सौंपा है। विजय 2 जगह से चुनाव जीते हैं इसीलिए टीवीके की संख्या 107 हो जाती है। अन्य दलों से बातचीत चल रही है लेकिन इसमें देरी हो सकती है। इस बीच कल देर रात एआईएडीएमके ने अपने विधायकों को पुडुचेरी के एक रिसॉर्ट में भेज दिया है। उसे डर है कि उनके विधायक टूट कर टीवीके को समर्थन देने की बात कर सकते हैं।

### डीएमके के पास 59 तो एआईएडीएमके के पास 47 सीटें

तमिलनाडु में 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव में टीवीके ने 108 सीट जीती हैं और डीएमके ने 59 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि अभी तक टीवीके सरकार बनाने के लिए जरूरी 118 विधायकों का आंकड़ा नहीं जुटा सकी है। हालांकि कांग्रेस ने अपने पांच विधायकों के साथ विजय की पार्टी को समर्थन दिया है, लेकिन यह नाकाफी है। पार्टी को कुछ और विधायकों की जरूरत होगी. तमिलनाडु चुनाव में एआईएडीएमके को 47 और पीएमके को चार सीटें मिली हैं। साथ ही आईयूएमएल, भाकपा, माकपा और वीसीके को दो-दो सीटें मिली हैं. वहीं भाजपा, डीएमडीके और एएमएमके को 1-1 सीट प्राप्त हुई।

## खबर संक्षेप

### फ्लाइट में चहल ने की वेपिंग? वीडियो पर घिरे



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल फिर सुर्खियों में हैं। चहल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें दावा किया गया है कि वह फ्लाइट में वेपिंग कर रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने आईपीएल मैच के दौरान वेपिंग करते दिखे थे जिसके बाद काफी विवाद हुआ था। एक यूजर्स ने स्क्रीनशॉट शेयर किया है।

### माफी मांगें मान, करूंगा मानहानि केसः चुघ



**नई दिल्ली।** पंजाब में हाल के बम धमाकों और सुरक्षा घटनाओं को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ की ओर से वरिष्ठ वकील संकेत गुप्ता ने पंजाब के सीएम भगवंत मान को कानूनी नोटिस भेजा है। सीएम मान ने धमाकों को भाजपा से जोड़कर आपराधिक मानहानि,गलत जानकारी फैलाने का काम किया है।

### एक करोड़ की हेरोइन जब्त 2 नामजद,1 अरेस्ट



**सिरसा।** सीआईए डबवाली ने गांव देसूजोधा हाल डबवाली के वार्ड नंबर तीन में श्री वैष्णो माता मंदिर के समीप रहने वाले गगनदीप अग्रवाल को 521 ग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार किया है। नशा तस्करी के तार सिरसा जेल, बठिंडा के रास्ते दुबई तक जुड़े हैं। शहर थाना पुलिस ने नशा तस्करी में संलिप्त बठिंडा तथा दुबई निवासी दो सगे भाइयों को नामजद किया है।

### 'सरके चुनर': महिला आयोग में पेश हुईं नोरा



**नई दिल्ली।** मार्च में रिलीज हुए अभिनेत्री नोरा फतेही के गाना 'सरके चुनर' पर जमकर विवाद हुआ था। अब गुरुवार को इस मामले में एक्ट्रेस राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुईं। यहां उन्होंने मीडिया से बात कर अपनी सफाई दी।राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्यालय से बाहर निकलते हुए नोरा ने मीडिया से बात कर मामले पर अपनी सफाई दी।

### पंजाब के स्कूलों को दी धमकी, बम से उड़ा देंगे



**जालंधर।** पंजाब के सीएम भगवंत मान शुकराना यात्रा के दौरान जालंधर और फरीदकोट में हैं। दोनों जिलों के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल में सीएम मान और केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू को कार बम से उड़ाने की भी बात लिखी गई है। बीएसएफ चौक के पास एक्टिवा ब्लास्ट के बाद धमकियों ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

## बिहार की सम्राट सरकार ने मंत्रिमंडल का विस्तार किया, 32 नए मंत्री बने

# सभी वर्गों को साधने की कोशिश,11 ओबीसी, 10 जीसी, 7 ईबीसी और 7 एससी को मिली जगह

*पटना के गांधी मैदान में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई*

एजेंसी ▶▶ पटना

गुरुवार को बिहार की सम्राट चौधरी सरकार ने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। सम्राट कैबिनेट में कुल 32 नए मंत्रियों को जगह मिली है। सम्राट चौधरी के सीएम पद की शपथ के साथ ही दो डिप्टी सीएम ने शपथ ली थी। इस तरह सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत कुल 35 सदस्य हो गए हैं।सम्राट चौधरी के कैबिनेट विस्तार में जाति और वर्ग का संतुलन साधने की कोशिश साफ दिखाई दे रही है।

मंत्रिमंडल में जनरल कैटेगरी, ओबीसी, ईबीसी और एससी वर्ग के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। बिहार में सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद से सारे विभागों की जिम्मेदारी उनके और दो उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र यादव के पास थी। गुरुवार को नए मंत्रियों ने पटना के गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पद और गोपनियता की शपथ ली। मंत्रियों को विभागों का बंटवारा अभी किया जाना है।

### गृहमंत्री शाह, राजनाथ समेत कई दिग्गजों ने समारोह में लिया हिस्सा


शपथ ग्रहण का एक दृश्य

बिहार की राजधानी पटना में आयोजित कार्यक्रम में अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने पटना के गांधी मैदान में बिहार सरकार के कैबिनेट विस्तार समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार भी मंच पर मौजूद रहे। उनके बेटे निशांत कुमार को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया।

**एक मुस्लिम जाति को भी जगह मिली**

बिहार के जातीय सर्वेक्षण में राज्य में 214 जातियों के आंकड़े सार्वजनिक किये गये थे। जिन जातियों की संख्या अति-सीमित थी उन्हें संयुक्त रूप से 215वें कोड में दर्ज किया गया था। सम्राट चौधरी कैबिनेट में 18 हिन्दू जातियों और एक मुस्लिम जाति को जगह मिली है।

### सामान्य वर्ग के मंत्री

पिछले बिहार विधान सभा चुनाव में राजपूत समुदाय से सर्वाधिक 30 से अधिक विधायक चुने गये थे। सम्राट कैबिनेट में इसका असर दिखा और जातीय आधार पर देखें तो सर्वाधिक 4 राजपूत नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह मिली है।

- राजपूत समाज से 4 मंत्रीः संजय टाइगर, श्रेयसी सिंह, लेसी सिंह और संजय कुमार सिंह।
- भूमिहार समाज से 3 मंत्रीः डिप्टी सीएम विजय चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और इंजीनियर कुमार शैलेन्द्र
- ब्राह्मण समाज से 2 मंत्रीः मिथलेश तिवारी और नीतीश मिश्रा

### ओबीसी वर्ग से 11 को जगह

- यादव समाज से 2 मंत्रीःरामकृपाल यादव और बिजेंद्र यादव
- कुर्मी समाज से 2 मंत्रीः श्रवण कुमार और निशांत कुमार
- कुशवाहा समाज से 3 मंत्रीः सम्राट चौधरी, भगवान सिंह कुशवाहा और दीपक प्रकाश
- चंद्रवंशी समाज से 1 मंत्रीः प्रमोद चंद्रवंशी
- कलवार समाज से 1 मंत्रीः दिलीप जायसवाल

### अत्यंत पिछड़ा वर्ग को साधा गया

- मल्लाह/निषाद समाज से 2 मंत्रीः रमा निषाद और मदन सहनी
- धानुक समाज से 2 मंत्री :दामोदर रावत और शीला मंडल
- गंगोता समाज से 1 मंत्रीः बुलो मंडल
- तेली समाज से 1 मंत्रीः रामचंद्र प्रसाद
- कानू समाज से 1 मंत्री : केदार गुप्ता
- दलित वर्ग को सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व

### दलित वर्ग से 7 मंत्री शामिल किए गए

- पासवान समाज से 2 मंत्री लखेंद्र पासवान और संजय पासवान
- रविदास समाज से 2 मंत्री नंद किशोर राम और सुनील कुमार
- मुसहर समाज से 2 मंत्री रत्नेश सदा और संतोष कुमार सुमन
- पासी समाज से 1 मंत्री अशोक चौधरी मंत्री

## होमबायर्स धोखाधड़ी मामले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

# गुरुग्राम प्रोजेक्ट से जुड़े मामले में सीएचडी डेवलपर्स और निदेशकों के खिलाफ पांचवीं चार्जशीट दाखिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में हजारों होमबायर्स के साथ कथित धोखाधड़ी और फंड डायवर्जन मामलों की जांच कर रही सीबीआई ने अब गुरुग्राम स्थित हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े मामले में सीएचडी डेवलपर्स लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ अदालत में 5वीं चार्जशीट दाखिल कर दी है। सीबीआई के अनुसार बिल्डर कंपनी और उसके निदेशकों ने आपराधिक साजिश के तहत भोले-भाले घर खरीदारों और निवेशकों को झूठे आश्वासन, भ्रामक प्रचार और आकर्षक वादों के जरिए निवेश के लिए प्रेरित किया। कंपनी ने प्रोजेक्ट समय पर पूरा करने, बेहतर सुविधाएं देने और सुरक्षित निवेश का भरोसा देकर बड़ी रकम जुटाई, लेकिन बाद में खरीदारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। आरोपियों ने निवेशकों का विश्वास जीत आर्थिक लाभ लिया, जबकि हजारों खरीदार वर्षों से घरों का इंतजार कर रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चल रही है व्यापक जांच

सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वह फिलहाल देशभर में दर्ज ऐसे 50 मामलों की जांच कर रही है, जिन्हें माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया था। इन मामलों में विभिन्न बिल्डर कंपनियों और वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों पर होमबायर्स के साथ कथित धोखाधड़ी, फंड डायवर्जन और आर्थिक अनियमितताओं के आरोप हैं। जांच एजेंसी के अनुसार कई मामलों में यह भी जांच की जा रही है कि क्या बैंक और वित्तीय संस्थानों के कुछ अधिकारियों ने बिल्डरों के साथ मिलीभगत कर नियमों की अनदेखी की थी।

### इससे पहले इन बिल्डरों के खिलाफ भी दाखिल हो चुकी हैं चार्जशीट

सीबीआई इससे पहले भी इसी तरह के मामलों में 4 चार्जशीट रुद्र बिल्डवेल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, ड्रीम प्रोकोन प्राइवेट लिमिटेड, जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड और एवीजे डेवलपर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दाखिल हो चुकी है। उनके निदेशकों के साथ-साथ कुछ बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया है।

**होमबायर्स को न्याय दिलाने पर जोरः** सीबीआई ने अपने बयान में कहा कि आर्थिक अपराध, भ्रष्टाचार और आम नागरिकों के साथ होने वाली वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में एजेंसी जवाबदेही तय करने के लिए प्रतिबद्ध है।

राज्य में भाजपा की पहली सरकार का शपथ ग्रहण समारोह कल बिग्रेड परेड ग्राउंड में होगा

# प.बंगाल में भाजपा विधायक दल की बैठक आज, शाह रहेंगे मौजूद

## शुभेंदु अधिकारी का सीएम बनने की संभावना, 30 मंत्री ले सकते हैं शपथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को बिग्रेड परेड ग्राउंड में होगा। केंद्रीय पर्यवेक्षक गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शुक्रवार शाम चार बजे विधायक दल की बैठक में नेता का चयन होगा। यह लगभग तय माना जा रहा है कि शुभेंदु अधिकारी बंगाल में भाजपा की पहली सरकार के मुख्यमंत्री होंगे। शपथ समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एनडीए शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, सहयोगी दलों के अध्यक्ष और वरिष्ठ मंत्री शिरकत करेंगे।

सूत्रों के अनुसार, शनिवार सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री समेत 30 मंत्री शपथ लेंगे। बंगाल की राजनीति और प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव तय हो गया है। राज्य सचिवालय को हावड़ा स्थित नबान्न से हटाकर कोलकाता की ऐतिहासिक राइटर्स बिल्डिंग में स्थानांतरित किया जाएगा। यह कदम केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं माना जा रहा है, बल्कि इसे राजनीतिक और प्रतीकात्मक निर्णय के तौर पर भी देखा जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने पहले भी संकेत दिए थे कि सरकार बनने पर सचिवालय को राइटर्स बिल्डिंग से ही संचालित किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि अंतिम प्रशासनिक व्यवस्था नए मुख्यमंत्री के स्तर पर तय की जाएगी। शुरू में 8 से 10 विभागों को स्थानांतरित किया जा सकता है। बंगाल का सचिवालय अभी नबान्न से संचालित हो रहा था, जिसे वर्ष 2013 में तत्कालीन सरकार ने स्थानांतरित किया था। अब राज्य का प्रशासनिक केंद्र ऐतिहासिक राइटर्स बिल्डिंग में फिर लौटने जा रहा है।

असम में भी नई सरकार की प्रक्रिया तेज हो गई है। सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार को मंत्रिमंडल के साथ राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य को इस्तीफा सौंप दिया। शपथ ग्रहण 12 मई को हो सकता है। समारोह में पीएम मोदी शामिल होंगे। सरमा के नाम की औपचारिक घोषणा विधायक दल की बैठक में की होगी।

वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल हुआ पूरा, राज्यपाल ने संविधान के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया आदेश

# पश्चिम बंगाल में राज्यपाल रवि ने विधानसभा भंग की, ममता बनर्जी अब नहीं रहीं यहां की मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आरएन रवि ने बृहस्पतिवार को राज्य विधानसभा को भंग करने का आदेश जारी कर दिया है। लोक भवन, पश्चिम बंगाल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174(2)(बी) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है।

अब तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी अब पूर्वी राज्य की मुख्यमंत्री नहीं हैं। बनर्जी ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था और लगातार भाजपा पर वोटों की लूट और अनैतिक तरीके से बंगाल चुनाव जीतने का आरोप लगाते हुए अपने पद पर अड़ी रहीं। 294 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा की 207 सीटों पर शानदार जीत के एक दिन बाद, जिसने टीएमसी के 15 साल के निरंतर शासन का अंत कर दिया, बनर्जी ने परिणाम को षड्यंत्रित करार देते हुए जोर देकर कहा था कि उनकी पार्टी चुनाव आयोग से लड़ रही है, भाजपा से नहीं। उन्होंने पद छोड़ने से इनकार करते हुए कहा कि मैं इस्तीफा क्यों दूं? हम हारे नहीं हैं। जनादेश लूटा गया है। इस्तीफे का सवाल ही कहां उठता है? प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने देकर कहा कि मेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि हम जनता के जनादेश से नहीं, बल्कि एक साजिश से हारे हैं। मैं हारी नहीं हूं, मैं लोकसभा नहीं जाऊंगी। उनका लहजा कभी शिकायत भरा तो कभी आक्रामक था। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विधानसभा को 7 मई से प्रभावी रूप से भंग कर दिया गया है। वर्तमान विधानसभा का गठन मई 2021 में हुआ था, जब टीएमसी ने ममता के नेतृत्व में राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की थी। चुनाव के बाद विधानसभा का कार्यकाल पूरा हो गया, जिसके बाद इसे औपचारिक रूप से भंग करने का निर्णय लिया गया। बनर्जी ने मतगणना में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि लगभग 100 सीटें लूटी गई हैं और उनकी पार्टी का मनोबल गिराने के लिए मतगणना की गति जानबूझकर धीमी की गई थी। यह भी आरोप लगाया था कि उन्हें मतगणना केंद्र के अंदर लात मारी गई, धकेला गया और बदसलूकी की गई।जवान मतगणना केंद्रों के बाहर गुंडों जैसा व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने निर्वाचन आयोग पर अपना हमला तेज करते हुए कहा, इतिहास में एक काला अध्याय लिख दिया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त खलनायक बन गए हैं। संविधान विशेषज्ञों के अनुसार, चुनाव हारने के बाद किसी सीएम द्वारा पद छोड़ने से इनकार करने की कल्पना पहले कभी नहीं की गई थी।

## भारत की है यही मांग, अवैध ढंग से रह रहे लोगों का जल्द राष्ट्रीयता सत्यापन करे बांग्लादेश

# अवैध बांग्लादेशियों की घर वापसी को लेकर प्रतिबद्ध भारत, 2860 मामले लंबित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा हाल ही में उनके राज्य में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को लेकर की गई सख्त टिप्पणी पर मचे कूटनीतिक घमासान के बीच गुरुवार को भारत ने भी मामले पर दो टूक अंदाज में अपना रुख साफ करते हुए कहा है कि देश के अंदर अवैध रूप से रह रहे सभी विदेशी नागरिकों को हर हाल में उनके देश वापस जाना पड़ेगा। राजधानी में हुई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में की गई टिप्पणियों के पीछे की रूपरेखा को समझने की जरूरत है। यहां बड़ा मुद्दा इन लोगों के प्रत्यावर्तन का है। मूलरूप से यह वो लोग हैं, जो अवैध रूप से हमारे देश में रह रहे हैं। जिसे देखते हुए हमें बांग्लादेश का सहयोग चाहिए। ताकि सभी को वापस भेजा जा सके।



### सरमा के बयान के मायने

गौरतलब है कि हिमंता बिस्वा सरमा ने एक साक्षात्कार में कहा था कि आधिकारिक माध्यमों जैसे विदेश मंत्रालय के जरिए घुसपैठियों को वापस भेजना मुश्किल होता है। ऐसे में हम इन लोगों को ऐसी जगहों से रात के अंधेरे में सीमा पार भेज देते हैं। जहां बांग्लादेशी बॉर्डर गार्ड की तैनाती नहीं होती है। उन्होंने प्रदेश में हुई एनआरसी का उल्लेख करते हुए कहा कि असम में 17 लाख घुसपैठिए आज भी मौजूद हैं। सरकार उन्हें बाहर करने के लिए संकल्पबद्ध है। सरमा ने ये भी कहा कि अवैध घुसपैठ राज्य की सुरक्षा और असमिया पहचान के लिए सीधा खतरा है। हम किसी को भी सीमा पार से आकर राज्य की मूल आबादी को अल्पसंख्यक बनाने की अनुमति नहीं दे सकते हैं। राज्य की चिंता देश के मुसलमानों को लेकर नहीं है। बल्कि सीमा पार से होने वाली अवैध घुसपैठ को लेकर है।

### यूं सुलझाते नदियों का मसला

एक अन्य सवाल के जवाब में रणधीर ने कहा, भारत और बांग्लादेश आपस में कुल 54 नदियों को साझा करते हैं। हमारे बीच एक संस्थागत द्विपक्षीय तंत्र मौजूद है। जिसके तहत हम अपने सभी जल संबंधी मामलों पर चर्चा करते हैं। इस तंत्र की नियमित अंतराल पर बैठकें होती रहती हैं।

**5 साल से ज्यादा वक्त से लंबित मामले**

*उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में 2 हजार 860 से ज्यादा ऐसे मामले हैं। जिनके संबंध में नई दिल्ली ने ढाका को राष्ट्रीयता सत्यापन को लेकर सूचित किया है। वर्तमान में यह सभी मामले लंबित पड़े हुए हैं। यहां चौंकाने वाली एक बात यह भी है कि इनमें से कई मामले पिछले पांच साल से अधिक समय से लंबित हैं। लेकिन इन सबके बीच भारत की नीति बिलकुल साफ है कि एक बार राष्ट्रीयता का सत्यापन हो जाने के बाद देश में गलत तरीके से रह रहे लोगों को वापस उनके अपने देश जाना ही पड़ेगा। साथ ही निकट पड़ोसी देश की सरकार से भी हमारी यह अपेक्षा है कि वह राष्ट्रीयता सत्यापन की हमारी मांग को जल्द से जल्द पूरा करेगी। जिससे अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों का सुचारू रूप से प्रत्यावर्तन हो सकेगा।*

# क्रिप्टो फर्म कॉइनबेस ने एआई के चलते 14% कर्मचारियों की छंटनी का किया ऐलान

**खबर संक्षेप**

## पेटीएम को 183 करोड़ रुपए का मुनाफा




**नई दिल्ली।** पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस मार्च, 2026 में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 183 करोड़ रुपये का एकीकृत मुनाफा कमाया है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में पेटीएम को 545 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइनबेस ने कहा कि वह अपने 14 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है, क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लोगों के काम करने के तरीके को तेजी से बदल रहा है और कंपनी खुद को अधिक लीन, तेज और एआई-आधारित बनाना चाहती है। कंपनी ने कहा कि प्रभावित कर्मचारियों को उनके पर्सनल ईमेल पर विस्तृत जानकारी भेजी जाएगी, जिसमें उन्हें एचआरबीपी और संगठन के वरिष्ठ नेताओं से बातचीत के लिए आमंत्रित किया जाएगा। कॉइनबेस के सीईओ ब्रायन आर्मस्ट्रांग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'आज मैंने कॉइनबेस के आकार को 14 प्रतिशत तक कम करने का कठिन फैसला लिया है। दो बड़ी चुनौतियां एक साथ सामने हैं और हमें दोनों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।'

■ कंपनी ने सुरक्षा कारणों से कर्मचारियों के सिस्टम एक्सेस तुरंत हटा दिए है

**कंपनी खुद को अधिक लीन, तेज और एआई-आधारित बनाना चाह रही**

### कंपनी के पास आय के विविध स्त्रोत है

सीईओ ने बताया कि कंपनी ने सुरक्षा कारणों से कर्मचारियों की सिस्टम एक्सेस तुरंत हटा दी है। उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि यह फैसला अचानक और कठोर लग सकता है, लेकिन ग्राहकों की जानकारी की सुरक्षा के लिए यह जरूरी कदम है। सीईओ ने कहा कि पहला कारण बाजार की स्थिति है। उन्होंने बताया कि कॉइनबेस अच्छी तरह से पूंजीकृत है, इसके पास विविध आय स्रोत हैं और यह किसी भी आर्थिक चुनौती का सामना करने में सक्षम है।






*कर्मचारियों को दी जाएगी अतिरिक्त सहायता : अमेरिका में काम करने वाले कर्मचारियों को कम से कम 16 सप्ताह का बेस पे (साथ ही हर साल के हिसाब से अतिरिक्त 2 सप्ताह), अगला इक्विटी वेस्टिंग और 6 महीने तक कोबरा बेनिफिट्स दिए जाएंगे। वर्क वीजा पर काम करने वाले कर्मचारियों को अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। अमेरिका के बाहर के कर्मचारियों को भी स्थानीय नियमों के अनुसार इसी तरह का सपोर्ट मिलेगा।*

### एआई आधारित कंपनी के रूप में तैयार किया जाएगा

सीईओ ने आगे कहा कि छोटे और फोकस्ड टीम के साथ काम करने की क्षमता तेजी से बढ़ी है और यह बदलाव लगातार तेज हो रहा है।आर्मस्ट्रांग ने कहा कि कंपनी जानबूझकर और समय रहते बदलाव कर रही है, ताकि कॉइनबेस को एक लीन, तेज और एआई-आधारित कंपनी के रूप में फिर से तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा, 'हमें अपनी स्टार्टअप वाली गति और फोकस पर लौटना होगा, जिसमें एआई केंद्र में हो।'

### नॉन-टेक्निकल टीमें भी अब प्रोडक्शन कोड बना रही

हालांकि, उन्होंने माना कि कंपनी का कारोबार तिमाही दर तिमाही उतार-चढ़ाव वाला रहता है। आर्मस्ट्रांग ने कहा, 'हम इस चक्रीय स्थिति से पहले भी निकलकर मजबूत हुए हैं, लेकिन फिलहाल बाजार कमजोर है और हमें अपनी लागत संरचना में बदलाव करना होगा, ताकि हम अगले विकास चरण के लिए ज्यादा मजबूत बन सकें।' उन्होंने दूसरा बड़ा कारण एआई को बताया। उन्होंने कहा, 'पिछले एक साल में मैंने देखा है कि इंजीनियर एआई की मदद से वह काम कुछ दिनों में कर रहे हैं, जो पहले हफ्तों में होता था। नॉन-टेक्निकल टीमें भी अब प्रोडक्शन कोड बना रही हैं और कई प्रक्रियाएं ऑटोमेट हो रही हैं।'

## उद्योग मंडल फिक्की और केपीएमजी की संयुक्त रिपोर्ट

# बढ़ती लागत के दबाव से निपटने प्रौद्योगिकी को अपना रहा रियल एस्टेट क्षेत्र : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र बढ़ती लागत के दबाव और सख्त नियामकीय अनुपालन के बीच मूल्य श्रृंखला में दक्षता बढ़ाने के लिए तेजी से डिजिटल और डेटा-आधारित माध्यमों (टूल) को अपना रहा है। उद्योग मंडल फिक्की और केपीएमजी की एक संयुक्त रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का रियल एस्टेट बाजार 2047 तक 5,800 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा जो 2025 में 650 अरब डॉलर का था। फिक्की और परामर्श कंपनी केपीएमजी की रिपोर्ट 'भारत के रियल एस्टेट परिदृश्य की पुनर्कल्पना - मूल्य श्रृंखला परिवर्तन में प्रौद्योगिकी की भूमिका' बृहस्पतिवार को यहां जारी की गई।

### अब डेटा आधारित माध्यमों को अपनाया जा रहा

फिक्की द्वारा आयोजित एक रियल एस्टेट शिखर सम्मेलन में जारी रिपोर्ट में कहा गया, ''... यह क्षेत्र अब मूल्य श्रृंखला में तेजी से डिजिटल और डेटा-आधारित माध्यमों को अपना रहा है।''रिपोर्ट कहती है कि भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र परियोजनाओं की योजना, निष्पादन, बिक्री और प्रबंधन के तरीके में संरचनात्मक बदलाव का अनुभव कर रहा है।

**मूल्य श्रृंखला में दक्षता बढ़ाने डिजिटल टूल अपना रहा**

**भारत का रियल एस्टेट बाजार 2047 तक 5,800 अरब डॉलर पहुंच जाएगा**

**वर्ष 2025 में देश का रियल एस्टेट क्षेत्र 650 अरब डॉलर का था**



### रीट व इनवीट से 16 अरब डॉलर की राशि जुटाई गई

इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि रीट (रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट) और इनविट (इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश ट्रस्ट) के माध्यम से 16 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि जुटाई गई है। यह दर्शाता है कि बाजार अब संस्थागत रूप से प्रबंधित, पारदर्शी मंचों की ओर निर्णायक रूप से आगे बढ़ रहा है।

*मैन्युअल की जगह अब डिजिटल समाधान रिपोर्ट कहती है, ''ये कारक बिल्डर को मैन्युअल, प्रतिक्रियात्मक प्रक्रियाओं से हटकर सक्रिय डिजिटल समाधान की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।''अन्य स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का रियल एस्टेट बाजार, जिसका मूल्य 2025 में 650 अरब अमेरिकी डॉलर था, 2047 तक 5,800 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।*

*प्रमुख कारकों को सूचीबद्ध किया गया : फिक्की और केपीएमजी ने इस क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की स्वीकार्यता बढ़ाने के प्रमुख कारकों को सूचीबद्ध किया है। इसमें लागत दक्षता की अनिवार्यता, बढ़ी हुई नियामकीय और अनुपालन अपेक्षाएं, संस्थागत पूंजी की बढ़ती भागीदारी और अधिक जागरूक और सक्रिय घर के खरीदार शामिल हैं।*

### आज के उपभोक्ता पहले से अधिक जानकार

कार्यक्रम के दौरान, स्क्वायर याड्र्स के सह-संस्थापक और मुख्य निवेश अधिकारी (सीआईओ) हितेश सिंगला ने कहा कि भारतीयों के रियल एस्टेट से जुड़ने के तरीके में निर्णायक बदलाव आया है। उन्होंने कहा, ''आज के उपभोक्ता कुछ साल पहले की तुलना में कहीं अधिक जानकार, डिजिटल रूप से जागरूक हैं।

### संपत्ति लेनदेन को अब अलग थलग नहीं देखा जाता

संपत्ति लेनदेन को अब अलग-थलग खरीदारी के रूप में नहीं देखा जाता है। खरीदार अब खोज, वित्तपोषण, सलाहकार सेवाओं, दस्तावेजीकरण और बिक्री के बाद की सेवा तक एक सहज प्रक्रिया की अपेक्षा करते हैं।''

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 114 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



विदेशी कोषों की निकासी तथा वैश्विक अनिश्चितता के बीच बृहस्पतिवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में मामूली गिरावट आई। निवेशकों के सतर्क रुख के चलते सेंसेक्स 114 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स कारोबार के दौरान ऊपर-नीचे होने के बाद अंत में 114 अंक टूटकर 77,844.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 78,384.70 अंक के उच्चस्तर तक गया और 77,713.21 अंक के निचले स्तर तक आया। सेंसेक्स में 671.49 अंक का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। वहीं निफ्टी 4.30 अंक मामूली नुकसान के साथ 24,326.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, टाइटन, सन फार्मा और आईटीसी में गिरावट आई। दूसरी ओर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा स्टील के शेयर लाभ में रहे।

## सोना 600 रुपये मजबूत चांदी 7000 रुपये चढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।** स्थानीय बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, औद्योगिक मांग में सुधार के कारण चांदी की कीमत 7,000 रुपये बढ़कर 2,61,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। यह लगातार चौथा दिन है जब चांदी की कीमतों में तेजी आई है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गयी। बुधवार को सोने की कीमत 2,900 रुपये बढ़कर 1,55,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,55,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। चांदी की कीमत में भी लगातार चौथे दिन तेजी आई और यह 7,000 रुपये बढ़कर 2,61,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गयी। पिछले सत्र में चांदी की कीमत में 3,500 रुपये बढ़कर 2,54,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''अमेरिका-ईरान के बीच संभावित समझौते को लेकर बनी उम्मीदों से कीमती धातुओं के बाजार में सकारात्मक माहौल बना रहा। इससे सोने की कीमतों में तेजी बनी रही।''

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | दिल्ली डिवीजन डिपो के एलएचबी कोचों में आरईबीसी का प्रावधान और संशोधन। |
| निविदा संख्या | 30—विद्युत—6टीआर—कोचिंग—2025—26 |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) | 2,29,16,591.20 / — |
| निविदा फार्म का मूल्य | 0.00 / — |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता /कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | 4,58,300 / — रु. |
| कार्य समाप्ति की अवधि | 06 महीने |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 29.05.2026 15:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 29.05.2026 15:01 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / कोचिंग / दिल्ली |

1534/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता / प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई—टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल अभियंता / पानीपत के अंतर्गत एसएसई / डब्ल्यू / सोनीपत खंड में पुराने प्रकार के क्वार्टर्स G—4, (8 यूनिट KHKN) और G—7, (14 यूनिट RDDE) की मुख्य मरम्मत, छत का प्रतिस्थापन, शौचालय की छत आदि, और पथों की सुविधा तथा सीवरेज प्रणाली में सुधार और कॉलोनी में अन्य विविध कार्य। 2. BZK स्टेशन पर 24 कोचों को समायोजित करने के लिए 350 मीटर से 550 मीटर तक विस्तार के साथ प्लेटफार्म नंबर 1 और 2 को रेल स्तर से उच्च स्तर तक उठाना। 3. सहायक मंडल अभियंता / पानीपत के अंतर्गत एसएसई / डब्ल्यू / सोनीपत खंड में रेल कोच नवीनीकरण कारखाना बरही, उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र में स्टाफ क्वार्टर, सर्विस बिल्डिंग, एडमिन ब्लॉक और फैक्ट्री बिल्डिंग आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक जोन कार्य। |
| अनुमानित लागत | 1. रु.19916466.83/- 2. रु.37390315.33/- 3. रु.17062674.38/- |
| धरोहर राशि | 1. रु.398300/- 2. रु.747800/- 3. रु.341300/- बयाना राशि केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के रूप में होनी चाहिए। नोटः एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015 / सीई—1 / सीटी / 5 / 1 दिनांक 31 / 08 / 2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधी | 1. 12 महीने 2. 12 महीने 3. 12 महीने |
| ई—निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 02.06.2026 को 15.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 02.06.2026 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| सामान प्रकार के कार्य | क्रम संख्या 1, 2, 3 ट्रैक काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

नोटः शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

पत्र संख्या : 128-डब्लू / 280 / निविदा सूचना / 26-27/डब्लू—I (NIT-02-04)

दिनांकः 07.05.2026 1536/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सोनालीका ने अप्रैल की अब तक की सर्वाधिक 16,223 की बिक्री

**नई दिल्ली।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 में अप्रैल की अब तक की सर्वाधिक 16,223 कुल ट्रैक्टर बिक्री के साथ एक मजबूत और रणनीतिक शुरुआत की है और उद्योग में सबसे अधिक मार्किट शेयर में बढ़ोतरी हासिल की है। कंपनी ने जबरदस्त 35.6% की कुल वृद्धि दर्ज करते हुए उद्योग की 27% वृद्धि दर को भी पीछे किया है। सोनालीका ने अपने 30वें वर्ष में किसानों को 'जीतने का दम' देने के अपनी विचारधारा पर कायम रहते हुए, अपनी उन्नत कृषि इनोवेशन द्वारा किसानों की दक्षता और आय क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है। रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और जीएसटी दरों में कटौती द्वारा बढ़ते मशीनीकरण के साथ, भारत की कृषि विकास यात्रा का अगला चरण नई तकनीक वाले उत्पादों और तेजी से काम करने की क्षमता से आगे बढ़ेगा। ऐसे समय में जब ग्रामीण भावना मौसम की अस्थिरता और बढ़ती प्रदर्शन अपेक्षाओं से प्रभावित हो रही है, सोनालीका 19 लाख से अधिक किसानों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में मजबूती से खड़ी है और यह सुनिश्चित करती है कि कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले ट्रैक्टर विभिन्न एप्लीकेशन में निर्बाध रूप से कार्य करें। विश्व के सबसे बड़े एकीकृत ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट और उन्नत अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं द्वारा समर्थित, सोनालीका दमदार और भविष्य के लिए तैयार समाधानों से भारतीय कृषि में बदलाव को आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर अपने विचार प्रकट करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, "ऐतिहासिक 30वें वर्ष में अप्रैल की हमारी अब तक की सर्वाधिक 16,223 कुल ट्रैक्टर बिक्री रही।



## उत्तर रेलवे ने तकनीकी नवाचारों व उन्नत सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ किया

**नई दिल्ली।** बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में ट्रेन संचालन (परिचालन) पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री राजेश कुमार पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस सम्मेलन में प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक मोनिका अग्निहोत्री और सभी मंडलों के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक भी उपस्थित रहे। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित रेल भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने निर्देश दिए कि अगस्त माह से नई प्रणाली पर गाड़ियों की शिफ्टिंग के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस बैठक में रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना एवं श्री रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित थे। वर्ष 1986 में प्रारंभ हुई यह आरक्षण प्रणाली पिछले चार दशकों से देश की रेल टिकटिंग की रीढ़ रही है।

## राशिफल

**मेष** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वाणिज्यिक गतिविधियों के बढ़ने से मांग बढ़ने की उम्मीद**

## देश में बिजली की मांग 5.5% तक बढ़ सकती है : इक्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


औद्योगिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों के निरंतर बढ़ने से 2026-27 में बिजली की मांग 5.0-5.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। 2025-26 में यह वृद्धि केवल एक प्रतिशत रही थी। साख निर्धारण करने वाली एजेंसी इक्रा ने यह बात कही। इक्रा ने बयान में कहा कि संभावित 'अल नीनो' के बीच सामान्य से कम वर्षा के आसार से वित्त वर्ष 2026-27 में कृषि एवं घरेलू क्षेत्रों से भी मांग को समर्थन मिलने की संभावना है। साथ ही उद्योगों तथा इलेक्ट्रिक वाहनों एवं डाटा सेंटर जैसे उभरते स्रोतों से भी मांग बढ़ेगी। देश में तापीय बिजली संयंत्रों का 'प्लांट लोड फैक्टर' (पीएलएफ या क्षमता उपयोग) 2025-26 में मांग में कमी के कारण घटकर 65-66 प्रतिशत रह गया। यह 2026-27 में करीब 65 प्रतिशत पर आ सकता है। नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादन में अच्छी वृद्धि और तापीय क्षेत्र में छह गीगावाट क्षमता वृद्धि की संभावना इसकी मुख्य वजह रहेगी। इक्रा के उपाध्यक्ष एवं सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) अंकित जैन ने कहा कि भारत में तापीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश पर फिर से जोर दिया जा रहा है जबकि नवीकरणीय क्षमता तेजी से बढ़ती जा रही है।



## विंडमिल्स क्राफ्टवर्क्स में स्टैनली जॉर्डन का लाइव शो, बेंगलुरु व हैदराबाद में केनवुड डेनार्ड भी देंगे साथ

**नई दिल्ली।** भारत में अपने विशेष माहौल और अलग अनुभवों के लिए पहचाना जाने वाला विंडमिल्स क्राफ्टवर्क्स, जहां संगीत, विदेशी व्यंजन, क्राफ्ट बीयर और बेहतरीन डिज़ाइन का खूबसूरत मेल देखने को मिलता है, इस मई कुछ खास लेकर आ रहा है। टोटल एन्वायर्नमेंट म्यूजिक फाउंडेशन के तहत चार बार ग्रैमी के लिए नॉमिनेट हो चुके जैज कलाकार स्टैनली जॉर्डन, बहुमुखी और दमदार ड्रमर केनवुड डेनार्ड के साथ लाइव परफॉर्म करेंगे। यह लाइव परफॉर्मेंस 15 मई, 2026 को विंडमिल्स क्राफ्टवर्क्स, हैदराबाद में होगी, इसके बाद 16 और 17 मई, 2026 को विंडमिल्स क्राफ्टवर्क्स, बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। संगीत प्रेमियों के लिए ये शामें खास होने वाली हैं, जहां गहरे सुर, सहज इम्प्रोवाइजेशन और दो शानदार कलाकारों के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिलेगा, जो कंटेम्परेरी जैज को एक जीवंत अनुभव के रूप में पेश करेगा, साथ ही ऐसा माहौल बनाएगा, जहां लोग आराम से बैठकर संगीत का पूरा आनंद ले सकें। स्टैनली जॉर्डन ने अपनी अनोखी दो-हाथों से बजाने वाली 'टच टेक्नीक' के जरिए मॉडर्न जैज को एक नया रूप दिया है। इस खास तकनीक में वे एक साथ धुन, ताल और हार्मनी बजाते हैं, जिससे उन्होंने जैज की भाषा को ही बदल दिया है और दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई है।

## शब्द पहेली - 6219



**बाएँ से दाएँ**


1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

**शब्द पहेली- 6218 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| दिल्ली | 10 | 4 | 6 | 8 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| लखनऊ | 10 | 3 | 7 | 6 |

**ऑरेंज कैप**



क्लासेन
494 रन
हैदराबाद

**पर्पल कैप**



भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

# विश्व कप तीरंदाजी : महिला टीम ने पदक किया पक्का

एजेंसी ▶▶| शंघाई

भारत का तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में बृहस्पतिवार को प्रदर्शन मिला जुला रहा जब महिला रिकर्व टीम ने रिकॉर्ड दस बार की ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में हराकर पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरूष टीम पहले दौर में बांग्लादेश से हार गई।

मिश्रित टीम वर्ग में भारत की चुनौती समाप्त हो गई जब धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत दूसरे दौर में ब्राजील से शूटआफ में 4-5 से हार गए। महिला टीम की सदस्यों दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद ने सेमीफाइनल में कोरिया को 5-1 से मात दी। अब उसका सामना स्वर्ण पदक के मुकाबले में रविवार को चीन से होगा।

**दस बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में हराया**



### महिला टीम ने लगातार तीन मैच जीत फाइनल में किया प्रवेश

पुरूष रिकर्व टीम में तरूणदीप रॉय, धीरज बोम्मादेवरा और यशदीप भोगे थे जिन्हें बांग्लादेश ने 6-2 से मात दी। भारतीय महिला टीम ने लगातार तीन मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने छह तीरों में से चार पर 10 स्कोर किया और सिर्फ दो अंक गंवाकर पहला सेट 58-55 से जीता। दूसरे सेट में मुकाबला 56-56 से बराबर रहा लेकिन भारत ने 3-1 की बढत बना ली।

### भारतीय महिलाओं ने 58-56 से मैच अपने नाम किया

मैच जीतने के लिये अब सिर्फ दो अंक की जरूरत थी और अगला सेट भारत ने 58- 56 से अपने नाम किया। लेकिन कोरिया ने यहां अनुभवहीन टीम भेजी है क्योंकि उसका फोकस चार महीने बाद जापान में होने वाले एशियाई खेलों पर है। कोरियाई टीम में दो नये चेहरे ली युंजी और ओ येजिन थे जबकि मौजूदा विश्व चैम्पियन कांग चाएयंग एकमात्र अनुभवी तीरंदाज थी।

### महिला टीम ने पहले दौर में उजबेकिस्तान को हराया

इससे पहले भारतीय महिला टीम ने उजबेकिस्तान को पहले दौर में 6-2 (53-56, 57-54, 55-54, 55-51) से हराया। क्वार्टर फाइनल में तनावपूर्ण शूटआफ में वियतनाम पर 5. 4 से जीत दर्ज की। पुरूष टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसने पहला सेट 52 . 55 से गंवाया।

### चौथा सेट बांग्लादेश ने 57-53 से जीता

दूसरे सेट में बांग्लादेश ने उसे 54-54 से बराबरी पर रोका। तीसरे सेट में दोनों टीमों का स्कोर 53 रहा। बांग्लादेश की तिकड़ी अब्दुर रहमान आलिफ, राम कृष्ण साहा और मोहम्मद मिशाद प्रधान ने चौथा सेट 57-53 से जीता।

## खबर संक्षेप

### आईपीएल में गेंदबाजों को बारीकी से तैयारी करनी होती है : फ्रेंकलिन



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच जेम्स फ्रेंकलिन ने कहा कि आईपीएल में गेंदबाजों को बल्लेबाजों के आक्रामकता से रन बनाने के तरीकों की गहरी समझ होनी चाहिये। जेम्स ने अपने इस तर्क को पैट कमिंस के उस दांव से जोड़ा जिसमें उन्होंने पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की 'पूल शॉट' खेलने की आदत का फायदा उठाया था। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान कमिंस ने आर्य को आफ स्टम्प के बाहर बाउंसर फेंका और अपर कट की बजाय आर्य ने पूल शॉट खेला जिससे गेंद डीप स्क्वेयर लेग पर खड़े एशान मलिंगा के हाथों में गई। फ्रेंकलिन ने मैच के बाद कहा,'' पैट कमिंस और मुख्य कोच डेनियल विटोरी को काफी बारीकी से जानकारी है और मुझे लगता है कि आईपीएल में बल्लेबाजी इतनी मजबूत है कि हर गेंदबाज को बारीकी से जानकारी होनी चाहिये। खासकर शीर्ष तीन या चार बल्लेबाजों को, विशेष तौर पर पावरप्ले में।''

### बुमराह बहुत ज्यादा चीजें आजमा रहे : उमेश यादव

**नई दिल्ली।** भारत के सीनियर तेज गेंदबाज उमेश यादव का कहना है कि जसप्रीत बुमराह बहुत ज्यादा चीजें आजमा रहे हैं और इसी वजह से इस इंडियन प्रीमियर लीग में उनका



प्रदर्शन लगातार एक जैसा नहीं रहा है जबकि भुवनेश्वर कुमार अपनी स्पष्ट योजना के अलावा पावरप्ले और डेथ ओवर दोनों में अच्छा प्रदर्शन करने की काबिलियत की वजह से कामयाब रहे हैं। भुवनेश्वर आइपीएल के इस सत्र में अभी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए नौ मैच में 17 विकेट लिए हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के बुमराह को इस सत्र में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है और उन्होंने 10 मैच में महज तीन विकेट लिए हैं।

### शीर्ष खिलाड़ी तुमकुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**तुमकुरु (कर्नाटक)।** सभी शीर्ष वरीय खिलाड़ियों के बृहस्पतिवार को यहां अपने एकल मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से तुमकुरु ओपन आईटीएफ डब्ल्यू35 में रोमांचक मुकाबलों के लिए मंच तैयार हो गया।



लिथुआनिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट ने पोलैंड की जुजाना कोलोनस के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 0-6, 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त जुजाना पावलिकोवस्का ने भी भारत की सोनल पाटिल पर सीधे सेट में जीत दर्ज की जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त वैदेही चौधरी और चौथी वरीयता प्राप्त जील देसाई ने अपने मुकाबले जीतकर अंतिम आठ में भारत की मजबूत मौजूदगी सुनिश्चित की। वैदेही हमवतन मधुरिमा सावंत पर 6-2, 6-2 की जीत के दौरान पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं जबकि जील ने जेनिफर लुइखाम को 6-2, 6-3 से हराया।

## आईपीएल : लखनऊ लगातार 6 हार के बाद जीता, प्रिंस को तीन विकेट


# मार्श का शतक, एलएसजी ने डीएलएस पद्धति से आरसीबी को नौ रन से हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने मिचेल मार्श (111 रन) की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत बृहस्पतिवार को यहां बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को डकवर्थ लुईस पद्धति से नौ रन से शिकस्त दी। पिछले मैच में गुजरात टाइटन्स से पराजय झेलने वाली आरसीबी (12 अंक) इस हार से तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका चूक गई और तीसरे स्थान पर बरकरार है।

- बारिश के कारण 19-19 ओवर का मैच खेला गया
- टारगेट को रिवाइज्ड करके 213 रन कर दिया गया

मार्श की 56 गेंद में नौ चौके और इतने ही छक्के जड़ित शतकीय पारी से एलएसजी ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 209 रन का स्कोर खड़ा किया। बारिश के कारण तीन बार हुई खेल रूका जिससे लगभग एक घंटे का विलंब हुआ। इसके बाद एक ओवर की कटौती की गई जिससे मैच 19-19 का कर दिया गया। आरसीबी को 19 ओवर में 212 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। कप्तान रजत पाटीदार (61 रन, 31 गेंद, तीन चौके और छह छक्के) के अर्धशतक के बावजूद आरसीबी की टीम एलएसजी की शानदार गेंदबाजी के सामने 19 ओवर में छह विकेट पर 203 रन ही बना सकी। पिछले छह मैच में हार झेलने वाली एलएसजी इस जीत से अभी टूर्नामेंट से बाहर होने से बच गई और तालिका में 10वें स्थान पर बरकरार है। आरसीबी के लिए पाटीदार के अलावा टिम डेविड ने 17 गेंद में 40 रन, देवदत्त पडीक्कल ने 34 रन, कृणाल पंड्या ने नाबाद 28 रन और रोमारियो शेफर्ड ने नाबाद 23 रन बनाए जिससे टीम 200 रन पार कर सकी। एलएसजी के लिए प्रिंस यादव ने 33 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि शाहबाज अहमद ने भी इतने ही रन देकर दो विकेट लिए। मोहम्मद शमी को एक विकेट मिला। दिग्वेश राठी ने अंतिम ओवर में अच्छी गेंदबाजी की जिसमें आरसीबी को जीत के लिए 20 रन चाहिए थे।




### लखनऊ-209/3 (19)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मिचेल का बेथेल बो हेजलवुड | 111 |
| अर्शिन का पाटीदार बो कृणाल | 17 |
| पूरन का कृणाल बो रसिख | 38 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 32 |
| ऐडन मारक्रम नाबाद | 01 |

अतिरिक्त : 10
कुल : 19 ओवर में तीन विकेट पर 209 रन
विकेट पतन : 1-95, 2-165, 3-194
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-34-0, हेजलवुड 4-0-49-1, कृणाल पंड्या 4-0-31-1, रसिख सलाम 4-0-53-1, सुयश 2-0-21-0, शेफर्ड 1-0-16-0

### बेंगलुरु-203/6 (19)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| जैकब बेथेल का प्रिंस बो शमी | 04 |
| विराट कोहली बो प्रिंस | 00 |
| देवदत्त का एवं बो प्रिंस | 34 |
| रजत का मारक्रम बो शाहबाज | 61 |
| जितेश शर्मा का पंत बो प्रिंस | 01 |
| टिम डेविड का राठी बो शाहबाज | 40 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 28 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 23 |

अतिरिक्त : 12
कुल: 19 ओवर में छह विकेट पर 209 रन
विकेट पतन : 1-9, 2-9, 3-104, 4-106, 5-112, 6-158
गेंदबाजी : शमी 4-0-33-1, प्रिंस 4-0-33-3, मयंक 4-0-50-0, राठी 4-0-50-0, अहमद 3-0-33-2

### दिल्ली व कोलकाता में 'करो या मरो' का मुकाबला आज



**नई दिल्ली।** पेचीदा पिचों पर चकमा खाने वाली या अच्छी पिचों पर बड़ा स्कोर नहीं बचा पाने वाली दिल्ली कैपिटल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के 'करो या मरो' के मुकाबले में घरेलू मैदान पर भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। दस मैचों में आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर काबिज दिल्ली को अब प्लेआफ में जगह बनाने के लिये 16 अंक तक पहुंचने के लिये बाकी चारों मैच जीतने होंगे। वहीं आठवें स्थान पर खड़ी केकेआर को भी बाकी पांचों मैच जीतने होंगे। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि दिल्ली कैपिटल्स का यह मैच किस तरह की पिच पर खेला जायेगा। समझा जाता है कि वरूण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी का सामना करने के लिये दिल्ली बल्लेबाजों की मददगार पिच नंबर छह पर खेल सकती है जिस पर उसने पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाये थे लेकिन जीत फिर भी नहीं मिली थी।

**हॉकी**

# आस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए महिला और अंडर-18 पुरुष टीम घोषित



एजेंसी ▶▶| भोपाल

हॉकी इंडिया ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 से 20 मई तक होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिये 24 सदस्यीय अंडर 18 पुरूष और महिला टीमों का ऐलान किया। चार मैचों की श्रृंखला भोपाल के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर खेली जायेगी।

यह जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले पुरूष और महिला अंडर 18 एशिया कप की तैयारियों के लिये अहम है। टीम का चयन राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के दौरान किया गया जिसमें 42 खिलाड़ियों के समूह में से मैच फिटनेस और तकनीकी कौशल के आधार पर 24 को चुना गया। फॉरवर्ड केतन कुशवाहा अंडर 18 पुरूष टीम के कप्तान होंगे जबकि महिला टीम की कमान स्वीटी कुजूर को सौंपी गई है। पुरूष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा,'' शिविर के बाद हमने 24 खिलाड़ियों को चुना जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के योग्य हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच इस टीम की असल परीक्षा होगी। मैच से हमें अपनी ताकत व कमजोरियों का पता चलेगा

### जूलियन मेथेरेल होंगे एमसीसी के नए अध्यक्ष



**लंदन।** द हंड्रेड फ्रेंचाइजी लंदन स्पिरिट के अध्यक्ष जूलियन मेथेरेल इस साल अक्टूबर से तीन साल के लिये मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अगले अध्यक्ष होंगे जो इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज एड स्मिथ की जगह लेंगे। मेथेरेल पिछले 40 साल से एमसीसी के सदस्य हैं और 2025 एजीएम में सदस्यों से हरी झंडी मिलने के बाद इसकी समिति का हिस्सा बने। स्मिथ ने नये अध्यक्ष के तौर पर उनका नामांकन किया। 1787 में स्थापित एमसीसी प्रतिष्ठित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड का मालिक है और खेल को नियंत्रित करने वाले नियमों का संरक्षक है।

## अंडर-17 महिला एशियाई कप

# इतिहास रचने पर भारत की निगाहें



एजेंसी ▶▶| सुजोऊ (चीन)

एशिया की दो बड़ी टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अब शुक्रवार को यहां एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में लेबनान के खिलाफ 'करो या मरो' वाले मुकाबले में खेलने उतरेगी और उसे पता है कि इस मैच में जीत उसे पहली बार टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह दिला सकती है।

ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया (0-2) और जापान (0-3) से हारने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि भारत को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए अपने आखिरी मौके के रूप में अंतिम मैच में जीत दर्ज करनी होगी। भारत नॉकआउट चरण की दौड़ में बरकरार है क्योंकि वह सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली दो टीम में से एक है।

भारत का गोल अंतर अभी -5 (माइनस 5) है जो ग्रुप सी की टीम फिलीपींस (-13) और चीनी ताइपे (-14) से बेहतर है। ये दोनों टीमें आखिरी मैच के दिन एक-दूसरे से भिड़ेंगी। इसका मतलब है कि अगर भारतीय टीम लेबनान को हरा देती है तो ग्रुप सी की किसी भी टीम को भारत के गोल अंतर को पीछे छोड़ने के लिए बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी।

### लेबनान टूर्नामेंट में पहली बार हिस्सा ले रही

पश्चिम एशिया की टीम लेबनान इस टूर्नामेंट में पहली बार हिस्सा ले रही है और उसने अपने अभियान की शुरुआत जापान से 0-13 की करारी हार के साथ की थी। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-1 से शानदार ड्रॉ खेलकर एक अंक हासिल किया। भारतीय टीम को इस मैच की अहमियत का पूरा अंदाजा है। यह पीढ़ी दो दशकों से भी ज्यादा समय बाद भारत को एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में वापस ला रही है और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की संभावना एक और मील का पत्थर साबित होगी। यह साल भारतीय महिला फुटबॉल के लिए सीनियर, अंडर-20 और अंडर-17 तीनों ही स्तरों पर पहले से ही एक ऐतिहासिक साल रहा है। हालांकि इस साल की शुरुआत में सीनियर और अंडर-20 टीमें अपने वर्ग के टूर्नामेंट में शीर्ष आठ में जगह नहीं बना पाई थीं, लेकिन अब अंडर-17 टीम के पास यह कमाल कर दिखाने का सुनहरा मौका है।

# पेरिस सेंट जर्मेन चैम्पियंस लीग के फाइनल में पहुंची

एजेंसी ▶▶| म्युनिख

पेरिस सेंट जर्मेन ने बायर्न म्युनिख से 1 . 1 से ड्रॉ खेलकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में उस्मान डेम्बेले ने तीसरे ही मिनट में गोल दाग दिया।

- बायर्न म्युनिख से 1-1 से ड्रॉ खेला

हैरी केन ने स्टॉपेज टाइम में म्युनिख के लिये गोल किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसके साथ ही उनकी टीम का एक ही सत्र में बुंडेस्लिगा, जर्मन कप और चैम्पियंस लीग जीतने का सपना टूट गया। गत चैम्पियन पीएसजी ने औसत के आधार पर 6-5 से जीत दर्ज की। उसने पेरिस में पिछले सप्ताह पहले चरण का मुकाबला 5-4 से जीता था। अब उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में आर्सनल से होगा जिसने एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराया और 2-1 से जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। लगातार दो साल खिताब जीतने वाली रीयाल मैड्रिड आखिरी टीम थी जिसने 2016 से 2018 तक खिताब की हैट्रिक लगाई थी।

# सुपर रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज : गुकेश ने सिंदारोव को हराया, सो से ड्रॉ खेला

एजेंसी ▶▶| वारसा

डी गुकेश ने विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले की तैयारियां पुख्ता करते हुए सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में अपने चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को पांचवें दौर में हराया और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेसले सो को ड्रॉ पर रोका। उजबेकिस्तान के सिंदारोव को हराने के बाद गुकेश ने वेसले सो को ड्रॉ पर रोका।

अब उनके छह अंक हो गए हैं जबकि रैपिड वर्ग में तीन राउंड बाकी हैं। सिंदारोव के खिलाफ जीत से उन्हें दो अंक मिले जबकि ड्रॉ से एक अंक हासिल हुआ। सो नौ अंक लेकर अमेरिका के ही हैंस नीमैन के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद ब्लादीमिर फेडोसीव हैं जो एक अंक पीछे हैं। गुकेश, फेबियानो कारूआना, जान क्रिस्टोफ डुडा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के छह अंक हैं। ग्रैंड शतरंज टूर के इस टूर्नामेंट में गुकेश ने अपने फॉर्म के कारण और विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले के अभ्यास पर फोकस करने के लिये मुख्य टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था। रैपिड मुकाबले में उन्होंने चाल दर चाल सिंदारोव को कड़ी चुनौती दी।



**गुकेश को पोलैंड के राडोस्लाव ने हराया था :** दोनों इस दौर से पहले अपने पिछले मुकाबले हार चुके थे। गुकेश को पोलैंड के राडोस्लाव वोज्ताशेक ने हराया जबकि सिंदारोव को अमेरिका के वेसले सो ने मात दी। गुकेश ने 52 चालों के बाद जीत दर्ज की।

## ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान एकदिवसीय श्रृंखला 30 मई से

# पाक के खिलाफ सीरीज के बावजूद आईपीएल के लिए रुकेंगे ऑस्ट्रेलियाई

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बृहस्पतिवार को पुष्टि की कि कप्तान पैट कमिंस सहित उसके खिलाड़ियों को आईपीएल 2026 में अपनी प्रतिबद्धता पूरी करने की स्वीकृति मिलेगी और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ 30 मई से शुरू हो रही तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए छूट दी जाएगी। आईपीएल का लीग चरण 24 मई को संपन्न होगा जबकि टूर्नामेंट का फाइनल 31 मई को खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचने का कार्यक्रम है जो आईपीएल का अंतिम चरण होगा। सनराइजर्स हैदराबाद के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, ''हां, हमें सूचना मिली है कि हमारी टीम में



शामिल ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल के लिए रुकेंगे।''

### ये खिलाड़ी खेल रहे आईपीएल में

*आईपीएल में खेल रहे ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाड़ी जोश हेजलवुड, टिम डेविड (दोनों रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), मिचेल मार्श, जोश इंग्लिस (दोनों लखनऊ सुपर जाइंट्स), जेवियर बार्टलेट, मार्कस स्टोइनिस, कूपर कोनोली (तीनों पंजाब किंग्स), मैथ्यू शॉर्ट (चेन्नई सुपरकिंग्स), मिचेल स्टार्क (दिल्ली कैपिटल्स) और कैमरन ग्रीन (कोलकाता नाइट राइडर्स) हैं।*

**कमिंस व हेड सनराइजर्स टीम का हिस्सा**

*कप्तान कमिंस के अलावा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी सनराइजर्स की टीम का हिस्सा हैं। हैदराबाद की टीम अभी 14 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर चल रही है और प्ले ऑफ में जगह बनाने की प्रबल दावेदार है।*

### दिल्ली व कोलकाता नहीं पहुंची नॉकआउट तो ग्रीन, स्टार्क जाएंगे

इनमें से अगर दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स नॉकआउट चरण में नहीं पहुंच पाते हैं तो ग्रीन और स्टार्क लीग चरण के बाद आईपीएल छोड़कर जा सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स अभी 10 मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है जबकि नाइट राइडर्स नौ मैच में सात अंक के साथ आठवें पायदान पर हैं।

**मार्श व इंग्लिस हो सकते हैं टीम में शामिल**

दूसरी ओर सुपर जाइंट्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं क्योंकि वे नौ मैच में सिर्फ चार अंकों के साथ 10वें स्थान पर हैं। इसलिए मार्श और इंग्लिस भी पहले एकदिवसीय से पूर्व पाकिस्तान में ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हो सकते हैं।




## हरिभूमि के सवाल के जवाब में बोले जायसवाल, यह इलाका 1954 से कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए भारत कर रहा है इस्तेमाल

# लिपुलेख पर भारत ने फिर दिखाया नेपाल को आईना, 1954 से यहां से हो रही यात्रा

### पड़ोसी देश होने के नाते भारत देगा नेपाल को हर संभव मदद, उर्वरक सहायता भी इसमें शामिल है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अगले जून महीने से शुरू हो रही पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के उत्तराखंड में पड़ने वाले लिपुलेख मार्ग को लेकर आपत्ति जताने वाले नेपाल को भारत ने गुरुवार को एक बार फिर से स्थापित तथ्यों को साफ मन से देखने की अपील की है। यहां नई दिल्ली में आयोजित साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता



रणधीर जायसवाल ने लिपुलेख और नेपाल को भारत द्वारा की जा रही उर्वरकों की सप्लाई के मामले को लेकर हरिभूमि द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर हाल ही में मंत्रालय ने एक बयान जारी किया है। लेकिन मैं, यहां यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि लिपुलेख, इस यात्रा से जुड़ा हुआ कोई नया मार्ग नहीं है। बल्कि भारत इसका इस्तेमाल वर्ष 1954 से कर रहा है। ऐसे में नेपाल का इस बाबत किया गया कोई भी दावा उचित नहीं है।

#### एकतरफा बदलाव से नहीं बनेगी बात

उन्होंने कहा, लिपुलेख के अलावा नेपाल ने कालापानी और लिम्पियाधुरा जैसे दो अन्य इलाकों पर भी अपना अधिकार जताया है। यहां खासतौर पर लिपुलेख का मसला उठा है। जिसे लेकर भारत का यही कहना है कि इस जगह से वर्ष 1954 से कैलाश मानसरोवर यात्रा हो रही है। जिससे साफ हो जाता है कि यह कोई नई चीज नहीं है। वहीं, हम लोगों ने अपने बयान में भी बड़ा साफ कहा है कि इस प्रकार से एकतरफा बदलाव की जो बात की जा रही है या नेपाल का ऐसा कोई दावा ठीक नहीं है। जितने मुद्दे हम दोनों देशों के बीच में हैं। उन्हें लेकर हम बैठकर बातचीत करने के लिए तैयार हैं। उसमें अगर सीमा से जुड़े हुए भी कुछ मसले भी आते हैं, तो उन पर भी हम चर्चा करने के लिए तैयार हैं। लेकिन यह एकतरफा दावा करना कि उक्त जगह हमारे अधिकार क्षेत्र में आती है। बिलकुल ठीक नहीं है।

#### नेपाल को होगी उर्वरकों की सप्लाई

रणधीर ने कहा, नेपाल और भारत के बीच बहुआयामी रिश्ते हैं और आदान-प्रदान भी जारी है। बीते कुछ दिनों पहले पश्चिम एशिया संकट के संदर्भ में तेल का विषय उठा था। इस बाबत दोनों देशों के बीच सहयोग को लेकर एक समझौता है। जिसके तहत हम उन्हें तेल दे रहे हैं। उर्वरक को लेकर भी चूंकि भारत, नेपाल के बीच घनिष्ठ रिश्ते हैं। जिन्हें हम और अधिक मजबूत करना चाहते हैं। इसलिए उन्हें उर्वरकों की आपूर्ति करनी है तो वह भी हम करेंगे।

#### इस साल भारत के पास ब्रिक्स की अध्यक्षता

कुछ अन्य प्रश्नों के जवाब में उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत के पास ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता की जिम्मेदारी है। इसलिए हम कई बैठकों का आयोजन कर रहे हैं। जिसमें समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक भी शामिल है। लेकिन इसमें कौन-कौन से देश के विदेश मंत्री आएंगे या बैठक की तारीख क्या होगी? इन तमाम मुद्दों पर मंत्रालय द्वारा उचित समय पर मीडिया से जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भारत यात्रा के बारे में भी सही समय पर जानकारी दी जाएगी। देश में क्वाड शिखर सम्मेलन हो सकता है।

## काला बैकग्राउंड, तिरंगा और सिंदूर की गिरी हुई डिबिया से लिखा ऑपरेशन सिंदूर... पाक को गया सख्त संदेश


### गृह, विदेश और रक्षा समेत अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने भी बदली अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म की मुख्य तस्वीर

# ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर पीएम ने बदली अपनी सोशल मीडिया 'डीपी'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर की गुरुवार को पहली वर्षगांठ के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'एक्स' सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म की 'डीपी (डिसप्ले पिक्चर)' को इस सैन्य अभियान के आधिकारिक लोगो वाली तस्वीर के साथ बदल दिया। जिसके पीछे उनका उद्देश्य इस कार्रवाई के दौरान सशस्त्र सेनाओं को मिली सफलता और उनके प्रति अपनी ओर से विशेष सम्मान प्रदर्शित करना था।

पीएम ने अपने मंत्रिमंडल में शामिल सभी मंत्रियों से भी यह अपील की कि वो अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल की डीपी को बदलकर ऑपरेशन सिंदूर अभियान से जुड़ी तस्वीर लगाएं। जिसके बाद गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने भी अपनी प्रोफाइल पिक्चर बदल डाली।




#### तस्वीर का सार

पीएम ने अपनी एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप की डिसप्ले तस्वीर पर ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर लगाई। जिसमें काले बैकग्राउंड के साथ भारत का राष्ट्रीय ध्वज दिखाते हुए ऑपरेशन सिंदूर लिखा हुआ था। सिंदूर में 'ओ' शब्द को सिंदूर की डिबिया (विवाहित हिंदू महिला की निशानी) की आकृति देते हुए उसे गिरा हुआ दिखाया गया। मतलब साफ है कि प्रधानमंत्री मोदी पड़ोसी दुश्मन देश को कहीं न कहीं साफ शब्दों में यह संदेश दे रहे हैं कि वो कहीं से भी यह न समझे कि भारत का यह अभियान और आतंकवाद के खिलाफ जारी उसकी लड़ाई अब पूरी तरह से समाप्त हो गई है। यह आज भी पहले की तरह जारी है। पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का भारत द्वारा तुरंत मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

#### सेनाओं ने दिखाया अपना दम

गौरतलब है कि पिछले साल इस अभियान के बाद पीएम ने अपनी एक एक्स पोस्ट में लिखा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने अपनी वीरता का प्रदर्शन करते हुए दुश्मन को यह बता दिया है कि जो कोई भी उनके देश के लोगों पर हमला करेगा। उसका वह मिलकर समूल नाश कर देंगी। हर भारतीय नागरिक को अपने देश की सेनाओं पर गर्व है।

#### 9 आतंकी कैंप नष्ट किए

6 से 7 मई 2025 की दरमियानी रात करीब 1 बजे के बाद भारतीय सेना, वायुसेना ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार मौजूद लश्कर, जैश सहित अन्य पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के कुल 9 ठिकानों पर बेहद सटीकता से वार करते हुए उन्हें चंद मिनटों में नेस्तनाबूद कर दिया था। जिसमें 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए थे।

इस कार्रवाई से पाकिस्तान के होश उड़ गए थे और उसने भारत की पश्चिमी सीमा पर बड़ा हमला करने की कोशिश की थी। जिसमें वो सफल नहीं हुआ, सेनाओं ने खासकर वायुसेना ने पाकिस्तान के एक दर्जन से अधिक एयरबेस पर अत्यंत मारक हमला बोला और शत्रु को काफी नुकसान पहुंचाया। जिसके बाद अंत में उसने 10 मई को भारत के साथ युद्धविराम समझौता करने की गुहार लगाई। तभी से यह समझौता आज तक लागू है। साथ ही पाकिस्तान को यह भी बता दिया गया है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता की नीति जारी रहेगी। अगर उसने भारत के खिलाफ कोई गुस्ताखी करने की कोशिश की तो उसे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### अमेरिका की शिकस्त?

## 36 घंटे भी नहीं टिका ऑपरेशन 'प्रोजेक्ट फ्रीडम', होर्मुज स्ट्रेट में फंसे 1600 जहाज

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू करने की घोषणा की जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान की नाकेबंदी को तोड़ना था, जो फरवरी के आखिर में युद्ध शुरू होने के बाद से जारी है। लेकिन ऑपरेशन शुरू होने के लगभग 36 घंटे बाद राष्ट्रपति ने इसे अचानक रोकने की ऐलान कर दिया। इस दौरान अमेरिका के झंडे वाले दो जहाज जलडमरूमध्य से बाहर निकले थे। हालात ये हैं कि लगभग 1,600 जहाज अब भी होर्मुज स्ट्रेट के पास फंसे हुए हैं, शिपिंग कंपनियों को एक महंगी और जोखिम भरी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे दो महीने से ज्यादा समय से पानी के रास्ते से निकलने का मौका ढूंढ रही हैं।



#### सऊदी अरब ने बेस पर यूएस को अनुमति से किया इनकार

मीडिया रिपोर्ट में बताया कि प्रोजेक्ट फ्रीडम की ट्रंप की घोषणा ने खाड़ी में अमेरिका के अहम सहयोगी सऊदी अरब को नाराज कर दिया। सऊदी अरब ने अमेरिका को साफ बता दिया कि वह अमेरिकी सेना को प्रिंस सुल्तान एयरबेस से विमान उड़ाने की अनुमति नहीं देगा। यह वही बेस है, जिसे ईरान ने युद्ध के दौरान निशाना बनाया था। इतना ही नहीं, रियाद ने अमेरिका को ईरान के खिलाफ अभियान के लिए सऊदी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने से भी मना कर दिया।

#### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियान से की बात

फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के साथ बातचीत के बाद एक्स पर लिखा कि मैंने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से बात की है। मैंने बढ़ते तनाव पर अपनी गहरी चिंता जाहिर की और यूएई के नागरिक बुनियादी ढांचे व कई जहाजों पर किए गए अनुचित हमलों की निंदा की। सभी पक्षों को स्ट्रेट से बिना देरी और बिना किसी शर्त के हटा देना चाहिए। हमें स्थायी रूप से उस व्यवस्था को बहाल करना होगा, जिसमें संघर्ष से पहले नौवहन की पूर्ण स्वतंत्रता सुनिश्चित थी।

#### ट्रंप से रोज हो रही बात, ईरान पर हम हर स्थिति के लिए तैयार: नेतन्याहू

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हम अमेरिका में अपने सहयोगियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। मैं लगभग हर दिन राष्ट्रपति ट्रंप से बात करता हूं। हमारी और उनकी टीम भी रोज बातचीत करती है। उन्होंने बताया कि देर रात ट्रंप के साथ उनकी फिर बातचीत तय है। उन्होंने कहा कि ईरान के मुद्दे पर उनका देश हर स्थिति के लिए तैयार है। इजराइल और अमेरिका का साझा लक्ष्य ईरान के संवर्धित परमाणु सामग्री कार्यक्रम को समाप्त करना है।

### भारत सूरीनाम की प्रगति में सहयात्री और भागीदार बना रहेगा : जयशंकर

**पारामारिबो।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत सूरीनाम की विकास क्षमता को पहचानता है और उसकी प्रगति यात्रा में एक भरोसेमंद 'सहयात्री एवं भागीदार' बना रहेगा। दोनों देश व्यापार, पर्यटन, डिजिटल क्षमताओं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सूरीनाम की राष्ट्रपति जेनिफर गीरलिंग्स-साइमन्स से मुलाकात करके मुझे बहुत खुशी हुई। दोनों देश अपने गहरे और दीर्घकालिक संबंधों की पूरी क्षमता को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य और उद्देश्य निर्धारित किए गए। उन्होंने कहा कि भारत और लातिन अमेरिकी तथा कैरेबियाई क्षेत्र के बीच व्यापार वर्तमान में सालाना लगभग 40 से 45 अरब अमेरिकी डॉलर के आसपास है। उन्होंने कहा कि सूरीनाम प्रगति के पथ पर अग्रसर है, हम आपकी विकास क्षमता को पहचानते हैं, हम आपके लिए आगे का मार्ग देखते हैं, और हम आपको आश्वस्त करना चाहते हैं कि हम इस यात्रा में आपके सहयात्री एवं भागीदार हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर केंद्र सरकार पर कांग्रेस का हमला

# जयराम रमेश ने उठाए युद्धविराम, सैन्य नुकसान, चीन और पाकिस्तान को लेकर कई सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के अवसर पर कांग्रेस महासचिव एवं वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला



बोलते हुए कई गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि देश सशस्त्र बलों की उपलब्धियों को सलाम करता है, लेकिन ऑपरेशन से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्यों पर अब तक सरकार ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया है।

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने विस्तृत बयान में कहा कि 10 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर को रोकने वाले युद्धविराम की पहली घोषणा भारत की ओर से नहीं, बल्कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने की थी। उन्होंने दावा किया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप से यह संभव हुआ।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि ट्रंप ने बाद में विभिन्न देशों में सौ से अधिक बार इस दावे को दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कभी सार्वजनिक रूप से इसका खंडन नहीं किया।

#### सीडीएस के बयान का हवाला

कांग्रेस नेता ने 30 मई 2025 को सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान द्वारा दिए गए बयान का भी उल्लेख किया। रमेश ने कहा कि जनरल चौहान ने स्वीकार किया था कि टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को शुरुआती नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि बाद में समीक्षा और रणनीतिक सुधार के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के भीतर सटीक हमले कर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह बयान दर्शाता है कि शुरुआती स्तर पर सैन्य रणनीति में गंभीर चुनौतियां थीं, जिन पर सरकार ने कभी खुलकर चर्चा नहीं की।

#### राजनीतिक सीमाओं के कारण विमान खोए

जयराम रमेश ने 10 जून 2025 को जकार्ता में आयोजित एक सेमिनार में इंडोनेशिया स्थित भारतीय दूतावास के डिफेंस अताशे के बयान का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि उस बयान में माना गया था कि 7 मई 2025 को राजनीतिक नेतृत्व द्वारा तय सीमाओं के कारण भारत को अपने कुछ विमान गंवाने पड़े। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इन संवेदनशील तथ्यों को देश के सामने पूरी तरह पारदर्शिता से नहीं रखा।

#### चीन की भूमिका पर भी सवाल

कांग्रेस नेता ने 4 जुलाई 2025 को उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने पाकिस्तान की कार्रवाई में चीन की "गहरी भूमिका" की ओर संकेत किया था। रमेश के अनुसार चीन ने पाकिस्तान को न केवल हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराया, बल्कि सैटेलाइट इमेजरी और रियल-टाइम टारगेटिंग सपोर्ट जैसी अहम सूचनाएं भी दीं। इसके बावजूद केंद्र सरकार चीन के प्रति "नरम रवैया" अपनाए हुए है। उन्होंने आरोप लगाया कि लद्दाख में पारंपरिक गश्त अधिकारों के नुकसान, रिकॉर्ड स्तर पर चीनी आयात और एफडीआई नियमों में ढील जैसे फैसले सरकार की चीन नीति पर सवाल खड़े करते हैं।

#### पाकिस्तान को अलग-थलग करने में नाकामी का आरोप

कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत द्वारा व्यापक कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैसा अलग-थलग नहीं पड़ा जैसा 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद हुआ था। उन्होंने कहा कि जून 2025 के बाद पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा असाधारण महत्व दिया गया और अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठान ने भी पाकिस्तान की खुलकर प्रशंसा की।

#### कारगिल समीक्षा समिति का भी किया उल्लेख

जयराम रमेश ने 1999 के कारगिल युद्ध का उदाहरण देते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने युद्ध समाप्त होने के तुरंत बाद देश के रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ के. सुब्रह्मण्यम की अध्यक्षता में कारगिल समीक्षा समिति गठित की थी। उन्होंने कहा कि समिति ने "फ्रॉम सरप्राइज़ टू रेकनिंग" शीर्षक से अपनी रिपोर्ट जनवरी 2000 में सरकार को सौंपी थी और फरवरी 2000 में उसे संसद में पेश किया गया था। कांग्रेस का संकेत है कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे बड़े सैन्य अभियान की भी स्वतंत्र समीक्षा होनी चाहिए ताकि भविष्य के लिए सबक लिए जा सकें।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109